॥ ओ३म् ॥

प्रास-पुंज

प्रणेता

नारायण प्रसाद "बेताब"

प्रकाशक

हिन्दी पुस्तक एजेन्सी

१२६, हरिसन रोड, कलकत्ता

प्रथमबार] सं० वि० १९७९ [मूल्य १)

प्रकाशित और मुद्रित

महावीर प्रसाद पोद्दार द्वारा
मुद्रित
वणिक प्रेस
६० मिर्जापुर स्ट्रीट
कलकत्ता

DEDICATED

TO

M. B. Chhapgar Esq.

IN TOKEN OF DEEP AFFECTION

AND

LONG FRIENDSHIP.

"BETAB"

धन्यवाद

मेरे मित्र "माइल" महोदय (श्रीमान् पं० जनेश्वरदासजी जैनी देहलवी) प्रास-मीमांसाको सुनकर कहने लगे कि :--"हिन्दी साहित्यमें अपने ढंगकी यह सबसे पहिली किताब होगी।"

यदि मित्र महाशयका अनुमान सत्य है तो मैं कहता हूं कि यह "नक्शे अव्वल" है इसके बाद जो विद्वान इस विषय पर क़लम उठाएंगे वह हर प्रकारसे "नक्शे सानी" होगा जो इससे कहीं सुन्दर होगा।

यथाशक्ति मैंने इसे ठीक समझकर ही लिखा है फिर भी "सर्वः सर्वं न जानाति" जीवकी स्वाभाविक अल्पज्ञतासे अनेक दोष रह गये होंगे, गुणग्राही पुरुष क्षमा करके कोई लाभ दायक बात देखें तो उसका प्रचार करें और अशुद्ध अंशको शुद्धकर के हिन्दी साहित्यका भण्डार भरें।

उक्त मुन्शी 'माइल' साहिबने इस पुस्तकको कवियोंके कामकी चीज़ बताकर मेरा साहस बढ़ाया; अपूर्णको पूर्ण करनेपर कटिबद्ध किया और काशी निवासी श्रीमान् हाफ़िज़ मोहम्मद यूसुफ़ साहिब "अफ़सूं" ने अपने अमूल्य परामर्शसे मुझे मदद दी अतएव मैं उक्त दोनों सज्जनोंका कृतज्ञ हूं।

विदुषामनुचरः

"बेताब"

ॐ

प्रास-मीमांसा

१—परंम्परीण परिचय

वर्त्तमान हिन्दी साहित्य-महाभारतमें पाँच पांडवोंकी तरह तुकान्तके भी पाँच नाम हैं, अमुक अमुक चरणमें तुक होने, अमुक अमुकमें न होनेसे यह नाम बनते हैं। इन्हें जाननेके लिये पहिले यह जानना उचित है कि प्रत्येक छन्दके चार चरण होते हैं, इनमें पहिले और तीसरे चरणको विषमचरण कहते हैं और दूसरे, चौथेको समचरण। वह पाँचों नाम लक्षण सहित यह हैं:—

१—*सर्वान्त्य*—जिसके चारों चरणोंमें तुक हो। यथा—

> मगर यह दयानन्दने भेद खोला
> नहीं जन्मसे कुछ बिरहमनका चोला
> सुख़न है ये वेदोंके कांटेमें तोला
> अमलसे है छोटा, बड़ा, या मंझोला

२—*समान्त्य विषमान्त्य*—पहिलेका प्रास तीसरेसे और दूसरे का चौथेसे मिले। जैसे—

१ रहें सभासद विविध मत, २ होय न बेड़ा पार
३ कबहु बजत नहिं मधुर गत, ४ जो नहिं मिलत सितार

३—समान्त्य—जिसके सम अर्थात् दूसरे और चौथे चरणमें तुक हो। जैसे—

१ अबलहुके अवलम्बत्तों २ पूर्ण होत है आश
३ सूत सहारा देत जब ४ मोमहु करत प्रकाश

४—विषमान्त्य—केवल पहिले और तीसरेमें प्रास हो। जैसे—

१ दान दिये दिनरात २ विद्या-धन अधिकात है
३ खिंचत खिंचत बढ़ जात ४ जैसे पानी कूपका

५—सम विषमान्त्य—जिसके पहिले चरणका प्रास दूसरेसे और तीसरेका चौथेसे मिले। जैसे—

यहि विधि राम सबहि समुझावा। गुरु-पद-पद्म हर्षि शिर नावा॥
गणपति गौरि गिरीश मनाई। चले अशीश पाय रघुराई॥
(तुलसी)

२—फ़र्माने-फ़ार्सी

उर्दू, फ़ार्सी तुकान्तका वृत्तान्त यह है कि इसका गोरख-धन्धा १५ नियमोंपर निर्भर है, जबतक इन १५ कड़ियोंके फन्दे समझमें न आजाएं, क़ाफ़ियेकी उलझन सुलझ नहीं सकती, बल्के क़ाफ़िया लिखनेवालेका क़ाफ़िया तंग हो जाता है। इन १५ में

६ स्वर और ६ अक्षर* हैं। ६ अक्षर नीचे नक़्शेमें दिये हैं, ६ स्वरोंकी ज़रूरत नहीं हैं।

उक्त नक़्शेसे मालूम होता है कि क़ाफ़ियेके ६ अक्षर ७ मण्ड-लोंमें विराजमान हैं। क, ख, ग, आदि किसी अक्षरका नाम तासीस या दख़ील नहीं है, बल्के अमुक स्थानपर आनेसे दख़ील वग़ैरा नाम होते हैं जैसे दारोग़ा, कोतवाल, जज, किसी व्यक्ति विशेषका नाम नहीं बल्के उस पदपर जो विराजमान होगा वही जज इत्यादि कहलायगा।

* मुक्त स्वरके साथ व्यंजन शब्द लिखना चाहिये था परन्तु उन ६ अक्षरोंमें स्वरोंका निषेध नहीं है और व्यंजन कहनेसे स्वरोंका निषेध हो जाता है इसलिये "अक्षर" शब्द लिखा जाता है जो स्वर और व्यंजन दोनोंमें व्यापक है।

ऊपरके अङ्कोंमें पांचवां और नीचेके अङ्कोंमें पहिला 'रवी' (रकार वकार) है जिससे यह प्रकट होता है कि सरल शृङ्खलानुसार तो रवी पांचवां है परन्तु मूल्यके अनुसार इसका आसन सबसे ऊँचा और गणनामें पहिला है इसलिये पहिले इसीको समझ लेना उचित है, क्योंकि यही प्रासका प्राण या तुकान्तका मूल अक्षर है, यह नहीं तो तुक नहीं, शेष आठ अक्षर शृङ्गार हैं प्राण नहीं।

"रवी" शब्दका अस्ली अन्तिमाक्षर प्रासोंमें स्थायी रूपसे रहता है जैसे :—पातक+स्नातकमें 'क'। घट+पटमें 'ट'। चामर+पामरमें 'र'। मिळता+छिलतामें 'ल' यही अस्ली अन्तिम है 'ता' काल और क्रियाका विकार है रविसे परिचय हो लिया तो अब सिलसिलेवार सबसे भेट कीजिये :—

१—*तासीस*—उस दीर्घ "आ" का नाम है जो रवीके पूर्ववाले लघु अक्षरसे पूर्व हो (देखो मण्डल ३) जैसे—पामर+ चामर के 'पा' और 'चा' (प्+आ= पा, च्+आ= चा) में "आ"

कवि बाध्य नहीं कि सदैव इस प्रवन्धका पालन करे, पामर+ बानर भी प्रास हो सकता है, किन्तु पामर+चामर उत्तम है और यह सामान्य।

२—*दख़ील*—रवीके पूर्ववाले उस अक्षरको कहते हैं जो रवी और तासीसके बीचमें हो (देखो मण्डल २) जैसे पामर+चामरमें 'म' छागल+पागल में 'ग'। परन्तु दख़ील उसी प्रासमें दख़्ल दे सकता है जिसमें तासीस भी हो। यदि तासीस नहीं है, दख़ील

भी दाख़िल न होगा। जैसे चमनका 'म' रविके पूर्व है परन्तु दख़ील नहीं क्योंकि 'म' के पूर्व 'आ' नहीं है।

३–रिद्फ़—दख़ील और रिद्फ़का स्थान एक ही है (देखो मंडल २) यह भी रवीके पूर्व रहता है, अन्तर यह है:—

(क) दख़ील, तासीस दोनों साथ आते हैं और यह तासीसके बग़ैर ही आ सकता है।

(ख) दख़ीलमें सर्व व्यञ्जन और ह्रस्व स्वर आते हैं, इसमें केवल दीर्घ "आ" "ई" "ऊ" आते हैं।

जैसे:— विशालके 'शा' (श्+आ=शा) में-आ

सुशीलके 'शी' (श्+ई=शी) में-ई

त्रिशूलके 'शू' (श्+ऊ=शू) में-ऊ

४–क़ैद—क़ैद्का स्थान भी रवीके पूर्व ही है (देखो मण्डल २) रिद्फ़ और क़ैद्में यह अन्तर है कि उसमें रवीके पूर्व दीर्घ आ, ई, ऊ, आता है इसमें रवीके पूर्व हल् व्यञ्जन होता है। जैसे—पर्व+सर्व, में 'र्'। वत्स+बीभत्स में 'त्'। यह अक्षर स्थायी रहना चाहिये।

५–रवी—इसका वर्णन पहिले ही हो चुका।

६–वस्ल—रवीके बाद जो पहिला अक्षर उसी शब्द्का अंश (अस्ली नहीं किसी विकारसे बना हुआ) होगा उसे "वस्ल" कहेंगे जैसे-निकाला+सँभालामें अन्तका 'आ'। परन्तु रवीके बाद दूसरा शब्द् शुरू हो जायगा तो वो वस्ल नहीं 'रदीफ़' (महाप्रास) माना जायगा। जैसे—निकाल देखो+सँभाल देखो में 'देखो।'

७–*ख़ुरूज*—वस्लके पश्चात् जो अक्षर हो वो ख़ुरूज है जैसे—दर्शनीयमें 'य' मिलता+छिलता में 'आ'

८–*मज़ीद*–ख़ुरूजके पश्चात् मज़ीद आता है। ⎫ इनके उदाहरण
९–*नायरा*–मज़ीद्के पश्चात् नायरा होता है। ⎭ दुर्लभ हैं।

रवीके वाद जो चार अक्षर आते हैं यह स्थायी रूपसे आते हैं, इनका बदलना बड़ा दोष है।

हिन्दी लिपिका गुण, गौरव भी बड़ा ही प्रशंसनीय है देखिये ९ अक्षर बयान करनेके बाद, ६ स्वरोंको बयान करनेकी आवश्यकता ही न रही, इन्हीं नियमोंमें छओं (स्वर भी) लीन हो गये हैं तथापि विषयको अपूर्णताके दोषसे बचानेके लिये लिख देता हूं। वह छः स्वर (हरकाते क़ाफ़िया) यह हैं। याद रहे कि छः नाम स्थान भेदसे होंगे, वर्नः ह्रस्व अ, इ, उ के अतिरिक्त कोई चौथा स्वर नहीं आ सकेगा।

१–*रस्स*—तासीसके आ (अ+अ= आ) में पहिला "अ"

२–*इश्बाअ*—दख़ीलका स्वर जैसे छागल+पागल के 'ग' (ग्+अ=ग) में "अ" शामिल+कामिलकी 'मि' (म्+इ=मि) में 'इ' इसी तरह 'उ' को समझो।

३–*हज़्व*—व्याकरणमें दो सजातीय ह्रस्व स्वर मिलनेसे दीर्घ स्वर हो जाता है, इस नियमको ध्यानमें रखकर, रिद्फ़के बयान में जो विशाल, सुशील, त्रिशूल ये तीन शब्द उदाहरणमें दिये हैं इनमें रिद्फ़ है आ, ई, ऊ, इन तीनोंको यदि ह्रस्व बनाए तो

अ+अ=आ। इ+इ=ई। उ+उ=ऊ बनेंगे; बस इन दो ह्रस्वों में से पूर्व ह्रस्वका नाम "हज़्व" है।

४—तौजीह—तौजीह और इश्बाअमें केवल इतना ही अन्तर है कि इश्बाअ दख़ीलका स्वर है और दख़ील तासीसके साथ आता है; तासीस न होनेसे दख़ील भी नहीं रहता; ऐसी अवस्थामें रवी-के पूर्वका स्वर तौजीह कहलायगा। जैसे शामिल+कामिलमें 'मि' की 'इ' इश्बाअ है परन्तु दिल+मिलमें 'इ' तौजीह है। यह भी स्थायी रहना चाहिये।

५—मज्रा—प्रासमें वस्ल अक्षर होने ही से यह आता है वर्नः नहीं, जैसे "सँभाला" के ल में "अ"

६—नफ़ाज़—यह स्वर अन्तके चार (६, ७, ८, ९, अङ्कोंमें वर्णित) अक्षरोंमें आता है।

३—निज निर्णय

मेरे निश्चयका जो कुछ निचोड़ है वह निवेदन करता हूं :—

अर्थ

प्रास शब्दका अर्थ है "भाला" शस्त्र विशेष, "प्रासस्तु कुन्तः" इत्यमरः। परन्तु मेरा संकेत साहित्य सम्बन्धी—प्रकर्षेणास्यते—अर्थ से है, अर्थात् जो अतिशय रूपसे फेंका जाता है वह प्रास अर्थात् तुक है, इसीको अन्त्य, प्रास, और तुक भी कहते हैं।

अरबी, फ़ार्सी और उर्दू भाषामें इसका पर्य्याय "क़ाफ़िया" है जिसका अर्थ हैं 'पीछे चलनेवाला'। प्रास दिमाग़से कविताकी तरफ़ फेंका जाता है अथवा एकके पीछे दूसरा फेंका जाता है तो क़ाफ़िया पीछे २ चला आनेसे हर विश्रामपर मौजूद है, एक ही बात है। यह है हिन्दू मुसलमानोंके मिलाप काल (सन् १९१९ ई०) में अन्तर जातीय अर्थ मैत्री।

नाम

स्थान भेदसे प्रासके तीन नाम हैं—

१ प्रास २ अनुप्रास ३ महाप्रास

इन तीनों नामोंपर विचार करनेसे मालूम होता है कि मुख्य शब्द 'प्रास' है, उसपर 'अनु' उपसर्ग और 'महा' विशेषण चढ़ा दिये गये हैं। अनु—पश्चात्, सादृश्य, समीप, भाग, हीन, आदि अर्थोंमें आता है और महा, बड़ेका बोधक है।

यह तीनों शब्द (प्रास, अनुप्रास, महाप्रास) अपने अर्थोंके अनुकूल ही व्यवहारमें आते हैं। अक्षरोंकी पुनरावृत्ति, तीनोंमें समान धर्म है, इसी धर्मके आधारपर तीनोंमें प्रास शब्द विद्यमान है परन्तु समान धर्मके अतिरिक्त जो न्यूनाधिक चिह्न हैं वही भेद प्रकट करके तीन नाम बना देते हैं।

तीनों प्रासोंका वर्णन किया जाता है।

अनुप्रास

यह प्रासका छोटा भाई शब्दालङ्कारका एक भेद है इसमें

प्रासकी अपेक्षा कुछ हीनता होती है इसी वास्ते "अनु" का साइनबोर्ड इसके माथेपर लगा हुआ है।

यह महाशय अपने दोनों भाइयोंसे कुछ स्वतंत्र और मुक्त हैं बड़े भाई तो अपने अपने स्थानसे बाहर क़दम नहीं रखने पाते परन्तु यह मुर्शद जहां जी चाहे वहीं अड्डा जमा लेते हैं।

इसके मुख्य भेद ५ हैं—

१—छेक २—वृत्ति ३—श्रुति ४—लाट ५—अन्त्य

विशेष ज्ञानके लिये तो अलङ्कार ग्रन्थ देखिये, यहां दिग्दर्शन मात्र लिखता हूं। स्वरके विना व्यञ्जन वर्णका साम्य ही अनुप्रास है। यथा चतुर्थांश मनहरण

"चंचरीक चक्रवाक चकी चकवा चकोर"

मोर शोर करत हैं निज निज बोली में।

और भी— गदरा गया गोरा गात।

महाप्रास

निवेदन करना उचित है कि "महाप्रास" यह मेरा कल्पित नाम है। इसके घड़नेकी ज़रूरत मुझे इसलिये हुई कि संस्कृत ग्रन्थोंमें इस–रदीफ़–का उल्लेख कहीं नहीं है या कमसे कम मुझे नज़र नहीं आया। हिन्दी कवितामें इसका अधिक काम पड़ता है। संस्कृत श्लोकोंमें तो रदीफ़ क्या, क़ाफ़िया ही नदारद है

दहनका ज़िक्र क्या यां सर ही ग़ाइब है गरीबांसे

(ग़ालिब)

इस अभावका कारण संस्कृत भाषाका स्वभाव, निज माधुर्य और सौन्दर्य्य ही है, जैसे रूपवती रमणीको आभूषणोंकी अपेक्षा नहीं रहती ऐसे ही संस्कृत साहित्य इन० अल्पालंङ्कारोंका ऋणी नहीं हैः—

नहीं मोहताज ज़ेवरका जिसे ख़ूबी ख़ुदाने दी
फ़लक पर खुशनुमा लगता है देखो चाँद बे गहने

यदि कोइ विद्वान रदीफ़का पर्य्याय बता देंगे तो मैं द्वितीया-वृत्तिमें संशोधन कर दूंगा।

फ़ार्सी रदीफ़ और क़ाफ़िये का पर्य्याय "छन्दः प्रभाकर" में अन्त और उपान्त दिया है परन्तु वह ठीक नहीं है उसमें लिखा है कि "अन्त रदीफ़, उपान्त क़ाफ़िया" परन्तु संस्कृत ग्रन्थोंमें क़ाफ़ियेका पर्य्याय "उपान्त" नहीं "अन्त्य" है और वह अनुप्रास-का भेद "अन्त्यानुप्रास" माना है

व्यञ्जनं चेद्यथावस्थं सहाद्येन स्वरेण तु
आवर्त्यतेऽन्त्य योज्यत्वा दन्त्यानुप्रास एवतत्
साहित्य दर्पण दशम परिच्छेद श्लो० ६

इसके उदाहरणमें यह पद्य दिया है।

केशः कास—स्तवक विकासः
कायः प्रकटित करभ—विलासः

यहां विकास+विलास पादान्त्य खुला हुआ क़ाफ़िया है, परन्तु श्रीमद्भानुजीके कथनानुसार इसे रदीफ़ कहना चाहिये क्योंकि रदीफ़ सदैव अन्त्य होती है, हां जहां रदीफ़ नहीं होती

केवल क़ाफ़िया ही होता है तो वह रदीफ़का क़ायम मुक़ाम होता है ऐसी अवस्थामें 'उपान्त्य' शब्द (क़ाफ़ियेका बोधक) भ्रमोत्पादक हो जायगा, जैसे:—

कहि न जाय कछु *नगर* विभूती।
जनु इतनी *बिरंचि* करतूती॥ (तुलसी)

यहां "नगर" और "बिरंचि" उपान्त्य हैं परन्तु तुक नहीं। यदि विभूती और करतूती पर ध्यान दें—जो वास्तविक तुक हैं—तो छन्दः प्रभाकर कथित लक्षणानुसार अन्त्यको रदीफ़ कहेंगे न कि क़ाफ़िया, और इस चौपाईमें रदीफ़ है ही नहीं। सारांश यह कि छन्दः प्रभाकरके लक्षणमें अव्याप्ति और अतिव्याप्ति दोनों दोष हैं अतः मान्य नहीं।

एक या अनेक शब्दोंका चरणके अन्तमें ज्योंका त्यों बारबार आना महाप्रास है जैसे शरीरसे। तीरसे। समीरसे। रघुवीरसे। आदिमें "से" या—प्यार किया करते हैं। विचार किया करते हैं। में "किया करते हैं" यह अपरिवर्तनशील और चिरस्थायी होता है। लक्षणमें, चरणके अन्तमें आना कहा गया है अब यह बात अलग है कि सम चरणके अन्तमें हो या विषमके अथवा दोनोंके।

प्रास

प्रास, स्वर व्यञ्जनका ऐसा मिश्रित पिण्ड है जिसका अन्तिमांश स्थायी और आदिमांश परिवर्तनशील है। जैसे:—

नीर। वीर। तीर। चीर। आदिमें "ईर" स्थायी और न्, व्, त्, च्, परिवर्तनशील हैं। नल। दल। जल में न, ज, द, परिवर्तनीय और लकार स्थायी है। अमलके साथ विमलको प्रास करना अशुद्ध है,

क्योंकि इसमें "शायगां" नामका दोष आ पड़ा है 'मल' शब्द दोनोंमें एकही अर्थ वाला है (विशेष दोषके बयानमें देखिये) हां कमल+अमल प्रास शुद्ध है क्योंकि यहां 'मल' एकही अर्थमें नहीं है। कमल+जलको भी प्रास कर सकते है क्योंकि लकारके पूर्व दोनोंमें अकार है। कमल+विमल भी प्रास हो सकेगा इनमें दोनों जगह 'मल' होते हुए भी एकही अर्थ नहीं है कमल एकही शब्द है, विमल वि उपसर्ग पूर्वक मल मिश्रित है तो यहां लकार-के पूर्व अकार हीसे प्रयोजन है मलके पूर्व (अ, इ) से नहीं

तात्पर्य यह कि—

स्थायी अंशके पूर्व जो स्वर हो उसे बदलना न चाहिये

यद्यपि इसके विरुद्ध उस्तादोंके कलाममें स्थायी अंशके पूर्व स्वर बदल जानेकी मिसालें मौजूद हैं

करते हो शिकवा तुम सुहागके वक्त।
भैरवी गाते हो विहागके वक्त॥ (दाग़—यादगारेदाग़)

बक़द्रे हुनर जस्त वायद महल
बुलन्दीओ नहसी मजो चूं ज़ुहल (सादी—बोस्तां)

परन्तु ये अपने अपने स्थानमें शुद्ध हैं, क्योंकि उस्ताद दाग़के शेरमें फ़ार्सी क़ायदेसे रवी और रिद्फ़ क़ाफ़ियेके दो अक्षर (ग, रवी और उसके पूर्व अ (अलिफ़) रिद्फ़) विद्यमान हैं, रिद्फ़का पूर्व स्वर सजातीय 'अ' भी मौजूद है बस फ़ैसिला हुआ, इसके पूर्व कुछ हो उससे प्रयोजन नहीं। महात्मा सादी ने जो महल+ज़ुहल लिखकर 'हल' अंशके पूर्व-स्वरको बदला है उसे कमल+विमलके समान समझिये।

अब वक्तव्य यह है मैं जो कह रहा हूं कि "स्थायी अंशका पूर्व स्वर न बदला जाय" यह तो फ़ार्सी क़ायदेसे अलग एक नया नियम पेश करता हूं इसका अर्द्ध-समर्थन तो फ़ार्सी भी कर रही है देखिये हरकाते-क़ाफ़ियामें "तौजीह" की आज्ञा क्या है? यही कि "रवीके पूर्व स्वरका बदलना अशुद्ध है" तात्पर्य निकल आया कि स्थायी अंशका पूर्व स्वर न बदला जाय क्योंकि रवी सदैव स्थायी होता है। मैं इसमें विशेषता यह चाहता हूं कि रवीके पूर्व और भी कोई अक्षर स्थायी हो तो उसका भी स्वर न बदला जाय इस रीतिसे लिखा हुआ प्रास हिन्दी या फ़ार्सी किसी वर्तमान क़ानूनके खिलाफ़ नहीं हो सकता बल्के सौन्दर्य अधिक हो जाता है, देखिये :—

चमन+समन+दमन अच्छे मालूम होते हैं? या
गमन+सुमन+चिमन ?

इसके उपरान्त बीस बातें याद करनेकी आवश्यकता नहीं केवल एक दोहा याद रखिये बस क़ाफ़ियेकी मंज़िल आसान हुई, वह

दोहा यह है—*अचल अंशके पूर्वका स्वर रख अचल नितान्त*

कर्णमधुर, सुन्दर, ललित हो निर्दोष तुकान्त (बेताब)

यथामति सिद्धान्तोंका इत्र निकाल कर रख दिया है सूंघें न सूंघें आपकी इच्छा।

यदि दो या अधिक चरणोंमें एक ही शब्दका प्रयोग बारबार किया जाय तो उस शब्दका अर्थ अलग अलग होना चाहिये वर्नः उसकी गणना दोषोंमें होगी, यदि अर्थ अलग अलग है तो फिर गुण (यमकालङ्कार) है। जैसे अत्रि ऋषिकी पत्नी अनसूयाको वसन्तोत्सव मनाते हुए गृहस्थ कुलाङ्गनाएँ एक मोतियोंका हार भेट करती हैं और वह इंकार करके वापस करती हुई कहती है

तुमको शोभा देत है रंग, किलोल, विहार

मुझे हार में हार है, तुमको हार बहार

फिर स्त्रियां वह हार अनसूयाके गलेमें जबरदस्ती डालकर कहती हैं:—

गले पड़ा यह आपके हुआ उचित व्यवहार

आप विमुक्ताहार हैं यह है मुक्ताहार (बेताब)

और भी:— तबीअत वहीं मूलशङ्करकी बदली १

मिटे कुफ्र बस दिलसे यह शर्त बद ली २

कुल्हाड़ी पये नख्ले-अतवारे-बद ली ३

हुई सरबसर शिर्क की दूर बदली ४

(बेताब)

१—बदली—बदल गई, कुछसे कुछ हो गई

२—बदली—प्रतिज्ञा करली

३—बदली—कुप्रथा रूपी वृक्षोंके लिये कुल्हाड़ी सँभाली

४—बदली—घटा

जिस पद्यमें प्रास और महाप्रास दोनोंका व्यवहार हो उसमें प्रासवाला शब्द ऐसा आ पड़े जिसका पूर्वार्द्ध प्रास और उत्तरार्द्ध महाप्रास बन जाय तो यह रूप पद्यके गौरवको बढ़ाता है जैसेः—रावण कैलास पर्वतको जड़से उखाड़कर समुद्रमें फेंकना चाहता है परन्तु शङ्कर-प्रतापके सामने उसका ज़ोर नहीं चलता तो लज्जित होकर कहता है

बुरा हो इस घड़ीका, इस समयका, ऐसे अवसरका
महासागर बना पायाब जल सामान्यसे सरका
पसीना भी तो पहुंचा बहके एड़ीतक मेरे सरका
मगर अफ़सोस इसपर भी न पर्वत बालभर सरका

(बेताब)

चौथे चरणके "बालभर सरका" में सरका दो टुकड़े होकर पूर्वार्द्ध "सर" प्रास है और उत्तरार्द्ध "का" महाप्रास

प्रासके मुख्य दो भेद हैं "उत्तम" और "सामान्य"। फ़ार्सीमें इनका नाम "अहसन" और "वाजिब" है। किसी किसी ग्रन्थकारने एक तीसरा भेद "निकृष्ट" भी लिखा है परन्तु वह इतना निकृष्ट है कि मैं उसे प्रास-पंक्तिमें बिठाकर नियमको निकृष्ट करना नहीं चाहता।

१— उत्तम प्रासमें स्थायी अंश जितना बड़ा होगा उतना ही उत्तम और कर्ण मधुर होगा जितना कम होगा उतना ही कम। परन्तु कमसे कम दो व्यञ्जन (स्वरोंके साथ) स्थायी अवश्य हों जैसे: — पागल+छागल। हमीर+समीर। मोचन+लोचन। परन्तु कुमार+चमार उत्तम नहीं है। हां निधान+अभिधान उत्तम है। यदि तीन या चार व्यञ्जन, स्वर सहित स्थायी हों तो क्या कहना है जैसे दर्पण+अर्पण।

२— सामान्यमें उक्त प्रबन्धकी आवश्यकता नहीं, केवल जिस अक्षर (स्वर सहित व्यञ्जन अथवा केवल स्वर) पर प्रास समाप्त हो वह अक्षर और उसके पूर्वका स्वर स्थायी रहना चाहिये, जैसे रानी+पानी। ढोल+पोल। ढोल+पुल अशुद्ध। मार+प्यार=शुद्ध। मोर+मार अशुद्ध। अति+कुमति=शुद्ध। लंका+शंका=शुद्ध। सुमन+यौवन=शुद्ध। परन्तु मादक+कन्दुक अशुद्ध है। कहीं कहीं क़ाफ़िया केवल "अ" को छोड़कर एक स्वरपर—उसमें मिले हुए व्यञ्जनकी परवा किये बगैर भी—समाप्त किया जाता है जैसे चला+मिटा+बुझा+बुरा आदि, बदी+छुरी लगी+ घड़ी इत्यादि, ऐसे प्रासमें अन्तिम स्वरके पूर्व जो व्यञ्जन है (चलामें ल, छुरीमें र, लगीमें ग,) वह जरूर बदलना चाहिये वर्नः चला+घुला, छुरी+हरी=ग़लत हैं। उर्दूमें ऐसे प्रासका प्रचार दूसरे भेदोंके समान ही है परन्तु इस प्रकारके प्रासोंपर कँगाली-सी बरसती है।

३— कवि स्वतन्त्र है कि चारों चरणोंमें—अथवा छन्दानुसार

दो चरणोंमें—उत्तम प्रास लिखे चाहे सामान्य, परन्तु एक प्रकार स्वीकार करनेके बाद दूसरे प्रकारपर हाथ डालनेकी स्वतन्त्रता उसे नहीं है, उत्तम लिखते लिखते बीचमें कोई सामान्य लाना अथवा सामान्यमें उत्तम लाना दोष है।

ध्यान रहे कि उत्तम और मध्यम एक दूसरेकी अपेक्षासे पहचाने जाते हैं, अकेला कोई प्रास हो, नहीं कह सकते कि किस श्रेणीका है।

स्थान

अनुप्रास—चरणके मध्यमें कहीं भी आ सकता है।

महाप्रास—यदि होता है तो चरणोंके अन्तमें ही होता है।

प्रास—महाप्रासकी मौजूदगीमें उपान्त्य, वर्नः अन्त्य।

इसपर शंका हो सकती है कि "साहित्य दर्पणमें तो—

""एष च प्रायेण पादस्य पदस्य चांते प्रयोज्यः।""

अर्थात् पादान्त और पदान्त दोनों जगह लिखा है तुम अन्त या उपान्त में ही कहते हो, पद उपान्तसे पहिले हर जगह आता है" इसका समाधान यह है कि प्रास मध्यमें भी लालित्य बढ़ानेको आ सकता है जैसे त्रिभङ्गी छन्दके प्रत्येक चरणमें मध्यवर्त्ती प्रास मज़ा देता है—यथा

कलहंस विचारे, कुण्ड-किनारे, पंख पसारे, डोलत हैं।
शुक शोक विनाशक, मोद प्रकाशक, बोल विलाशक बोलत हैं॥
सबश्रम संकट दुख; होत जात सुख, जब कोकिल मुख खोलत हैं
सुन तोतातोती, को चख होती, श्रोता मोती रोलत हैं॥

परन्तु ऐसे प्रासका पूर्व या उत्तर चरणोंसे कोई सम्बन्ध नहीं, सम्बन्ध पादान्तमें ही हो सकता है इसी वास्ते पदान्त गौण और पादान्त मुख्य प्रास है।

तुलनात्मक विचार

हिन्दीभाषाको धन धाम, माधुर्य सौन्दर्य, शब्दागार, भाव भाण्डार, वीरादिरस, उपमा उत्प्रेक्षा, रूपकादि अलंकार, मुग्धा, मध्या, प्रगल्भादि नायिका भेद, यह जो कुछ सम्पत्ति मिली है वह संस्कृत मातासे मिली है, हां दूसरी भाषा नाम होनेसे शैलीमें कुछ अन्तर हो गया है। संस्कृत वाक्योंमें क्रियापद स्वतन्त्रता पूर्वक आगे पीछे प्रत्येक स्थानमें आते और वाक्यका लालित्य बढ़ाते हैं

अयमाचरत्यविनयं मुग्धासु तपस्विकन्यकासु। (शाकुन्तले)

वाचं न 'मिश्रयति' यद्यपि मद्वचोभिः
कर्णं 'ददात्य' वहिता मयि भाषमाणे
कामं न 'तिष्ठति' मदानन सम्मुखीयं
भूयिष्ठमन्य विषया न तु दृष्टिरस्याः। (शाकुन्तले)

'नमामि' भत्सोश्चरणाम्बुज द्वयं० (कादम्बरी)

'संभवामि' युगे युगे (गीता)

इसके विरुद्ध हिन्दी भाषामें क्रिया पदोंका अन्तमें ही आना बोलचालके अनुसार माना जाता है। यदि हम इस अंशमें संस्कृतका अनुकरण करें तो बोलचालका मज़ा किरकिरा हो जाय। हिन्दी कविता और कवि की उच्चता भी इसीमें है कि

रोज़मर्रा, बोलचाल बिगड़ने न पाय। यथा संभव दूरान्वय न हो। सरलान्वयकी चेष्टा की जायगी तो कवि क्रियापद अन्तमें ही लानेके लिये बाध्य होगा और क्रियापद प्रायः रदीफ़ और क़ाफ़ियेका ही स्थान लेते रहेंगे। यदि यही बाधा संस्कृत कवियोंके सामने होती तो वह रदीफ़ क़ाफ़ियेके नियम भी अवश्य बना देते। इस कमीको मैं "कमी" नहीं किन्तु "व्यर्थ-बाधा-विसर्ज्जन" कह सकता हूं। पतीलीमें होता तो थालीमें आता, न वहां था न यहां आया, इसलिये हिन्दीमें प्रास, महाप्रासकी व्याख्या कुछ न्यूनताके साथ हो तो आश्चर्य नहीं।

इस मीमांसाके "परम्परीण परिचय" में (पृष्ठ १) अन्त्यके सम्बन्धमें जितना लिखा गया है उससे इतना ही ज्ञान होता है कि दूसरे और चौथे चरणमें प्रास होगा तो यह नाम होगा, चारों चरणोंमें होगा तो यह नाम होगा इत्यादि और बस, परन्तु यह मालूम नहीं हो सकता कि प्रास है क्या चीज़। उसका निर्दोष स्वरूप क्या है? बनानेका नियम और शुद्धाशुद्ध जांचनेकी कसौटी क्या है? अस्तु।

द्वितीय रीति है "फ़र्माने—फ़ार्सी" (पृष्ठ २) इसमें पूर्ण व्याख्या है परन्तु विद्यार्थीके लिये विस्तार–भार अधिक है।

तृतीय रूप है "निजनिर्णय" (पृष्ठ ७) आत्मश्लाघा नहीं किन्तु यथार्थ बात यह है कि फ़ार्सीके १५ नियम इसके 'उत्तम' और सामान्य दो ही रूपोंमें समा गये हैं, इस सूत्र-सङ्कलनमें हिन्दी लिपिका ही महत्व समझिये; हां वर्णनका ढङ्ग बुरा भला

जो कुछ है मेरा मन माना है। आशा है कि न्यायी नेत्र अवश्य इस गागरमें सागर देख सकेंगे।

प्रासके दोष

निज निर्णय लिखित नियमोंके अनुसार प्रास लिखा जाय तो दोषोंका आना सम्भव ही नहीं है तथापि फ़ारसी विद्वानोंके मतानुसार संक्षेपमें दोषोंका वर्णन भी किया जाता है।

१—सिनाद—रवीके पूर्व दीर्घ स्वर (अर्थात् रिदुफ़के स्वर) का विरोध, जैसे विशाल+सुशील। यह दोष आजकल किसी सामान्य कविकी कवितामें भी दिखाई नहीं देता, हो तो प्रास अशुद्ध है।

२—इक़वा—रवीसे पहिला व्यञ्जन तो वही रहे परन्तु उसका ह्रस्वस्वर बदल जाय जैसे कम्बल+सम्बुल। रुधिर+मधुर। व्यञ्जन और स्वर दोनों बदलनेसे भी यही दोष रहता है जैसे मासिक+चातक।

३—इक्फ़ा—स्वयं रवी अक्षरका बदल जाना जैसे प्रकाश+माष। हिन्दीमें केवल श, ष ही ऐसे व्यञ्जन हैं जिनका उच्चारण अलग होते हुए भी एक सा ही प्रतीत होता है, परन्तु उर्दूमें अधिक अक्षर ऐसे ही हैं जिनके उच्चारणमें भेद मालूम नहीं होता:—से, सीन, स्वाद। ज़े, ज़ाल ज़ुवाद (द्वाद) ज़ोय। ते, तोय। हाय हुत्ती, हाय हव्वज़ इत्यादि। इन अक्षरोंसे संयुक्त जो शब्द हैं यदि उनका सही इमला मालूम हो तो कवि

दोषसे साफ़ बच जायगा वर्नः.........। रवीके स्थानमें जो अक्षर पहिले प्रासमें आया है वही अन्त पर्य्यन्त आना उचित है वर्नः "इक्फ़ा" नामका ऐब हो जायगा जैसे सलाह+गवाह। पहिलेमें हाय हुत्ती और दूसरेमें हाय हव्वज़ है।

४—*ईता*—इसके दो भेद हैं "ख़फ़ी" (सूक्ष्म) "जली" (स्थूल)

ख़फ़ी—शब्दका दो जगह एकही अर्थमें आना और ज़ाहिर न होना जैसे :—

जल+गंगाजल। उदक+सरिदुदक।

जली—शब्दका दो जगह एकही अर्थमें आना और ज़ाहिर हो जाना जैसे पाठशाला+रङ्गशाला।

स्त्रीलिङ्ग वहुवचनका "यां" जैसे घोड़ियां+ऊंट-नियां+स्त्रियां आदि।

पुल्लिङ्ग वहुवचनका "ए" जैसे लड़के+घोड़े+कुत्ते+पंखे आदि।

कर्त्ताका "क" पालक+उपदेशक+प्रकाशक+सेवक आदि।

परन्तु प्रकाशक+विनाशक कर्त्ताका 'क' अपने अंगमें रखते हुए भी निर्दोष हैं क्योंकि इनमें अस्ल प्रास तो प्रकाश+विनाश है जो निरन्तर शुद्ध है।

भूतकालका "आ":—पढ़ा+लगा+कहा+खाया+गाया+सुलाया आदि, हां भूतकालके "आ" को अस्ली "आ" से प्रास करें तो निर्दोष है जैसे घोड़ा+देखा। पंखा+लाया। आदि।

इसीका एक भेद "शायगां" नामसे मशहूर है जिसे हम अपनी भाषामें "प्रासाभास" कह सकते हैं यथाः--

चला है ओ दिले राह तलब! क्या शादमां होकर।
ज़मीने कूए जानां रंज देगी आसमां होकर॥

"वज़ीर लखनवी"

शादमां और आसमांमें जो "मां" है दोनोका अर्थ मानिन्द है यही शायगां ऐब है। और भी:—निराश होकर+हताश होकर

५—ग़ुलू—रवी अक्षर एक चरणमें सस्वर हो दूसरेमें हलन्त जैसे

हज़ार बार जो हालत थी वो बयान् हुई
परन्तु दास पे सरकारकी दया न हुई

यदि किसी दोषको लिखते हुए जतानेका कुछ संकेत कर दिया जाय तो फिर वह दोष, दोष नहीं माना जाता। जैसे :—

तपोधन तापसोंकी कुदरती जागीर थी गङ्गा।
"ग़ुलूके साथ" थी यूं मौज-ज़न भागीरथी गङ्गा॥

नम्र निवेदन

१—इस पुस्तकके प्रास सम्मेलनमें वीभत्स और अश्लील प्रतिनिधियोंको सम्मिलित नहीं किया गया है।

२—यह प्रास-पुञ्ज दो भागोंमें विभक्त है:—पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध। पूर्वार्द्धमें स्वरान्त प्रास दिये गये हैं और उत्तरार्द्धमें व्यञ्जनान्त। यूं तो जिन्हें मैं व्यञ्जनान्त कहता हूं वो भी स्वरान्तही हैं परन्तु प्रचरित प्रथानुसार उन्हें व्यञ्जनान्त कहना कोई

दोष नहीं है लेख-शैली भी इसकी आज्ञा देती है। हम, तुम अब, जब, देखकर, मकान, दुकान, चल, निकल आदि ये सब शब्द हलन्त बोले और अकारान्त लिखे जाते हैं अतएव मैं भी इन्हें व्यञ्जनान्त कहनेके लिये क्षमा चाहता हूं।

३—कोशमें जिस शब्दको देखना होता है उसके आदिमाक्षरसे देखते हैं, यहां कोशके विरुद्ध शब्दको अन्तिमाक्षरसे देखिये। राम देखना हो तो आममें, भीम देखना हो तो ईममें, कुशल देखना हो, तो अलमें, विशाल देखना हो तो आलमें मिलेगा।

४—जिन शब्दोंमें अक्षरोंके नीचे विन्दु लगा है वो फ़ार्सी अरबी शब्द हैं। मैंने निर्विन्दु (हिन्दी संस्कृत शब्दों) और सविन्दु (फ़ार्सी अरबी) शब्दोंको शामिल ही लिख दिया है। ध्यान रखिये कि उर्दू कवितामें निर्विन्दु+सविन्दुका प्रास नहीं हो सकता। हां सविन्दुको हिन्दी ख़राद पर छीलछाल कर निर्विन्दु बना लिया जाय तो हिन्दीमें अनुचित नहीं है जैसे

"दौलत "दराज" ऋतुराज महाराजकी"

अथवा विप्र ग्वालियर नगरको वासी है कविराज।
जासू शाह मया करे सदा "गरीब नवाज" ॥
(सुन्दर श्रृङ्गार)

५—कविता और तुकान्तमें "सम्वाय-सम्बन्ध" तो नहीं है किन्तु "पंगवन्ध" न्यायानुसार यह उसका, वह इसका सहायक अवश्य है इसलिये रसिक जनोंकी सुगमताके लिये मशहूर मशहूर पचाससे अधिक पिङ्गल छन्द भी—नियम, लक्षण,

उदाहरण सहित—लिख दिये हैं। जिनकी सूची यह है।

१ अनुकूला	१६ चामर	३७ मोतिय दाम
२ अनुष्टुप	२० छप्पय	३८ मोदक
३ अरविन्द	२१ तोटक	३६ रूप घनाक्षरी
४ अरसात	२२ तोमर	४० रोला
५ आभार	२३ त्रिभङ्गी	४१ वसन्त तिलका
६ इन्द्र वज्रा	२४ दुर्मिल	४२ वाम
७ इन्द्र वंशा	२५ दोहा	४३ विद्युन्माला
८ उपेन्द्र वज्रा	२६ नराच	४४ वंशस्थ विलम्
६ उल्लाला	२७ पद्धरि	४५ शार्दूल विक्रीड़ित
१० कन्दुक	२८ प्रहर्षिणी	४६ शिखरणी
११ काव्य	२६ भुजङ्गप्रयात	४७ सार
१२ किरीट	३० भुजङ्गी	४८ सीता
१३ कुकुभ	३१ मत्तगयन्द	४६ सुख
१४ कुण्डलिया	३२ मदिरा	५० सुन्दरी
१५ गङ्गोदक	३३ मन्दाक्रान्ता	५१ सुमुखी
१६ गीतिका	३४ मन्दारमाला	५२ सोरठा
१७ घनाक्षरी	३५ मन हरण	५३ स्रग्विणी
१८ चकोर—	३६ मंजुमालिनी	५४ हरिगीतिका

जो छन्द जिन प्रासोंके साथ मेल खाता है उन्हींके साथ लिखा गया है जैसे "मोतियदाम" राम, धामके साथ। "मत्तगयन्द" आनन्द, मकरन्दके साथ। "गङ्गोदक" मोदक आदिके साथ।

६—छन्दोंका ढांचा समझनेके लिये दोचार मोटी मोटी बातोंका लिख देना उचित है।

(क) अक्षर तीन प्रकारके होते हैं लघु, गुरु, प्लुत। पिङ्गलमें केवल लघु गुरुसे ही काम चलता है। प्लुतका सत्कार सङ्गीत शास्त्रने यथोचित किया है। हिन्दीमें अ, इ, उ, ऋ और 'क्' से लेकर 'ह' तक सर्व व्यंजन लघु हैं। आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः यह गुरु हैं।

(ख) शब्दके मध्य अथवा अन्तमें संयुक्त अक्षर आ जानेसे उस संयुक्ताक्षरका पूर्व, गुरु हो जाता है जैसे "सत्य" का 'स' लघु है परन्तु 'त्य' के बलसे गुरु माना जायगा इसी तरह धर्मका 'ध'। प्रबन्धका 'ब'। संयोगी अक्षर अपने पूर्वको गुरु करता है और आप लघु है तो लघु ही रहता है गुरु है तो गुरु।

(ग) गुरु अक्षरका चिह्न "ऽ" और लघुका "।" है।

(घ) तीन अक्षरके पिण्डको "गण" कहते हैं लघु गुरुके भेदसे इसके आठ रूप हैं।

१—तीनों गुरु	ऽ ऽ ऽ	मगण	म—माताजी
२—तीनों लघु	। । ।	नगण	न—नगर
३—आदि गुरु	ऽ । ।	भगण	भ—भारत
४—मध्य गुरु	। ऽ ।	जगण	ज—जटायु
५—अन्त गुरु	। । ऽ	सगण	स—सरिता
६—आदि लघु	। ऽ ऽ	यगण	य—यशोदा
७—मध्य लघु	ऽ । ऽ	रगण	र—रामजी
८—अन्त लघु	ऽ ऽ ।	तगण	त—तातार

(ङ) लघु का संक्षिप्त रूप 'ल' और गुरुका "ग" है इन्हीं संकेतों से छन्दोंका रूप लिखा जायगा।

७—अन्दर बाहर दो तरफ़ द्युति दान करनेसे "देहरीदीपक" न्याय होता है, परन्तु प्रास-पुञ्जमें चार चमत्कारोंने चार चांद लगा दिये हैं इस लिये इस चौमुखे दीपकको चौराहेका चिराग कहनेमें कोई अत्युक्ति नहीं है। देखिये नाः—

एक तरफ़ क़ाफ़िया
दूसरी तरफ़ लिङ्गज्ञान
तीसरी तरफ़ कोश
चौथी तरफ़ पिंगल प्रकाशित है

८—लिङ्ग

सब जानते हैं कि संस्कृतमें तीन लिङ्ग (पुल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग, नपुंसकलिङ्ग) और हिन्दी उर्दूमें केवल दो हैं, इनमें नपुंसक सृष्टि नष्ट हो गयी है। परन्तु फ़ार्सीमें लिङ्गका लिङ्ग कुछ नहीं है, झगड़ा जड़सेही नदारद है। संस्कृत अपने नामों और विभक्तियोंमें लिङ्ग प्रकाशित करती है तो हिन्दी उर्दू नामों और क्रिया पदोंमें, परन्तु फ़ार्सी कहीं भी नहीं। मादरम आमदा बूद। पिदरम आमदा बूद। ज़ने मी रवद। मर्दे मी रवद।

समयके प्रभाव और पूजनीय श्री महात्मा गांधीजीके गुप्तोपदेशसे आजकल हिन्दू+मुसलमान परस्पर प्रीतिका बर्ताव कर रहे हैं, इसी हेतुसे मैंने भी इसलामी भाषाके

शब्दोंको प्रास पंक्तिमें बिठानेसे परहेज़ नहीं किया है। फ़ार्सी अरबी शब्द यदि हिन्दीमें लिये जायंगे तो लिङ्ग लिखे बिना छुटकारा न होगा. इसलिये उनका लिंग उर्दू इस्तेमालके अनुसार लिख दिया है। नपुंसकलिङ्ग शब्दोंका प्रयोग हिन्दी में प्रायः पुल्लिङ्गके समान ही होता है इसलिये पु० न० को एकही मानिये। लिङ्ग चिह्न वही पुराने हैं यथा:—

(क) पुल्लिङ्ग पु०

(ख) स्त्रीलिङ्ग स्त्री०

(ग) नपुंसकलिङ्ग पु०

(घ) उभयलिङ्ग, इसके अन्तर्गत पांच प्रकार हैं :—

प्रथम—ऐसे शब्द जो उभय लिङ्गी हैं जैसे नक़ाब, झांझ।

द्वितीय—ऐसे शब्द जिनमें लेखकोंका मत भेद है जैसे ख़ला, समाज, साँस, आत्मा।

तृतीय—विशेषण जिनका लिङ्ग विशेष्यके अनुसार होता है जैसे बढ़िया, घटिया, चालाक, सुन्दर, दुर्बल, कमज़ोर।

चतुर्थ—द्योतक और वाचक दोनों प्रकारके अव्यय, इनके उपभेद—विभक्ति, उपसर्ग, क्रिया-विशेषण आदि जैसे को, ने, में, अनु, उप, अप, झट, आदि।

पञ्चम—धातु शब्द जिनका लिङ्ग क्रिया प्रत्यय लगाये वगैर स्थिर नहीं होता क्योंकि धातु क्रियाके तमाम रूपोंमें ज्यूं की त्यूं वर्तमान रहती है कहीं इसका रूप नहीं बदलता, कुछ अपवाद वाले रूप भी हैं उनके लिये क्षमा चाहता हूं।

उक्त पांचों प्रकारके शब्द ऐसे हैं कि अपने स्वभावसे या लेखकोंके मत-भेदसे दोनों लिंगोंमें बर्ते जाते हैं इसलिये इन सबपर उभय लिङ्गी चिह्न "उ" और स्पष्ट अव्यय पर "अ"दिया है अर्थात् 'उ' के अन्दर उक्त पांच प्रकार शामिल हैं, यह पुस्तक व्याकरणकी पुस्तक नहीं है अपने अभीष्टकी हद तक लिखा है विस्तार पूर्वक जाननेके लिये व्याकरण ग्रन्थ देखिये ।

(ङ) यद्यपि धातु और आज्ञार्थ शब्दोंमें कोई अन्तर नहीं होता तथापि कहीं कहीं स्पष्ट लिख दिया है ।

(च) जो शब्द फ़ार्सी अरबी इंग्रेजी हैं (यां यूं कहें कि हिन्दी नहीं हैं) उनके साथ यह चिह्न × अधिक कर दिया है ।

(छ) प्रसिद्ध शब्दोंका अर्थ लिखना व्यर्थ और हिन्दीकी चिन्दी करना अनुपयुक्त समझकर उनके सामने अर्थके स्थानमें स्पष्ट अथवा सरलका "स" अक्षर लिख दिया है ।

(ज) अनेक शब्द ऐसे हैं कि वो क्रिया कालादिका प्रत्यय लगाने अथवा प्रयोगका वाक्य लिखने हीसे सार्थक होते हैं जैसे गठ, सट, पक, पिल आदि परन्तु विस्तार भयसे प्रयोग नहीं लिखा है, मात्र प्रास याद दिलानेहीकी सेवासे सन्तुष्ट होकर कविजन इन अधूरोंसे पूरोंका काम ले सकते हैं ऐसे शब्दोंके अर्थमें भी केवल "स" लिखा है ।

प्रासपुंज

पूर्वार्द्ध

स्वरान्त प्रास

आकारान्त

आ

आ-उ० आनेकी आज्ञा

सुआ-पु० तोता। लाल और हरा रंग। बड़ी और मोटी सुई

जुआ-पु० हारजीतवाला खेल। हल गाड़ीमें लकड़ी का वह भाग जो बैलोंके कांधे पर रक्खा जाता है

हुआ-पु० स

बुआ-स्त्री० पिताकी बहन। स्त्रियोंका सामान्य सम्बोधन।

दुआ×-स्त्री० आशीर्वाद। मांगना प्रार्थना करना

मुआ-पु० मृत। गाली।

छुआ-पु० स

मर्दुआ-पु० निकृष्ट-विशेषण। मर्द-तुच्छकार युक्त

का

ढका-स्त्री० ढोलक, डोंडी, मुनादी

उचका-पु० उठाइगीरा, चोर, जेबकतरा

चका-पु० जमा हुआ। ईंटोंका ढेर जो गिननेके

लिये चुनते हैं। प्रायः अच्छे जमे हुए दही के लिये भी बोलते हैं

भौचक्का-पु० हयरान। डरसे बद हवास। हक्का बक्का

पक्का-पु० कच्चेके विरुद्ध। पका हुआ। होशयार। मजबूत। दृढ़। निडर वीर

छक्का-पु० छःसे सम्बन्धित

उछाल छक्का-स्त्री० कुलटा, व्यभिचारिणी, बदचलन स्त्री

धक्का-पु० हिचकोला। रेला। टोटा। नुकसान

हक्का बक्का-पु० देखो-"भौचक्का"

इक्का-पु० अकेला। एक घोड़े की बहलीनुमा सवारी

छिक्का-स्त्री० छींक

हिक्का-स्त्री० हिचकी। एक रोग

सिक्का-पु० धातुका ढला हुआ द्रव्य जो देशमें चले

मुक्का-पु० घूंसा

तुक्का-पु० बिना अनीका तीर

नुक्का-पु० नोक,—झाड़ना—फबती कहना

हुक्का×-पु० तम्बाकू पीनेका यन्त्र

लुक्का×-पु० बदमआश, शोहदा

रुक्का×-पु० चिट्ठी। प्रामेसरीनोट। उर्दू में हुक्का+रुक्का तुक अशुद्ध है।

हलका-पु० भारीके विरुद्ध। नीच। घटिया

ढलका-पु० नेत्रोंसे जल बहनेका रोग

फलका-पु० फफोला, छाला। चाकूमें लोहेका भाग

मुचलका-पु० स

लड़का-पु० स

तड़का-पु० प्रातःकाल

फड़का, घड़का, कड़का, भड़का, खड़का — पु० स

लपका-पु० आदत, टेव। जल्द चलनेका भूतकाल

टपका-पु० वह आम जो पककर स्वयं डालीसे गिरे। यकायक आ गया। चूने लगा। छतसे पानीकी बूंदोंका गिरना

छपका-पु० कबूतर पकड़नेका छोटा सा जाल। सन्दूक बंन्द करनेका साधन। स्त्रियोंका ज़ेवर। पानीका बड़ा छींटा

अटका-पु० रुक गया

खटका-पु० ख़ौफ़, डर, आहट। सन्देह। बुरा मालूम हुआ

लटका-पु० शोबदा। नुसख़ा। नख़रा। लटकनेका भूतकाल

सटका-पु० दबे पांव चला गया

पटका-पु० पटक दिया। पेटी, कमर पेच

झटका-पु० टक्कर। सदमा, मुसीबत, आफ़त। धक्का। सिक्खोंमें बकरेकी बली। छीना झपटीका माल,

मटका-पु० बड़ा घड़ा। मटकने का भूत काल

चटका-पु० चटकनेका भूत काल

वसंत तिलका-स्त्री० पिंगलका वह छन्द जिसके हर चरणमें १४ अक्षर इस प्रकार हों SSI+SII+ISI+ISI+SS त+भ+ज+ज+ग+ग चरणान्त यति, उ० राखो तुकान्त पर ध्यान कवित्त मांही

पताका-स्त्री० झण्डी, ध्वजा

बलाका-स्त्री० बगलोंकी क़तार

ढाका-पु० नगर विशेष। ढाक वृक्षका जंगल

काका-पु० चचा
शलाका-स्त्री० सलाई
दीप-शलाका-स्त्री० दिया सलाई, माचिस।
वराका-स्त्री० नाचीज़, दीन, ग़रीब, तुच्छ
धड़ाका-पु० धमसे आवाज़
ताका-पु० तक लिया, जांचा
नाका-पु० मोड़, रास्तेका कोना। ग्राह
लड़ाका-स्त्री० लड़ने वाली
फ़ाक़ा×-पु० भोजन न मिलनेसे भूका रहना, लङ्घन
इफ़ाक़ा×-पु० अवकाश, फुरसत, रोगकी कमी। फ़र्क़, आराम। सुभीता
×-पु० मण्डल, ज़िला, प्रान्त सम्बन्ध
पु० चर्बा, चित्रकी कच्ची रेखा, ढांचा
पु० स
पु० तिर्छा, रंगीला, खूबसूरत
टांका-पु० टूटे हुए बर्तनमें जोड़। जोड़नेका मसाला। सीवन, पैवन्द
हांका-पु० हांकना का भूत काल
ढांका-पु० ढकदिया
फांका-पु० फांक लिया
अंगारिका-स्त्री० अँगीठी
अभिसारिका-स्त्री० छिनाल, नायिका भेदमें कृष्णाभिसारिका शुक्लाभिसारिका नामकी स्त्री
सारिका-स्त्री० मैना पक्षी
अट्टालिका-स्त्री० अटारी
अंबालिका-स्त्री० विचित्रवीर्यकी माता (महाभारतमें)
कपालिका-स्त्री० ठीकरा, छोटा खप्पर
दन्तालिका-स्त्री० लगाम
दीपमालिका-स्त्री० दिवाली, दीपकों
अम्बिका-स्त्री० धृतराष्ट्रकी माता

अवन्तिका-स्त्री० उज्जैन नगर
कंठिका-स्त्री० कंठी, गलेका भूषण
कनीनिका-स्त्री० आंखकी पुतली
शिविका-स्त्री० डोली, पालकी
प्रहेलिका-स्त्री० पहेली
शालिभञ्जिका-स्त्री० काठ पुतली, वेश्या
रोटिका-स्त्री० रोटी
मृत्तिका-स्त्री० मिट्टी
वाटिका-स्त्री० बगीचा
लासिका-स्त्री० नाचने वाली
विसूचिका-स्त्री० हैज़ा, कालरा
रक्तिका-स्त्री० रत्ती, $\frac{1}{8}$ माशा, गुञ्जा, चौंटली
गणिका-स्त्री० वेश्या
घटिका-स्त्री० घड़ी, २४ मिनिटका समय
चन्द्रिका-स्त्री० चांदनी। बड़ी इलायची
छुरिका-स्त्री० छुरी
यवनिका-स्त्री० क़नात, पर्दा, नाटकका ड्राप Drop

जीविका-स्त्री० रोज़ीका साधन, आमदनी
जुटिका-स्त्री० चोटी, जूड़ा
तूलिका-स्त्री० शय्या, बिस्तर, सेज
नग्निका-स्त्री० नंगी, बच्ची
नवमल्लिका-स्त्री० बहुत फूलों वाला वृक्ष
नायिका-स्त्री० युवती, वेश्या की मां
प्रसूतिका-स्त्री० ज़च्चा
गीतिका-स्त्री० पिंगलका एक छन्द जिसके प्रत्येक चरणमें २६ मात्रा होती हैं १४+१२ पर यति, रगणसे शुरू, रगण पर समाप्त हो ३-१०-१७ और २४ वीं मात्रा लघु रहे। उ०

प्रासको भी प्राण समझें
आप हिन्दी छन्दका

हरिगीतिका-उक्त चरणके आदि

में दो मात्रा बढ़ानेसे हरि-
गीत बन जाता है। उ०
इस प्रासको भी प्राण
समझें आप हिन्दी छन्दका
भूमिका-स्त्री० दीबाचा
मधुमक्षिका-स्त्री० शहदकी मक्खी
मसूरिका-स्त्री० चेचक रोग,
कुटनी
मुद्रिका-स्त्री० अंगूठी
फीका-पु० नीरस, हलका, मन्द,
बदरंग, उदास
टीका-स्त्री० अर्थ। तिलक पु०
बालबीका-पु०—न होना,
कुछ न बिगड़ना
अमरीका-पु० देश विशेष
सलीक़ा×-पु० सुघड़ाई
तरीक़ा×-पु० रास्ता, विधि
नीका-पु० अच्छा
असिधेनुका-स्त्री० कटारी, छुरी
पदुका-स्त्री० जूती, खड़ाऊं
फुका-पु० स
भूका-पु० स
थूका-पु० स
चूका-पु० भूलगया
भबूका-पु० बहुत सफ़ेद। गर्म,
कोप युक्त, शौला
शलूका-पु० छोटा कुर्ता,
नीमास्तीन
जलूका-स्त्री० जोंक
एक़ा-पु० इत्तफ़ाक़, सुलूक
टेका-पु० आश्रय, सहारा
ठेका-पु० ताल, काम करनेका
ठैराव Contract,
रोका-पु० स
टोका-पु० स
ठोका-पु० मारा, ठोक दिया,
पीट दिया
झरोका-पु० खिड़की, सूराख़
धोंका-पु० फ़रेब,
जलौका-स्त्री० जोंक
नौका-स्त्री० नाव
शंका-स्त्री० डर, सन्देह, एतराज़
लंका-स्त्री० द्वीप विशेष, (रावण
की राजधानी)

डंका-पु० ढोल। नक़ारा बजाने की लकड़ी।-बजना-नाम पाना,

फंका-पु० स

खा

खा-पु० खानेकी आज्ञा

सखा-पु० मित्र

चखा-पु० स

नौलखा-पु० नौलाख वाला

रामसखा-पु० सुग्रीव

शूर्पणखा-स्त्री० रावणकी बहन

शाखा-स्त्री० टहनी, डाली। अन्तर्गत भेद Branch

करशाखा-स्त्री० हाथकी उंगलियां

चाखा-पु० चखा

राखा-पु० रक्खा

विशाखा-स्त्री० एक नक्षत्र

लाखा-पु० एक रंग जो स्त्रियां होटों पर लगाती हैं

साखा-पु० नामवरीके क़ाबिल युद्ध या विवाहोत्सव

समाखा-पु० अन्धेके विरुद्ध अच्छे नेत्रोंवाला

शिखा-स्त्री० चोटी

सिखा-उ० सिखानेकी आज्ञा

लिखा-पु० लिख दिया। लिखनेकी आज्ञा

दिखा-उ० दिखानेकी आज्ञा

सीखा-पु० सीख लिया, ?

तीखा-पु० तेज़, चर्परा, कटु। नुकीला। गुस्सेवाला। लड़ाका। बांका अलबेला। चुलबुला।

गन्धमुखा-स्त्री० छछूंदर

दुमुखा-पु० कहकर बदल जानेवाला आदमी। दुमुहा सांप

इकरुखा×पु० एक तरफ़से

रूखा-पु० बेमुरौवत। नीरस। अलोना। जो चिकना न हो, अरसिक, निर्दय खुरदरा। घृतहीन

सूखा-पु० शुष्क, सुकड़ा हुआ।

पतला दुबला, अना वृष्टि स्त्री,—जवाब—साफ़ इंकार

रेखा-स्त्री० लकीर

लेखा-पु० हिसाब

देखा-पु० देख लिया

परेखा-पु० परीक्षा आज़माना गिला शिकवा

ओखा-पु० खोटा चोखाके विरुद्ध

चोखा-पु० खरा ओखाके विरुद्ध

अनोखा-पु० निराला

सोखा-पु० सुखाने वाला

खंखा-स्त्री० डायन स्त्री चुड़ेल

पंखा-पु० स

गा

गा-उ० गानेकी आज्ञा

लगा-पु० लग गया- कितना धन, समय लगा? अज्ञार्थ में उ०

तगा-पु० जाति विशेष

ठगा- | जगा- | पगा- | सगा- पु० स

दगा-×स्त्री० धोका, विश्वासघात

सुरापगा-स्त्री० गंगा

समुद्रगा-स्त्री० नदी

निम्नगा-स्त्री० नदी

बागा-पु० दुल्हाका जामा

आगा-पु० पीछेके विरुद्ध

जागा-पु० स

भागा-पु० स

तागा-पु० स

धागा पु० स

लागा-पु० स

नागा-पु० स

त्यागा-पु० स

कागा-पु० स

पागा-पु० स

उगा-पु० पौदा पैदा हुआ ज़मीनसे बाहर निकला

पुगा-पु० पूर्ण होना, खेलका मुहाविरा

चुग्गा-पु० पक्षियोंका भोजन दाने
गङ्गा-स्त्री० स
झिलंगा-पु० टूटी हुई खाट
नङ्गा-पु० वस्त्र विहीन
भुजङ्गा-पु० सर्प । काला
चंगा-पु० तन्दुरुस्त, अच्छा
छंगा-पु० छः उंगलियां जिसके हाथमें हों
बेढंगा-पु० बेडौल, दुराकार
दंगा-पु० फ़साद, बच्चोंका झमेला
वंगा-स्त्री० सरसों
बरंगा-पु० छतमें दो कड़ियोंके बीचमें पटाव करनेको लकड़ीका टुकड़ा
अड़ंगा-पु० पचड़, रोक, ख़लल, विघ्न

घा

मघा-स्त्री० एक नक्षत्र
सरघा-स्त्री० शहदकी मक्खी
श्लाघा-स्त्री० तारीफ़
जंघा-स्त्री० जांघ, रान
कंघा-पु० शाना, स

चा

बच्चा-पु० स
कच्चा-पु० स
सच्चा-पु० स
ग़च्चा-पु० दाव । ज़र्ब । दाग़ । चोट । धोका
ज़च्चा-स्त्री० प्रसूता

चचा-पु०
रचा-पु०
मचा-पु०
जचा-पु०
त्वचा-स्त्री०
नचा-उ०
पचा-पु०
लचलचा-पु०
} स

वाचा-स्त्री०
तमाचा-पु०
सांचा-पु०
जांचा-पु०
ढांचा-पु०
खांचा-पु०
} स

नीचा-पु० नीचाइ। ज़िल्लत। तुच्छ। नीच
दरीचा×पु० खिड़की, छोटा दर्वाज़ा
बाग़ीचा×पु० छोटासा बाग़, चमन
बाज़ीचा×पु० खेल तमाशा
ग़ालीचा×पु० क़ालीन, एक बढ़िया फ़र्श
बचाखुचा-पु० स
कुचा-स्त्री० स्तन
कूचा-पु० गली
बूचा-पु० कान कटा हुआ
अलूचा-पु० आँवलेके जैसा एक फल

छा

अच्छा-पु० स
लच्छा-पु० तागोंकी लम्बी तय। रबड़ीके टुकड़े। पैरका ज़ेवर। सिलसिला
इच्छा-स्त्री० ख़ाहिश
मूर्छा-स्त्री० बेहोशी, ग़श
वाञ्छा-स्त्री० कामना
स्वेच्छा-स्त्री० अपनी इच्छा
ओछा-पु० पूराके विरुद्ध, नीच, बद, कमीना
अँगोछा-पु० बदन पोंछनेका कपड़ा

जा

जा-उ० जानेकी आज्ञा
बजा-उ० स
सजा-पु० सजावट वाला सजानेकी आज्ञा उ०
मलगजा-पु० मैला
अरगजा-पु० एक सुगन्ध वाला द्रव्य। उबटना
सज़ा×स्त्री० * दण्ड
मज़ा×पु०* स्वाद, आनन्द, लज़्ज़त
क़ज़ा×स्त्री० * मौत
रज़ा×स्त्री० * रज़ामंदी, प्रसन्नता

---

* सज़ा मज़ा प्रास है सज़ा क़ज़ा या मज़ा क़ज़ा या रज़ा मज़ा नहीं हां क़ज़ा रज़ा शुद्ध है

लज्जा-स्त्री० शर्म, हया

मज्जा-स्त्री० हड्डियोंका सार, मग़ज़े-उस्तख़्वां

प्रजा-स्त्री० रऐयत, रिआया,

आजा- उ० आनेकी आज्ञा

बाजा-पु० स

राजा-पु० स

खाजा-पु० एक मिठाई। खाकर चलाजा-चलीजा, उ०

लाजा-स्त्री० धानकी खीलें

ताज़ा×उ० तुर्तका बना हुवा, सर्सब्ज़ शादाब खिला हुआ। श्रम रहित

ग़ाज़ा×पु० उबटना, गुलगूना, सुगन्धित द्रव्य,

आवाज़ा×पु०-कसना-ताना उपालम्भ, छेड़

दरवाज़ा×पु० द्वार

अन्दाज़ा×पु० अनुमान

जनाज़ा×पु० मुसलमान मुर्देकी अर्थी-विमान

ख़मयाज़ा×पु० बुरा बदला, दुष्फल

भतीजा-पु० भाईका बेटा

तीजा-पु० तीसरा। मुसलमानोंमें मृत्युके तीसरे दिनवाली क्रिया

नतीजा×पु० परिणाम

पूजा-स्त्री० स

बेजा×उ० बे मौक़ा, अनुचित

कलेजा×पु० अंग विशेष

भेजा-पु० भेज दिया। गुजराती-दिमाग़

लेजा-उ० स

गोजा-स्त्री० भूमिसे उपजी हुई चीज़

धोजा-उ० धोकर जा

चिलग़ोज़ा-पु० एक मेवा

अलग़ोज़ा-पु० दो बांसरियोंसे संयुक्त बाजा

अंगोजा×स्त्री० हींग

रोज़ा×पु० ब्रत, उपवास

मोज़ा-पु० स

विरोज़ा-पु० दवा एक प्रकारका गोंद

पंजा-पु० स

खरंजा-पु० सड़क, खड़ी ईंटोंका फ़र्श। पक्का रास्ता

खंजा-पु० लँगड़ा

गंजा-पु० जिसके सरपर रोगसे बाल उड़ गये हों

गुंजा स्त्री० चौंटली रत्ती

झा

उलझा-पु० स

सुलझा-पु० स

ञा

प्रज्ञा-स्त्री० बुद्धि, अक्ल

प्रतिज्ञा-स्त्री० नियम, इक़रार, वादा, अह्द

याञ्चा-स्त्री० मांगना, प्रार्थना

रसज्ञा-स्त्री० ज़बान

टा

लटा-स्त्री० लम्बे बाल, ज़ुल्फें, जटा

घटा-स्त्री० बदली, अब्र, मेघ

अटा-पु० अटारीका संक्षिप्त, अट्टा भी बोलते हैं एक कोशमें स्त्री लिंग भी लिखा है। तुलसी और बिहारीने भी इस शब्दको मौंज़ूं किया है परन्तु वहां लिङ्गका पता नहीं चलता

छिनक चलति ठिठकत छिनक,
भुज प्रीतम गर डारि।
चढ़ी अटा देखति छटा
विज्जु छटासी नारि॥
बिहारी।

एक भजनमें पुल्लिंग बांधा है :—

काहे चिनावत ऊंचे अटा रे (अज्ञात)

प्रगटहिं दुरहिं अटन पर भामिनि। चार चपल जनु दमकहिं दामिनि॥ "तुलसी"

पटा-स्त्री० फरी गदकेका खेल, तलवार चलानेका आदिमाभ्यास

चटपटा-पु० तेज़ मिर्चों वाला। चालाक, चुस्त

जटा-स्त्री० सिरके लम्बे बाल

त्रिजटा-स्त्री० एक राक्षसी।

छटा-स्त्री० खूबसूरती, सौन्दर्य

बट्टा-पु० तोलनेका बाट। मसाला पीसनेका बाट। कमी कटौती। नुक़्स। खोटके सबब दामोंका कम मिलना। कलंक। दाग़

पट्टा-पु० कुत्ते बिल्लीका गुलूबंद। काश्तकारकी तरफ़से ज़मींदारके नाम लिखी हुई दस्तावेज़। वह पटड़ा जो दुल्हाके पट्टाफेर वाली रस्ममें बदला जाता है, चपरासका कपड़ा। पेटी

गट्टा-पु० टखना, टांग और पैर के जोड़ वाली गांठ,

खट्टा-पु० तुर्श, एक फल

सट्टा-पु० एक प्रकारका व्योपारी जुआ

हट्टाकट्टा-पु० मज़बूत, तन्दुरुस्त

दुपट्टा-पु० वस्त्र विशेष मशहूर है

चेष्टा-स्त्री० इरादा, विचार

आटा-पु० पिसा हुआ अन्न

सन्नाटा-पु० दरियाके चढ़ाव या ज़ोरकी हवाका शोर। किसी बड़े पक्षीके ज़ोरसे उड़नेका शब्द। भयानक शब्द। सुनसान, चुपचाप। डर, भय, स्तब्धता,

काटा-पु० स

ढाटा-पु० डाढ़ी बांधनेका रूमाल या जाली

पाटा-पु० पटाव कर दिया

घाटा-पु० टोटा, नुकसान। जौका शोधन किया हुआ अन्न

चाटा-पु० चाटलिया।

कांटा-पु०शूल। तोलनेका यंत्र तुला। विघ्नरूप। कृश। गोटेमें एक क़िस्म

चांटा-पु० तमांचा

बांटा-पु० बांट लिया, तक़्सीम कर लिया

छांटा-पु० चुन लिया, अलग कर दिया। धो लिया

डांटा-पु० धमकाया

कूटा-पु०
टूटा-पु०
बूटा-पु०
लूटा-पु०
छूटा-पु०
फूटा-पु०
} स

बेटा-पु० पुत्र

हेटा-पु० नीच नालायक़

लेटा-पु० लेट गया

लपेटा-पु० लपेट लिया

ओटा-पु० आड़ परदेकी छोटी-सी दीवार। कपासकी चर्खी चलानेवाला ओटने वाला

खोटा-पु० नुक़्सवाला, ऐबी, ख़राब, खराके विरुद्ध

गोटा-पु० पैमक गोखरू लैस जवा इत्यादि, एक नुक़ल,

घोटा-पु० घोटनेका औज़ार,

छोटा-पु० बड़ाका विरोधी,

झोटा-पु० झूलनेका साधन झूल का फन्दा

टोटा-पु० नुक़सान, घाटा, ख़िसारा

ढोटा-पु० लड़का

पोटा-पु०.पक्षियोंका पेट। अंडेसे निकला हुआ बच्चा, शक्ति, मजाल

पपोटा-पु० आंखका ढेला

चमोटा-पु० नाइयोंके पास उस्तरा तेज़ करनेका चमड़ा

मोटा-पु० जो पतला न हो।

ज़मीनका एक भेद जो कुँआँ खोदनेमें देखते हैं

लोटा-पु० स

सोटा-पु० छोटा लट्ठ

लंगोटा-पु० कोपीन

अंटा-पु० बड़ी गोली, अफ़यून-का गोला। कौड़ी जो चित्तपट न हो-ग़ाफील-बेहोश, विलियर्ड Billiard

टंटा-पु० लड़ाई झगड़ा

बंटा-पु० जलपात्र कलश

घंटा-पु० ढाई घड़ीका समय, बजनेकी प्रसिद्ध चीज़

ठा

गट्ठा-पु० बड़ी गठरी, जरीबका बीसवां भाग

पट्ठा-पु० शरीरमें नसोंकी तरह चपटा तस्मा जिसके द्वारा अवयव सुकड़ते फैलते, खिँचते तन्ते हैं। नवयुवक। उल्लू, मुर्ग़; कबूतरादिके बच्चेको भी कहते हैं। घीक्वार, तंबाकूका पत्ता। पहलवान-का शागिर्द। कागजका गत्ता जो पुस्तकोंकी जिल्द पर लगाया जाता है।

ठट्ठा-पु० हँसी, मज़ाक़, दिल्लगी

लट्ठा-पु० एक प्रकारका कपड़ा। शहतीर

मट्ठा-पु० छाछ। सुस्त चलने वाला

अट्ठा-पु० ताश गंजफ़ेमें आठ अंकका पत्ता

सोरठा-पु० एक छन्द, दोहाका उलटा, सम चरणको विषम विषमको सम रख कर बनता है।

प्रास-पुञ्ज रख प्रास, जो
कविताका शौक़ है
उत्तमउत्तम प्रास,
प्रास-पुञ्जमें हैं बहुत

प्रतिष्ठा-स्त्री० इज़्ज़त, आबरू
मंजिष्ठा-स्त्री० एक दवा मजीठ
विष्ठा-पु० मल, पुरीष, (संस्कृत स्त्री०)

ड्डा

अड्डा-पु० कारचोबका चौखटा। हाथपर पले हुए पक्षियोंके बैठनेकी लकड़ी। चौकी, गाड़ियों बहलियोंके जमा रहनेकी जगह अड़गड़ा। चकला कस्बियोंके रहनेकी जगह।
खड्डा-पु० गढ़ा, ग़ार
चड्डा-पु० रानकी जड़, अण्डकोशके समीपका अंग। मसख़रा आदमी।
टिड्डा-पु० एक उड़नेवाला कीड़ा
पँडा-पु० घी, तेल आदि पतली वस्तु तोलनेके लिये पहिले बरतनकी तोल। अकड़ कर जँभाई लेना
गेंडा-पु० प्रसिद्ध पशु, जिसके पुट्ठोंकी ढाल और खाल की छड़ियां बनती हैं
कैंडा-पु० अन्दाज़ा, माप, डौल, नमूना, ख़ाका, ढांच, नक़्शा
पलेंडा-पु० छप्पर टिकानेका शहतीर
भेंडा-पु० जिसकी आंखमें टेढ़ हो
खलेंडा-पु० गौ भैंसोंके लिये खल भिगोनेका घड़ा
अण्डा-पु० पक्षियोंका प्रथम कलेवर
सरकंडा-पु० मोटी तिलियां, जिनके मूंढे और पर्दे बनते हैं
गंडा-पु० गांठ जो किसी रस्सी या तागेमें लगाई जाय। बटा हुआ तागा-जिसे धूर्त्त स्याने भूत प्रेतकी बाधा दूर करनेका उपा

य बताते हैं। चार कौ
ड़ी या चार पैसे। पक्षि
योंके गलेकी रंगीनधारी

संडा मुसंडा-पु० हट्टा कट्टा तै
यार पुष्ट

झंडा-पु० बड़ी ध्वजा

हंडा-पु० बड़ी हांडी

मुरंडा-पु० चकनाचूर, ढेर, दब-
कर पिस जाना।
दिवाला निकल जाना,
नुकसान

कुंडा-पु० कड़ा हल्क़ा

गुंडा-पु० लुच्चा बदमआश,
लुंगाड़ा

ड़ा

अड़ा-पु० स

कड़ा-पु० स

खड़ा-पु० स

गड़ा-पु० चारे या ईंधनका गट्ठा

घड़ा-पु० घट, बना दिया

छड़ा-पु० अकेला। पैरका
भूषण। अन्नको मिट्टी
कंकरीसे अलग किया

जड़ा-पु० जड़ दिया। तमांचा
जड़ा-मारा

झड़ा-पु० स

धड़ा-पु० पाँच सेरका बाट।
गुरोह, मंडल

पड़ा-पु० स

बड़ा-पु० दही बड़ा। छोटेके
विरुद्ध

लड़ा-पु० स

सड़ा-पु० स

रगड़ा-पु० बच्चोंकी आंखोंमें ल-
गानेकी दवा। घिस्सा

झगड़ा-पु० स

अकड़ा-पु० स

छकड़ा-पु० छोटी गाड़ी बह-
लोंकी

पकड़ा-पु० स

जकड़ा-पु० बांध दिया

मकड़ा-पु० बड़ी मकड़ी

चीथड़ा-पु० फटा पुराना कपड़ा

अड़गड़ा-पु० झमेला देखो"अड्डा"
छीछड़ा-पु० मांसखंड
फेफड़ा-पु० श्वाससे सम्बन्ध रखनेवाला अंग
आड़ा-पु० तिरछा
बाड़ा-पु० घेरा हुआ जंगल मैदान, वह खेत जो आबादीके करीब हो
ताड़ा-पु० डांटा मारा, भांपा
लताड़ा-पु० फटकारा
जाड़ा-पु० सर्दी
उजाड़ा-पु० उजाड़ दिया
अखाड़ा-पु० कुश्ती लड़नेकी जगह
पछाड़ा-पु० पछाड़ दिया, गिरा दिया
झाड़ा-पु० झाड़ दिया, फटकारा, जामातलाशो
फाड़ा-पु० फाड़ दिया
दुगाड़ा-पु० दुनाली बन्दूक—तमंचा
दहाड़ा-पु० शेरकी आवाज़ शेर गरजा
सिंघाड़ा-पु० पानीका प्रसिद्ध फल। तिराहा, तिकौना
पनवाड़ा-पु० बबूलकी पतली लकड़ियां जिनकी छाल (कस्सा) उतर गयी हो
पहाड़ा-पु० गणितमें गुण क्रिया
कीड़ा-पु० जन्तु
पीड़ा-स्त्री० तकलीफ, दर्द दुःख
बीड़ा-पु० पानकी गिलौरी
ईड़ा-स्त्री० स्तुति
क्रीड़ा-स्त्री० खेल
उड़ा-पु० स
पुड़ा-पु० बड़ी पुड़िया
जुड़ा-पु० स
छुड़ा-पु० स
चूड़ा-पु० चोटी, कलाईमें पहननेका अलंकार हाथी दांतकी चूड़ियोंका समूह
जूड़ा-पु० चोटी, वेणी
पूड़ा-पु० गुलगुला, पूप

बेड़ा-पु० नाव, किश्ती, कई जहाज़ोंका लंगाटेर समूह गुरोह। सिपाहियोंका जथा, थोक

पेड़ा-पु० मावेकी मशहूर मिठाई

छेड़ा-पु० छेड़ दिया

भेड़ा-पु० नर भेड़

उधेड़ा-पु० उधेड़ डाला, खूब मारा

उखेड़ा-पु० उखाड़ दिया

बखेड़ा-पु० झमेला, सामान,

खेड़ा-पु० ग्राम सीमा

बछेड़ा-पु० घोड़ीका नर बच्चा

तोड़ा-पु० कमी। टुकड़ा। हज़ार रुपये। संगीतमें समके पूर्व की जर्वें। गाय भैंसके बच्चा देनेके बाद निकलने वाली जरायु (आंवल) झिल्ली

कोड़ा-पु० हंटर

जोड़ा-पु० साथी

मोड़ा-पु० मोड़ दिया

अलमोड़ा-पु० पहाड़ विशेष

घोड़ा-पु० स

फोड़ा-पु० स

रोड़ा-पु० ईंटका टुकड़ा

झँजोड़ा-पु० स

सकोड़ा-पु० स

मरोड़ा-पु० स

निचोड़ा-पु० स

गोड़ा-पु० घुटना

निगोड़ा-पु० नर्म गाली

कीड़ामकोड़ा-पु० जीव जन्तु

चौड़ा-पु० अर्ज

हतौड़ा-पु० लोहेका औज़ार

कौड़ा-पु० बड़ी कौड़ी

गिंदौड़ा-पु० खांडकी मिठाई

दौड़ा-पु० भागा

ढ़ा

कढ़ा, चढ़ा, पढ़ा, बढ़ा, गढ़ा — पु० स

णा

घृणा-स्त्री० नफ़रत

वीणा-स्त्री० बीन बाजा

धारणा-स्त्री० आत्मामें चित्तकी स्थिति। इरादा, ख़ियाल

मृग तृष्णा-स्त्री० फरेबे सुराब, रेतका जल प्रतीत होना

ताड़ी-स्त्री० ताड़का मादक रस। ताड़ ली

अनाड़ी-पु० कारीगरके विरुद्ध नावाक़िफ़

कुल्हाड़ी-स्त्री०लकड़ियां चीरने-का औज़ार

झाड़ी-स्त्री० कांटेदार वृक्ष। विशेष सघनबन

पहाड़ी-उ० छोटा पहाड़-स्त्री० पहाड़में रहनेवाला पु० पहाड़की चीज़ें

किवाड़ी-स्त्री० छोटी किवाड़

निवाड़ी-उ० निवाड़का

नाड़ी-स्त्री० नब्ज़

उड़ी-स्त्री० स

गुड़गुड़ी-स्त्री० हुक्केकी फ़र्शी

जुड़ी-स्त्री० स

मुड़ी-स्त्री० स

खेड़ी-स्त्री० एक क़िस्मका लोहा

एड़ी-स्त्री० पगभाग

बेड़ी-स्त्री० लोहेके कड़े डंडे जो चोरोंके पाऊंमें भरे जाते हैं

गेड़ी-स्त्री० लड़कोंके खेलकी लकड़ी

छेड़ी-स्त्री० स

उधेड़ी-स्त्री० स
डंडी-स्त्री० तराज़ूकी लकड़ी
रंडी-स्त्री० वेश्या
झंडी-स्त्री० ध्वजा
संडी-स्त्री० मस्त औरत, तैयार पुष्ट स्त्री
बंडी-स्त्री० जाकिट
ठंडी-स्त्री० सर्द शीतल
बढ़ी-स्त्री० स
चढ़ी-स्त्री० स
कढ़ी-स्त्री० मट्ठे और बेसनसे बना हुआ भोज्य पदार्थ
गढ़ी-स्त्री० छोटा क़िला
पढ़ी-स्त्री० स
गृहणी-स्त्री० पत्नी, घरवाली
धरणी-स्त्री० पृथ्वी
शिखरणी-स्त्री० पिंगलका वह छन्द जिसके प्रत्येक चरणमें १७ अक्षर इस प्रकार हों। ६+११ यति
।ऽऽ+ऽऽऽ+।।।+।।ऽ+ऽ।।+।ऽ
य + म + न + स + भ + लग
करो हे विद्वानो!, सरस कविता प्रास बलसे
संग्रहणी-स्त्री० रोग विशेष
देववाणी-स्त्री० संस्कृत भाषा
प्राणी-पु० जङ्गम, प्राणधारी
कल्याणी-स्त्री० कल्याण करने वाली
करिणी-स्त्री० हथनी
गर्भिणी-स्त्री० गर्भवती, हामिला
तरंगिणी-स्त्री० लहरोंवाली नदी
धारिणी-स्त्री० पृथिवी
प्रहर्षिणी-स्त्री० हल्दी। पिंगलका एक छन्द जिसमें १३ अक्षर इस प्रकार होते हैं
ऽऽऽ+।।।+।ऽ।+ऽ।ऽ+ऽ
म + न + ज + र + ग
उदा० प्रासोंके हित नित प्रास-पुञ्ज बाँचो
स्रग्विणी-स्त्री० पिंगलका वह छन्द जिसके हर चरणमें चार रगण १२ अक्षर हों
ऽ।ऽ+ऽ।ऽ+ऽ।ऽ+ऽ।ऽ

प्रास शृङ्गार है गद्य औ पद्यमें।

इसके दो चरणको एक मान लें तो गंगोदक हो जाता है।

रोहिणी-स्त्री० एक नक्षत्र

श्रेणी-स्त्री० क्लास, दर्जा, वर्ग

वेणी-स्त्री० केश रचनाका भेद

गर्भवती-स्त्री० हामिला, सगर्भा

जम्पती- } पु० मियां बीबी
दम्पती- } स्त्री पुरुष

भारती-स्त्री० सरस्वती, संस्कृत भाषा

मालती-स्त्री० जवान स्त्री, पुष्प विशेष

रसवती-स्त्री० रसोई, बावरची खाना

रेवती-स्त्री० एक नक्षत्र। बलदेवजीकी स्त्री

धरती-स्त्री० ज़मीन

भरती-स्त्री० स

करती-स्त्री० स

डरती-स्त्री० स

मरती-स्त्री० स

कुरती-स्त्री० स्त्रियोंका छोटा कुर्ता

फुरती-स्त्री० सुस्तीके विरुद्ध, तेज़ी

बत्ती-स्त्री० स

पत्ती-स्त्री० बारीक छोटे पत्ते। व्यापारमें शरीक होनेका भाग

दुलत्ती-स्त्री० दो लातोंकी ज़र्ब

पचहत्ती-स्त्री० पांचहाथ लम्बी

हत्ती-स्त्री० दस्ता, हेण्डिल

रत्ती-स्त्री० $\frac{1}{8}$ माशा, गुञ्जा

जत्ती-स्त्री० धातुके तार बढ़ाने का औज़ार

ख़राबाती×पु० शराबी, ज्वारी

तिलिस्माती×पु० इन्द्रजालवाला

मुलाक़ाती×पु० मित्र

बेसबाती×स्त्री० असारता

नाशपाती×स्त्री० फल विशेष

ज़ाती×उ० निजका

सिफ़ाती×उ० गौणिक
चपाती×स्त्री० रोटी
क़स्बाती× उ० क़स्बेका रहने वाला
देहाती×उ० ग्रामीण
ख़ैराती×उ० दांनखाते
बानाती×उ० बानातका
बरसाती×उ० ओवरकोट। वर्षा के समय सबसे ऊपर छायादार कमरा
तरसाती-स्त्री० स
मदमाती-स्त्री० मदमें चूर, मस्तानी
छाती-स्त्री० सीना
गाती-स्त्री० छातीपर कपड़ा लपेटना
मेवाती-पु० मेव जाति
कानाबाती-स्त्री० कानाफूसी, कानकी बातें
अछूती-स्त्री० अक्षत, जो अभी छुई न गयी हो
याकूती-स्त्री० याकूत रत्नसे सम्बन्धित

जूती-स्त्री० स
सूती-उ० सूतकी-का
दूती-स्त्री०
बबरूती-स्त्री० बबूलके पत्ते
धोती-स्त्री० स
होती-स्त्री० स
पोती-स्त्री० बेटेकी बेटी
गोती-पु० सहगोत्र
होती सोती-स्त्री० गाली—सगी
सोती-स्त्री० स
रोती-स्त्री० स
खोती-स्त्री० स
पिरोती-स्त्री० स
समोती-स्त्री० ठंडा गर्म पानी मिलाती
मोती-पु० मुक्ता, गौहर
जोती-स्त्री० ज्योतिका अपभ्रंश
ढोती-स्त्री० स
तोती-स्त्री० तोतेकी मादा
बोती-स्त्री० स
जयन्ती-स्त्री० पताका, ध्वजा
दमयन्ती-स्त्री० नलकी स्त्री

भागीरथी-स्त्री० गंगा
वीथी-स्त्री० गली, पंक्ति
नदी-स्त्री० सरिता
षट्पदी-स्त्री० छप्पय-छन्द जो चार चरण रोलाके और दो चरण उल्लालाके मिलकर छः चरणका बनता है। नाभादास-जी इस छन्दके रचनेमें बड़ा कमाल कर चुके हैं रोला देखो पृ० ७५ उल्लाला देखो पृ० ७२
बदी-स्त्री० बुराई, निन्दा, कुकर्म
लदी-स्त्री० भरी हुई
सदी×स्त्री० शताब्दी
देवनदी-स्त्री० सुरगंगा
सर्दी-स्त्री० शीत
बेदर्दी×पु० निर्दय
हमदर्दी×स्त्री० सहवेदना
जवांमर्दी×स्त्री० बहादुरी, वीरता
ज़र्दी×स्त्री० पीलापन
दश्तगर्दी×स्त्री० जंगलोंमें फिरना, अटवी-अटन

वर्दी×स्त्री० लिबास
आबादी×स्त्री० बसापत
दादी-स्त्री० पिताकी मां
शादी×स्त्री० खुशी, विवाह
आज़ादी×स्त्री० स्वतंत्रता
बरबादी×स्त्री० तबाही
बेदादी×स्त्री० अन्याय
बुन्यादी×उ० जड़वाला
फ़र्यादी×पु० प्रार्थी, दुःखनिवेदक
फ़ौलादी×उ० लोहेका-की
ख़ैरादी×पु० ख़ैरादपर उतारने वाला कारीगर
उस्तादी×स्त्री० गुरुपन, चाला-की, कमाल
शहज़ादी×स्त्री० राजकुमारी
मालज़ादी×स्त्री० गाली
कौमुदी-स्त्री० चांदनी
भेदी-पु० राज़दां, भेद जानने वाला
सफ़ेदी-स्त्री० क़लई, सफ़ेद रंग
वेदी-पु० वेदपाठी, शुद्ध किया हुआ स्थान, यज्ञस्थान, व्याख्यान देनेकी जगह,

आर्योंके अन्त्येष्टी संस्कारका स्थान

द्विवेदी-पु० दो वेदोंका ज्ञाता

चतुर्वेदी-पु० चारों वेदोंका ज्ञाता, चौबेजी

नाउमेदी-स्त्री० निराशा

हिन्दी-स्त्री० स

चिन्दी-स्त्री० कत्तर, चीथड़ा, धज्जी

बिन्दी-स्त्री० टिकली

कालिन्दी-स्त्री० यमुना

सन्दी-स्त्री० चारपाई, खाट

धी-स्त्री० बुद्धि

अद्धी-स्त्री० आधी दमड़ी, एक नैनसुख कपड़ा

बद्धी-स्त्री० फूलोंका वह हार जो दुल्हाके गलेमें जनेउवा डालते हैं। तलवारका आड़ा घाव, कोड़े कमचीकी मारका उभरा हुआ निशान

सुधी-स्त्री० अक़्लसलीम, अच्छी बुद्धि

मेन्धी-स्त्री० मेंहदी, हिना

अन्धी-स्त्री० जिसको दीखता न हो

गन्धी-पु० इत्रफ़रोश

अनी-स्त्री० नोक

कनी-स्त्री० टुकड़ा किर्च, हीरेका टुकड़ा, चावलका वह भाग जो गलनेसे रह गया हो

जनी-स्त्री० बेटी

घनी-स्त्री० अधिक, सघन

छनी-स्त्री० छनी हुई, गहरी छनी—अच्छी भंग घुटी—खूब लड़ाई हुई।

रामजनी-स्त्री० हिन्दू वेश्या

बनी-स्त्री० स

बनी ठनी-स्त्री० सजी हुई

तनी-स्त्री० खिची हुई। अँगरखे आदिका बन्द। रूठी

हुई, क्रोधमय, तूल पकड़ना

धनी-पु० धनवान, मालिक

सनसनी-स्त्री० सन्नाटा

चाँदनी-स्त्री० कौमुदी। सफ़ेद फ़र्श

कंचनी-स्त्री० वेश्या

सावनी-स्त्री० सावन माससे सम्बन्ध रखने वाली फ़स्ल

छावनी-स्त्री० फ़ौजी स्थान, कन्टुन्मेंट

बावनी-स्त्री० ५२ वाली

लावनी-स्त्री० गानेका विशेष ढंग और छन्द

सम्मार्जनी-स्त्री० झाड़ू बुहारी

हवनी-स्त्री० यज्ञकुण्ड

चटनी-स्त्री० स

नटनी-स्त्री० स

वीरपत्नी-स्त्री० बहादुर वीरकी स्त्री

शतघ्नी-स्त्री० तोप

चालनी-स्त्री० चलनी

जननी-स्त्री० माता

टिप्पनी-स्त्री० टीका, तशरीह

तर्जनी-स्त्री० अँगूठेके पासकी उंगली

धर्मपत्नी-स्त्री० जाया, स्त्री

पति वत्नी-स्त्री० जिसका पति मौजूद हो

रजनी-स्त्री० रात्रि

सजनी-स्त्री० सखी, स्त्री

भवानी-स्त्री० गिरिजा देवी, पार्वती

जवानी स्त्री० तरुणाई

राजधानी-स्त्री० दारुस्सल्तनत

हिमानी-स्त्री० बर्फ़का समूह

पानी-स्त्री० जल। आबदारी। ताक़त। जौहर। आब्रू। शर्म

कानी-स्त्री० जिसकी आंखमें विकार हो, खनिज-उ

बानी×पु० बुन्याद डालने वाला आरम्भ करने वाला

सानी×पु० दूसरा, जवाब, उपमान
जानी×पु० प्यारा
रानी-स्त्री० राजाकी स्त्री
फ़ानी×उ० नाशवान
मानी×पु० एक प्रसिद्ध चित्रकार
अमानी×उ० निजमें, जो काम ठेके पर न हो
नातवानी×स्त्री० कमज़ोरी दुर्वलत्व
रेशा दवानी×स्त्री० प्रेरणा
ज़बानी×स्त्री० मौखिक
म्यानी×स्त्री० पजामेमें दोनों पांयचोंके बीचका भाग,
लस्सानी×स्त्री० ज़बांदराज़ी वाचालता
कमानी-स्त्री० मशीनका पुर्ज़ा। चश्मेका फ्रेम
ब़दगुमानी×स्त्री० मिथ्या सन्देह, बेजा शुबह
गरानी×स्त्री० मँहगाई
मेहरबानी×स्त्री० दया, कृपा
निशानी×स्त्री० चिह्न, यादगार
नागहानी×स्त्री० यकायक, ख़ामख़ाह
बे दहानी×स्त्री० मुंः फटपन
खुश बयानी×स्त्री० सुवक्तृत्व, सुन्दर बयान करना
निहानी×स्त्री० गुप्त, बढ़ईका एक औज़ार
दरमियानी×उ० मध्यस्थ
पासबानी×स्त्री० रक्षा करना
हुक्मरानी×स्त्री० हुक्म चलाना, हुकूमत
शादमानी×स्त्री० ख़ुशी
आस्मानी×उ० नीला-ली, दैविक
ज़ाफ़रानी×उ० केसरिया
बद ज़बानी×स्त्री० दुर्भाषण
अर्ज़ानी×स्त्री० सस्ता होना
बेईमानी×स्त्री० अधर्म
नादानी×स्त्री० मूर्खता
ईरानी×उ० ईरान देशीय
रूहानी×उ० आत्मिक

दर्बानी×स्त्री० द्वार-रक्षा
तुग़यानी×स्त्री० चढ़ाव, जोश
मुसलमानी×स्त्री० मुसलमानत्व
खतना, इसलामसे
सम्बन्धित
पेशानी×स्त्री० मस्तक
हैरानी×स्त्री० तकलीफ़, आश्चर्य
दीवानी×स्त्री० पगली। अदालत
जिस्मानी×उ० शारीरिक [भेद
मुलतानी×स्त्री० एक मिट्टी,
मुलतानका-उ०
आसानी×स्त्री० सुगमता
क़ाआनी×पु० एक विद्वान फ़ार्सी
कविका नाम
लासानी×उ० अद्वितीय
सुखनदानी×स्त्री० काव्यमर्मज्ञता
निगरानी×स्त्री० रक्षा
ख़फ़क़ानी×पु० विक्षिप्त*
रमज़ानी×पु० इसलामी नाम,
प्रायः उन लोगोंका
जिनका जन्म रमज़ान
महीनेमें हुआ है*

* इन दोनों शब्दों—फ, म—को सस्वर बांधना चाहिये हल् लिखना अशुद्ध है।

जामदानी-स्त्री० } कपड़ेका नाम
कामदानी-स्त्री० }
बन्धानी-पु० भारी पत्थर आदि
उठानेवाले कुली
कहानी-स्त्री० कथा, हिकायत,
गल्प
नानी-स्त्री० मांकी मां
मुमानी×स्त्री० मातुली, मामी
स्यांनी-स्त्री० चतुर
चायपानी-पु० स
नशापानी-पु० स
महतरानी-स्त्री० भंगन, चमारी
सुर्मेदानी-स्त्री० स
खत्रानी-स्त्री० खत्री स्त्री
उस्तानी-स्त्री० अध्यापिका, गुरु-
पत्नी
वाहिनी-स्त्री० सेना, फ़ौज
विलासिनी-स्त्री० विलास-प्रिय-
स्त्री
सरोजिनी-स्त्री० कमलोंका समूह
हंसगामिनी स्त्री० } अच्छी चाल
गजगामिनी-स्त्री० } वाली, खुश-
ख़िराम

सागर गामिनी-स्त्री० नदी
हस्तिनी-स्त्री० स्त्री भेद
जैमिनी-पु० मीमांसाकार
तपस्विनी-स्त्री० तप करनेवाली साध्वी, आबिदा
तमस्विनी-स्त्री० रात्रि
नन्दिनी-स्त्री० वसिष्ठजीकी गाय। सुता
पद्मिनी-स्त्री० स्त्रीभेद
पयस्विनी-स्त्री० दूधवाली गाय
प्रबोधिनी-स्त्री० बुद्धि देनेवाली
भगिनी-स्त्री० बहन
भामिनी-स्त्री० सुन्दरी
मानिनी-स्त्री० नाज़ करनेवाली, रूठनेवाली
मेदिनी-स्त्री० ज़मीन
मोदिनी-स्त्री० खुश करनेवाली। अजवाइन
यामिनी-स्त्री० रात
मंजुमालिनी-स्त्री० पिंगलका वह छन्द जिसमें १५ वर्ण इस प्रकार हों
SS I+ SS I SS + SSS + III + III
न + न + म + य + य
८+७ पर यति उ०
सरस चरण धारे, प्रासपुंजानुसारे
झीनीझीनी-स्त्री० गन्धका विशेषण, शीतल-मन्द सुगन्ध-वायु
झीनी-स्त्री० बारीक
दीनी×उ० धार्मिक
रंगीनी×स्त्री० स
चीनी×स्त्री० चीनी मिट्टी, खांड, रवा
सीनी×स्त्री० थाल
बीनी×स्त्री० नाक
शुनी-स्त्री० कुतिया,
गुनी-पु० गुणवान, हुनरमन्द
बुनी-स्त्री० बुनी हुई
घुनी-स्त्री० बीझी, घुन लगीहुई,
चुनी-स्त्री० छांटी हुई, इन्तख़ाब की हुई
भुनी-स्त्री० भुनी हुई

सुनी-स्त्री० सुनली

सतगुनी-स्त्री० सातगुनी

अफ़यूनी×पु०अफ़यून खानेवाला

खूनी×पु०खून करनेवाला, क़ातिल

अन्दरूनी×उ० अन्दरका

बेरूनी×उ० वाह्य, बाहरका

जुनूनी×पु० दीवाना

सावूनी-स्त्री० निरी खांडकी एक मिठाई

ऊनी-उ० ऊनका-की

बातूनी-उ० बतबनी, गप्पी

दूनी-स्त्री० दुचन्द, द्विगुण

सूनी-स्त्री० ख़ाली, ग़ैरआबाद

धूनी-स्त्री० अग्निराशि

छैनी-स्त्री० लोहेका औज़ार जिस्से लोहा काटते हैं

पिक बैनी-स्त्री० सुन्दर आवाज़ वाली, शीरीकलाम नारी

मृग नैनी-स्त्री० सुन्दर नेत्रवाली आहूचश्म

रैनी-स्त्री० भुसका तलछट। कुसुमसे रंग निकालने की क्रिया

बेचैनी-स्त्री० व्याकुलता

टैनी-स्त्री० पस्तक़द। छोटा मुर्ग़

त्रिबैनी-स्त्री० गंगा-यमुना-सरस्वति-सम्मेलन

लौनी-स्त्री० दहीसे निकला हुआ वह घी जो ताया न गया हो

सलौनी-स्त्री० नमकीन

अलौनी-स्त्री० फीकी, जिसमें नमक न हो

हौनी-स्त्री० शुदनी

अनहौनी-स्त्री० जो न हो सके, ना मुमकिन, असम्भव

पौनी-स्त्री० छोटा कफ़गीर, तीन चौथाई वस्तु

बौनी-स्त्री० पस्तक़द वाली,

काफ़ी×उ० पर्याप्त, बस

मुआफ़ी×स्त्री० क्षमा

तलाफ़ी×स्त्री० बदल

बे इन्साफ़ी×स्त्री० अन्याय

ग़बी×पु० कुन्द ज़हन, मन्द मति

दबी-स्त्री० दबी हुई

नबी×पु० इस्लामी आप्त पुरुष, रसूल ईश्वरके भेजे हुए सुधारक
शकर लबी-स्त्री० अधरामृतपन
अरबी-स्त्री० अरब देशीय, प्रसिद्ध भाषा जो कुरआने करीमकी है
मज़हबी-उ० धार्मिक
हलबी-उ० हलबका
आबी-उ० जलका
रकाबी-स्त्री० तश्तरी
चाबी×स्त्री० कुंजी, ताली
शराबी×पु० मद्यप, शराब पीने वाला
कबाबी×स्त्री० कबाब बेचनेवाला
उन्नाबी×उ० उन्नावके रंगका
बे हिजाबी×स्त्री० बे शर्मी
बे नक़ाबी×स्त्री० घूंघटका न होना, बे पर्दा
ख़राबी×स्त्री० बुराई
शिताबी×स्त्री० जल्दी, शीघ्रता
जवाबी×उ० जवाब वाला

किताबी×उ० पुस्तकका
बेख़ाबी×स्त्री० नींद न आना
बेताबी×स्त्री० बेक़रारी, आकुलता
ख़ूबी×स्त्री० गुण, सौन्दर्य, कमाल
महबूबी×स्त्री० माशूकी, स्नेह—सामग्री
जेबी×उ० जेबमें रहने योग्य, छोटा
फ़रेबी×पु० चालाक, धोकेबाज़
जलेबी-स्त्री० प्रसिद्ध मिठाई
धोबी-पु० कपड़े धोनेवाला, रजक, गाज़ुर
चोबी×उ० लकड़ीका
सीनाकोबी×स्त्री० छाती कूटना, मातम करना
शमी-स्त्री० छेकुर वृक्ष
अमी-पु० अमृत
कमी×स्त्री० कसर, न्यूनता
ग़मी×स्त्री० रंज, मौत
जमी-स्त्री० जम गयी
मातमी-स्त्री० शोक सूचक
थमी-स्त्री० रुक रही

नमी-स्त्री० सील, तरी, गीलापन
रमी-स्त्री० रम रही
बरहमी-स्त्री० आज़ुर्दगी, नारा-
ज़गी । तित्तर बित्तर
कामी-पु० कामुक, शहवतपरस्त,
ख़ामी×स्त्री० कचाई
वेश्या गामी-पु० रंडीबाज़
गरुड़ गामी-पु० श्रीविष्णु भग-
वान
जामी×पु० एक फ़ार्सी शाइरका
नाम
मुदामी×अ० हमेशा वाला
नामी×पु० मशहूर, प्रसिद्ध
सियः फ़ामी×स्त्री० शामलता,
अन्तर्यामी-पु० ईश्वर
हरामी×पु० व्यभिचार जन्य,
गाली
ग़ुलामी×स्त्री० दासत्व
पयामी-पु० दूत
सलामी-स्त्री० सत्कार, सलाम,
शस्त्रों द्वारा स-
लाम करना, तोपों
की आवाज़ से
सत्कार, भेट,
ढलवां
मुक़ामी×उ० स्थानीय
असामी×स्त्री० साहुकारोंसे कर्ज़
लेनेवाला
निज़ामी×पु० नाम, तख़ल्लुस
नाकामी×स्त्री० हताशता
गुमनामी× × अप्रसिद्धी
बादामी×उ० बादामका
हज्जामी×स्त्री० नाईपन
इस्लामी×उ० मुसलमानोंका-की
ख़ुश कलामी×स्त्री० मधुरभाषण
अच्छी कविता करना
बे इन्तज़ामी×स्त्री० बुरा प्रवन्ध
गर्मी×स्त्री० उष्णता
नर्मी×स्त्री० कोमलता
बे शर्मी×स्त्री० निर्लज्जता
अधर्मी-पु० पापी
कुकर्मी-पु० पापी
बरी×उ० मुक्त
परी×स्त्री० काल्पनिक (ख़ियाली)

परों वाली स्त्री, खूब सूरत

तरी×स्त्री० नमी

जरी×पु० वीर बहादुर

ज़री×स्त्री० रुपहरी तार

दरी×स्त्री० फ़र्शका कपड़ा

बहतरी×स्त्री० भलाई

अफसरी×स्त्री० प्रमुखपन

सरसरी×उ० मामूली, सामान्य

रहबरी×स्त्री० राह बताना

दिलबरी×स्त्री० मन हरना

लशकरी×पु० सेनाका

सितमगरी×स्त्री० अत्याचार

खरी-स्त्री० जो खोटी न हो

दफ्तरी×पु० जिल्दें बनानेवाला, दफतरका सामान सँभालने वाला

फरी×स्त्री० ढाल

नरी×स्त्रीचमड़ा

सौदागरी×स्त्री० तिजारत, व्यापार

चरी-स्त्री० ज्वारके पेड़ जो चारे के काममें आते हैं

हरी-स्त्र० सब्ज़

जादूगरी×स्त्री० शौबदेबाज़ी इन्द्रजाल

नागरी-स्त्री० शहरी । हिन्दीलिपि

कोठरी-स्त्री० छोटा कमरा

छोकरी-स्त्री० दासी । लड़की

टोकरी-स्त्री० छोटा टोकरा

बारह दरी-स्त्री० जिसमें १२ दर वाज़े हों

जनवरी-पु० अंग्रेज़ी महीनेका नाम

फ़रवरी-पु० „ „ नाम

नम्बरी-पु० संख्यांकित

चंचरी-स्त्री० भौंरी

झलुरी-स्त्री० ढोलकी

मन्दोदरी-स्त्री० रावणकी पत्नी

सुन्दरी-स्त्री० रमणी, स्त्री, पिंगल का वह छन्द जिसमें २५ अक्षर इस प्रकार हों ||ऽ+||ऽ+||ऽ+||ऽ+||ऽ +||ऽ+||ऽ+||ऽ+ऽ स+स+स+स+स+स +स+स+गु, उ०

मुखसे कविता—कलि
बोल उठे
यदि प्रास निवास करे
कलि माहीं
इसके अन्तका एक अक्षर
कम करनेसे दुर्मिल बन
जाता है

विभावरी-स्त्री० रात्रि, कुटनी

शस्यमञ्जरी-स्त्री० नये अन्नकी
बाल

शाम्बरी-स्त्री० इन्द्रजाल,बाज़ीगरी

गायत्री-स्त्री० एक वैदिक छन्द
जिसमें २४ वर्ण होते हैं
८+८+८ पर यति
अग्निमीळे पुरोहितं=८
यज्ञस्य देवमृत्वजम्=८
होतारं रत्न धातमम्=८
ऋग्वेद मं० १ २४
तत्सवितुर्वरेण्यम्=७
भर्गोदेवस्य धीमहि=८
धियो योनः प्रचोदयात्=८
यजुर्वेद ३६।३ २३
ऋ० मं० ३ सू० ६२ मं० १०
सा० उ० ६।३।१०
यह गुरु मन्त्रभी गायत्री
छन्दमें है अधिक महत्व
पूर्ण होनेसे इस मंत्रका
ही नाम गायत्री कहने
लगे हैं। मैंने इसपर
वाद विवाद होते देखा
है कि गायत्री छन्द २४
अक्षरका होता है इसमें
२३ ही हैं इसका समा-
धान यह है कि गायत्री
के अनेक भेदोंमें एक
निचृत् है यदि नियत
वर्णोंसे एक अक्षर कम
हो तो निचृत कहलाता
है,दो कम होंतो विराट्।
एक अधिक हो तो
भूरिक्, दो अधिक होतो
स्वराट् गायत्री है।

गोदावरी-स्त्री० एक नदी

घनाक्षरी-स्त्री० पिंगलका वह

छन्द जिसके प्रत्येक चरणमें ३१वर्ण हों लघु गुरुका नियम नहीं परन्तु ध्वनि न बिगड़े १६+१५ पर यति, अन्त गुरु।
उ० कवियोंके कामकी है कविताकी कलक हो, प्रासनकी पोथी जाको नाम प्रासपुञ्ज है।
घनाक्षरीके चरणान्तमें एक लघु बढ़ानेसे "रूप-घनाक्षरी" बन जाता है

रात्री-स्त्री० रात

शास्त्री-पु० शास्त्रोंका ज्ञाता, एक विद्या पदवी

सामग्री-स्त्री० सामान, हवनद्रव्य

स्त्री-स्त्री० औरत

श्री-स्त्री० लक्ष्मी

शहरी-उ० शहरका

नहरी-उ० नहरसे सेराब होने वाला, नहरवाला

महरी-स्त्री० कहारी

गहरी-स्त्री० नीची, गहराई

इकहरी-स्त्री० एकहरी

लहरी-उ० मौजी, लहरवाली, तरङ्गवाली

बहरी-स्त्री० न सुन्नेवाली

गिलहरी-स्त्री० एक जानवर

कचहरी-स्त्री० अदालत

मसहरी-स्त्री० पलंगपर लगा-नेका छपरखट

सुनहरी-उ० सोनेके रंगका, सोनेका

गान्धारी-स्त्री० दुर्योधनकी माता

मार्ज़ारी-स्त्री० बिल्ली

बारी-स्त्री० नम्बर, ओसरा

जारी×-उ० स

कारी×-पु० गहरा। पूर्ण

यारी×-स्त्री० मित्रता

ज़ंगारी× उ० नीलगूं रंग

दर्बारी×-पु० राज—सभासद। एक रागनी

बाज़ारी×स्त्री० वेश्या। बाज़ार

सरकारी×उ० राज सम्बन्धी

सरदारी×-स्त्री० वड़प्पन

अत्तारी×-स्त्री० औषधियोंकी दुकान

ऐयारी×-स्त्री० मक्कारी

बेक़रारी×-स्त्री० व्याकुलता

आरी-स्त्री० लकड़ी चीरनेका दांतेदार औज़ार

वफ़ादारी-स्त्री० सत्यनिर्वाह, धर्मपालन

गिरिफ्तारी×स्त्री० पकड़

सियाहकारी×स्त्री० कुकर्म करना

उम्मीद्वारी×स्त्री० आशा करना

परहेज़गारी×स्त्री० पवित्रता, बुराईसे बचना

भारी-उ० स

हारी-स्त्री० स

कहारी-स्त्री० कहारकी स्त्री

प्यारी-स्त्री० स

क्यारी-स्त्री० खेत और बागमें बनाए हुए चौकोण भाग

अचारी-स्त्री० अचार रखनेका कांचका बर्तन

कुमारी-स्त्री० लड़की कन्या

ज्वारी-पु० जुआ खेलने वाला, क़िमार-बाज़

दुलारी-स्त्री० लाडली

तुम्हारी-स्त्री० स

हमारी-स्त्री० स

सितारी-स्त्री० छोटा सितार

पिटारी-स्त्री० स

चमारी-स्त्री० चमारकी स्त्री

सवारी×-स्त्री० रथ और रथी दोनोंपर यह शब्द बोला जाता हैं।

शिकारी×-पु०शिकार खेलनेवाला

विहारी-पु० विहारका रहनेवाला, विहारसे सम्बन्धित, हिन्दीके एक महोत्तम कविका नाम, जिनकी सतसई प्रसिद्ध है *

*श्रीमान् पं० पद्मसिंहजी शर्माने इसकी अपूर्व, सर्वोत्तम व्याख्या छपवायी है हिन्दी पुस्तक एजेन्सी १२६ हरिसन रोड कलकत्तासे २)में मिलती हैं

नहारी×स्त्री० नाश्ता, दिनका खाना

बीमारी×स्त्री० रोग

बेगारी-पु० रईस-ज़िमींदारोंकी पकड़में काम करने वाला

लाचारी×स्त्री० विवशता, मजबूरी

आज़ारी×उ० रोगी

हुशयारी×स्त्री० अक़्लमन्दी; सावधानी

तरकारी×स्त्री० शाक भाजी

मक्कारी×स्त्री० छल, दग़ा, फ़रेब

ख़ाकसारी×स्त्री० नम्रता

आबकारी×स्त्री० शराब बनानेका कारख़ाना

आबदारी×स्त्री० चमक, सफ़ाई

गुनहगारी×स्त्री० पापीपन

ख़िदमतगारी×स्त्री० सेवाकर्म

अटारी-स्त्री० बालाख़ाना

कटारी-स्त्री० छुरी

गंवारी-स्त्री० ग्रामीण स्त्री ग्रामीण

कुम्हारी-स्त्री० कुम्भकारकी स्त्री

पिचकारी-स्त्री० स

चिंगारी-स्त्री० स

भटियारी-स्त्री० स

पंसारी-पु० किरानेका माल बेचनेवाला

व्यापारी-पु० व्यौपार करनेवाला

सुपारी-स्त्री० छालिया

भण्डारी-पु० भण्डार-रक्षक

पनिहारी-स्त्री० पानी भरने वाली

फुलवारी-स्त्री० स

पिसनहारी-स्त्री० आटा पीसने वाली

शाइरी×स्त्री० कविता

ज़ाहिरी×उ० बाह्य; जो देखनेमें आता हो

मुसाफ़िरी×स्त्री० यात्रा

हाज़िरी×स्त्री० उपस्थिति

झिरी-स्त्री० जोड़ोंमें खुला हुआ भाग

किरकिरी-स्त्री० बेइज़्ज़ती। मिट्टी मिली हुई

मौलसिरी-स्त्री० पुष्प विशेष
अमीरी×स्त्री० दौलतमन्दी
पीरी×स्त्री० बुढ़ापा
असीरी×स्त्री० क़ैद, बन्धन
फ़क़ीरी×स्त्री० साधुता, भीक मांगना
दस्तगीरी×स्त्री० मदद करना
तक़दीरी×उ० दैवाधीन, भाग्यकी
तक़रीरी×उ० मौखिक ज़बानी
तहरीरी×उ० लेख बद्ध
कश्मीरी×उ० कश्मीरका
ख़मीरी×उ० ख़मीरका
अहीरी-स्त्री० अहीर जातिकी स्त्री
नफ़ीरी×स्त्री० बांसरीकी तरह का बाजा
टटीरी-स्त्री० पक्षीविशेष
पंजीरी–स्त्री० बरफ़ीकी तरह जमाया हुआ पाक
मीरी-उ० अव्वल, सबसे पहिला
बुरी-स्त्री० जो अच्छी नहीं, निकृष्ट
छुरी-स्त्री० स

खुरी-स्त्री० हरिण बकरी आदिके पाऊं
धुरी-स्त्री० गाड़ीमें लोहेका डंडा जिसमें पहिया घूमता है
झुरझुरी-स्त्री० टूटी सी
इकलखुरी-स्त्री० अपनाही पेट पालने वाली
भुरभुरी-स्त्री० ख़स्ता
बेसुरी-स्त्री० स्वरहीन
तुरी-स्त्री० बिगुलनुमा बाजा
सुरपुरी-स्त्री० देवधाम, स्वर्ग लोक
मधुपुरी-स्त्री० मथुरा
चातुरी-स्त्री० बुद्धिमानी, चतुराई
दूरी×-स्त्री० फ़ासिला, अन्तर, वियोग
पूरी-स्त्री० सम्पूर्ण, कचोरीकी बहन
अधूरी-स्त्री० अपूर्ण
हुज़ूरी×-स्त्री० सेवा, नज़दीकी, सामने

ज़रूरी×-उ० आवश्यक
मजबूरी×-स्त्री० लाचारी
मंज़ूरी×-स्त्री० स्वीकार
दस्तूरी×-स्त्री० कमीशन, बट्टा, दलाली
मज़दूरी+स्त्री० उजरत, महनतका बदला
तनूरी×-उ० तनूरका
भूरी-स्त्री० सफेद
दिलेरी×स्त्री० बहादुरी, वीरता
अंधेरी-स्त्री० स
बेरी-स्त्री० बेरका दरख़्त
फेरी-स्त्री० स
ढेरी-स्त्री० राशि
बहुतेरी-स्त्री० बहुत
मेरी-स्त्री० स
तेरी-स्त्री० स
चेरी-स्त्री० दासी
महेरी-स्त्री० एक रीतिसे पकाया हुआ अन्न जो बैल घोड़ों को दिया जाता है।
मुंडेरी-स्त्री० दीवारका छतसे कुछ ऊंचा भाग
पनसेरी-स्त्री० पांचसेरका बाट
चन्देरी-पु० नगर विशेष
गंडेरी-स्त्री० गन्नेके छोटे छोटे टुकड़े, एक मिठाई
चचेरी-स्त्री० चचाकी लड़की
ख़लेरी-स्त्री० ख़ालाकी लड़की
भेरी-स्त्री० एक बाजा
चोरी-स्त्री० स
कोरी-स्त्री० जो अभी इस्तेमालमें न आयी हो, बे धुली
डोरी-स्त्री० स
लोरी-स्त्री० बच्चोंको सुलानेके गीत
कटोरी-स्त्री० प्याली
गोरी-स्त्री० सफ़ेद, । स्त्री
किशोरी-उ० नाम, किशोरावस्था को प्राप्त
छिछोरी-स्त्री० देखो छिछोरा
चटोरी-स्त्री० चाट चाटनेवाली
पुंश्चली-स्त्री० छिनाल औरत
मुक्तावली-स्त्री० मोतियोंका हार
रत्नावली-स्त्री० जवाहरातका हार

रोमावली-स्त्री० रोम-पंक्ति

वृषली-स्त्री० नीच स्त्री

सम्भली-स्त्री० कुटनी, व्यभि-चारिणी

अली-उ० भौंरा-पु, सखी-स्त्री० क़तार-स्त्री०

जली-स्त्री० जलनेका भूतकाल

वली-पु०बलवान । कुर्बानी, भेट

सन्दली-उ० सन्दलके रंगका, संदलका, काठकी सीढ़ी जो अपने ही सहारे से दीवारका आश्रय लिये बग़ैर बीच कमरेमें लगती है

गली-स्त्री० कूचा । गली हुई

कली-स्त्री० मुकुल, गुञ्चा

कदली-स्त्री० केला

बदली-स्त्री० घटा

चली-स्त्री० स

टली-स्त्री० स

डली-स्त्री० स

तली-स्त्री० पैंदी । घी तेलमें सेंकी

थली-स्त्री० बैठनेकी जगह, शेर का निवास स्थान

दली-स्त्री० दली गयी

नली-स्त्री० पाइप

पली-स्त्री० लोहेका चमचा जिस में खड़ी डंडी लगती है जिस्से घी तेल निकालते हैं । पोषित

फली-स्त्री० स

भली-स्त्री० अच्छी

मली-स्त्री० स

मली दली-स्त्री० मसोसी हुई

रामकली-स्त्री० एक रागनी

बेकली-स्त्री० बेचैनी

भँवरकली-स्त्री० एक प्रकारका लोहेका कड़ा जो पशु-ओंके गलेमें बांधते हैं हर तरफ़ घूमता रहता है पशुके घूमनेसे रस्सेमें बल नहीं चढ़ने देता

चम्पाकली-स्त्री० एक ज़ेवर

ताली-स्त्री०चाबी । हाथपर हाथ मारनेकी ध्वनि

जाली-स्त्री० जाल, तार, सूत, रस्सी, आदिसे जो बनती है, लोहेकी ढली हुई, लकड़ी पत्थरे ईंट आदि अनेक प्रकारकी होती है

हाली-पु० हल चलाने वाला, हालतसे सम्बन्धित,

ख़ाली×उ० रीता, रिक्त

आली-स्त्री० सखी। गीली

शाली-स्त्री० काला ज़ीरा

माली-पु० बाग़बान

वाली×पु० वारिस मालिक

लाली-स्त्री० सुर्ख़ी, आबरू

दल्लाली-स्त्री० दल्लालपनका काम, कमीशन खानेका व्यवसाय, आढ़त, दस्तूरी, सौदा पटवा देनेका हक़

कोतवाली-स्त्री० पुलिस स्टेशन, दारोग़ाका पद

मवाली-पु० फक्कड़

ख़ियाली-उ० काल्पनिक, ख़यालसे सम्बन्धित

बहाली-स्त्री० फिर ओहदेपर मामूर होना। ताज़गी, प्रफुल्लता

हलाली-पु० हरामीके विरुद्ध

उजाली-स्त्री० चांदनी

मतवाली-स्त्री० दीवानी, मस्तानी

बाली-स्त्री० कानका ज़ेवर। अवस्थाका विशेषण छोटी उम्र

प्याली-स्त्री० कटोरी

थाली-स्त्री० स

पाली-स्त्री० मुर्ग़ बटेर आदिका अखाड़ा। चपनी, मर्तिये का ढकना

डाली-स्त्री० शाखा

काली-स्त्री० शामा, स्याह

गाली-स्त्री० स

दुनाली-स्त्री० दो नालकी बन्दूक़

जुगाली-स्त्री० केवल नीचेके दांतवाले पशु चारा पेटमें डालनेके बाद जो फिर उसे निकाल निकाल

कर बारीक करनेके लिये जबड़ा चलाते हैं और खाते हैं
भूपाली-स्त्री० एक रागनी। भूपाल नगरकी उ०
डफ़ाली-पु० दफ़ बजानेवाला
दिवाली-स्त्री० कार्तिक कृष्ण ३० का त्यौहार दीपमालिका
देखाभाली-स्त्री० स
कर्णपाली-स्त्री० कानका ज़ेवर —बाली
पंचाली-स्त्री० गुड़िया
पाञ्चाली-स्त्री० द्रोपदी
मैथिली-स्त्री० जानकीजी
झिलमिली-स्त्री० किवाड़ या खिड़कीमें पटरियोंके दिले
पिलपिली-स्त्री० ढीली, नर्म
खिली-स्त्री० विकसित
मिली-स्त्री० स
छिली-स्त्री० स

पिली-स्त्री० स
बिल्ली-स्त्री० मार्जारी
दिल्ली-स्त्री० भारतकी राजधानी प्रसिद्ध नगर इन्द्रप्रस्थ
शेखचिल्ली-पु० बेवुक़ूफ़ोंका सरदार
खिल्ली-स्त्री० हंसी दिल्लगी
सिल्ली-स्त्री० उस्तरा तेज़ करनेकी पथरी। बर्फ़की पटिया। चांदी सोनेका बड़ा टुकड़ा। शिला
तिल्ली-स्त्री० बाईं कोकमें अंग विशेष, तिहाल प्लीह-इसका बढ़ना रोग है
मिल्ली-स्त्री० समधियोंके मिलापकी भेट जो नक़्द नज़राना दिया जाता है
झिल्ली-स्त्री० पतली खाल
रसीली-स्त्री० सरस, प्यारी
रंगीली-स्त्री० शौख़, रंगीं मिज़ाज

नुकीली-स्त्री० शोख़ रंगीं मि-
ज़ाज, नोकवाली

ढीली-स्त्री० तंगके विरुद्ध

नीली-स्त्री० आस्मानी रंगकी

पीली-स्त्री० ज़र्द रंगकी

तीली-स्त्री० सींक, शलाका

पतीली-स्त्री० देगची, कसेंडी

कीली-स्त्री० खड़ी गड़ी हुई खूंटी

गीली-स्त्री० नम, तर

सीली-स्त्री० नम, तर .

छबीली-स्त्री० रंगीन मिज़ाज,
सजी हुई

कुली-×पु० मज़दूर

तुली-स्त्री० तोली हुई

खुली-स्त्री० स्पष्ट

घुली-स्त्री० स

मिली जुली-स्त्री० मिश्रित

चुलबुली-स्त्री० चंचल, चालाक

चुल्ली-स्त्री० चूल्हा

मामूली-उ० साधारण

मूली-स्त्री० एक शाकका नाम

लूली-स्त्री० जिसकी टांग टूट
गयी हो

भूली-स्त्री० स

क़ुबूली-स्त्री० एक प्रकारकी
खिचड़ी। स्वीकार की

फूली-स्त्री० स

सूली-स्त्री० मशहूर सज़ा

अलबेली-स्त्री० बांकी, बनीठनी,
अनोखी सुन्दरी,

सेली-स्त्री० रेशमी-सूती-वालों
की लड़ी जो फ़क़ीर
गलेमें डालते हैं

जेली-स्त्री० एक खाना

चँबेली-स्त्री० एक पुष्प वृक्ष

अकेली-स्त्री० तनहा, जहां दूसरा
न हो

सौतेली-स्त्री० सौतनकी

तेली-पु० तेल पेलनेवाली जाति

अटखेली-स्त्री० खेल, छेड़

पहेली-स्त्री० पहेलिका

सहेली-स्त्री० सखी

बोली-स्त्री० भाषा, गुफ्तगू

तंबोली-पु० पान बेचनेवाला

बोली ठोली-स्त्री० आवाज़ा

कसना, ताना, व्यङ्ग रूपसे आक्षेप

टोली-स्त्री० गुरोह, झुंड

ढोली-स्त्री० पानोंकी गठरी

झोली-स्त्री० स

डोली-स्त्री० स

गोली-स्त्री० स

भोली-स्त्री० स

रोली-स्त्री० मस्तक पर टीका लगानेका लाल द्रव्य-कुङ्कुम

खटोली-स्त्री० छोटीसी खाट

ठिटोली-स्त्री० मज़ाक़, दिल्लगी

मँझोली-स्त्री० दो बहलोंसे चलने वाली प्राचीन सवारी

चोली-स्त्री० कंचुकी, आँगी

प्रतोली-स्त्री० गली, कूचा

जाह्नवी-स्त्री० गंगा

तन्वी-स्त्री० स्त्री

देवी-स्त्री० विदुषी स्त्री, दुर्गा, देव-पत्नी

पदवी-स्त्री० रुतबा, दर्जा, ओहदा

विन्ध्याटवी-स्त्री० विन्ध्याचल का बन

देहलवी×उ० दिल्लीका

लखनवी×उ० लखनऊका

साध्वी-स्त्री० साधुस्त्री

काशी-स्त्री० बनारस, वाराणसी

अविनाशी-पु० परमेश्वर-जिस का कभी नाश न हो

दाक्षी-स्त्री० पाणिनी मुनिकी माता

मृगाक्षी-स्त्री० सुन्दर नेत्रवाली स्त्री

महिषी-स्त्री० पटरानी, भैंस

अभिलाषी-पु० चाहनेवाला

मितभाषी-पु० हदमें रहकर बोलनेवाला कमगो

तुलसी-स्त्री० एक छोटासा वृक्ष रामायणके रचनेवाले गोस्वामी तुलसीदासजी महाराज-पु०

मसी-स्त्री० रोशनाई, लिखनेकी स्याही

आर्सी-स्त्री० दर्पण, अँगूठेमें पहने का औरतोंका एक ज़ेवर ,

इटार्सी-स्त्री० एक नगरका नाम

बनार्सी-उ० काशीका–की

फ़ार्सी-स्त्री० भाषा विशेष

वासी-पु० रहनेवाला

प्यासी-स्त्री० स

पासी-स्त्री० रस्सियोंकी जाली जिसमें भुस या उपले बांधते हैं

उन्नासी-उ० संख्या ७६

चपरासी-पु० सिपाही

दासी-स्त्री० बांदी, टहलनी

रासी-उ० जो बहुत बढ़िया न हो बिचली वस्तु

रूशनासी×स्त्री० पहचान

उदासी-स्त्री० सुस्ती, फीकापन, बेआब

कपासी-स्त्री० हलवाइयोंकी चाशनीका एक भेद

भीम पलासी-स्त्री० एक रागनी

सत्यनासी-पु० मनहूस, उजाड़ू, एक जंगली वृक्ष कटेली–स्त्री

बांसी-स्त्री० बांसकी छोटी पौद

कांसी-स्त्री० एक धातु

खांसी-स्त्री० प्रसिद्ध रोग

हांसी-स्त्री० हंसी दिल्लगी

फांसी-स्त्री० गलेमें फन्दा डाल कर फिर लटका कर मार डालनेकी सज़ा

झांसी-स्त्री० एक नगरका नाम

बही-स्त्री० किताब, बह गयी

रही-स्त्री० स

रही सही-स्त्री० स

गही-स्त्री० पकड़ी

सही-स्त्री० माना

वाराही-स्त्री० सूअरिया, सूकरी

वाही×पु० आवारा

तवाही×स्त्री० बर्बादी

बादशाही०उ० स

सियाही×स्त्री० कालख, रोशनाई, मसी
बेगुनाही×स्त्री० निरपराधता
सिपाही×पु० चपरासी, चौकीदार, सैनिक
गवाही-स्त्री० साक्षी, शहादत
गुमराही-स्त्री० रास्ता भूलना
वैदेही-स्त्री० जानकीजी
लेही-स्त्री० चिपकानेकी मशहूर चीज़

उकारान्त

कंकु-पु० कंगनी, अन्नभेद
त्रिशङ्कु-पु० राजा हरिश्चन्द्रके पिताका नाम
रघु-पु० सूर्यवंशी एक राजा जिसके कुलमें श्रीरामचन्द्रजी महाराजका जन्म हुआ
लघु-पु० छोटा, पिङ्गलमें एक मात्रा वाला अक्षर जिसका चिह्न प्रायः "।" है
मञ्जु-उ० सुन्दर, मनोहर
कटु-उ० कड़वा
वटु-पु० बालक
पलाण्डु-पु० प्याज़
अणु-पु० ज़र्रा
परमाणु-पु० अणुका भी सूक्ष्म भाग
स्थाणु-पु० ठूंठा, सूखा वृक्ष, थड़
विष्णु-पु० हरि
जिष्णु-पु० हरि
सहिष्णु-पु० सहनेवाला, धृतिवान
रेणु-स्त्री० धूलि, ख़ाक, पराग
वेणु-पु० बांस
करेणु-पु० हाथी, गज
वस्तु-स्त्री० चीज़
मस्तु-पु० मट्ठा, छाछ
जतु-पु० लाख, लाक्षा
ऋतु-स्त्री० मौसिम, दो मासका समय
पितु-पु० पिता
धातु-स्त्री० सोना चांदी आदि

शरीरके सात विकार—
रस, रुधिर, मांस, मेद,
अस्थि, मज्जा, शुक्र।

शिवधातु-पु० पारा
जन्तु-पु० कीड़े मकोड़े
तन्तु-पु० तार
परन्तु-अ० लेकिन, मगर
किन्तु-अ० ,, ,,
हेतु-पु० कारण, दलील
सेतु-पु० पुल
केतु-पु० ग्रह——राहुके शरीरका भाग। पताका, ध्वजा
इन्दु-पु० चन्द्र
विन्दु-पु० बिन्दी, शून्य चिह्न
साधु-पु० अच्छा, महात्मा
सिन्धु-पु० समुद्र
बन्धु-पु० भाई
कर्कन्धु-स्त्री० बेर, बदरी फल
हनु-स्त्री० ठोड़ी
शान्तनु-पु० भीष्मके पिता
भानु-पु० सूर्य
ज़ानु-पु० घुटना

कृशानु-पु० अग्नि
वृषभानु-पु० राधाके पिताका नाम
धेनु-स्त्री० गौ
रिपु-पु० शत्रु, दुश्मन
अम्बु-पु० जल
कम्बु-पु० हाथी, शंख
जम्बु-पु० इस द्वीपका नाम। जामन
प्रभु-पु० मालिक, स्वामी
शयु-पु० अज़दहा, अजगर सांप
आयु-स्त्री० उम्र
वायु-स्त्री० हवा, पवन (सं०पु०)
पायु-स्त्री० गुदा.
गोमायु-पु० गीदड़, शृगाल
मरु-पु० रेगस्तान, निर्जल देश
डुमरु-पु० एक प्रकारकी डुगडुगी
तरु-पु० वृक्ष
शत्रु-पु० दुश्मन
चारु-पु० मनोहर, सुन्दर
दारु-पु० लकड़ी
देवदारु-पु० एक वृक्ष

गुरु-पु० ज्ञानदाता, अध्यापक
भीरु-पु० डरपोक
मेरु-पु० एक पहाड़
नमेरु-पु० रुद्राक्ष वृक्ष
फेरु-पु० गीदड़
भालु-पु० रीछ
दयालु-पु० दयावान
कृपालु-पु० „
अंडालु-स्त्री० मछली
तालु-पु० मुखके अन्दर स्थान विशेष जहांसे तवर्गादिका उच्चारण होता है
तन्द्रालु-उ० सोऊ, बहुत सोने वाला
पतयालु-उ० पतन शील, गिरने वाला
लज्जालु-उ० शर्मीला
शयालु-उ० सोऊ; निद्राशील
संशयालु-उ० शंकाशील
पीलु-पु० हाथी, परमाणु
शिशु-पु० बच्चा
सुधांशु-पु० चन्द्र

भिक्षु-पु० भिकारी
मुमुक्षु-पु० मुतलाशी मुक्तिकी इच्छा करनेवाला
तरक्षु-पु० भेड़िया, वृक
पिपासु-पु० प्यासा
जिज्ञासु-पु० जानेकी इच्छा करने वाला
बाहु-स्त्री० भुजा
राहु-पु० ग्रह
अग्नि वाहु-पु० धुआं
कू×स्त्री० गली
चाकू×पु० स
डाकू×पु० स
हलाकू×पु० बधक, हलाक करने वाला
तम्बाकू×पु० स
ताकू-पु० तकने वाला
पृदाकू-पु० विच्छू-सर्पादि ज़हरीले जानवर
नकू-पु० बड़ी नाकवाला, अंगुश्तनुमाईके लायक़
कूचकू-उ० गली गली

ख़ू×स्त्री० आदत
गुप्तगू×स्त्री० स
चञ्चू-स्त्री० चौंच, मिनक़ार
छू-अ० मंत्र मारनेकी फूंक
उड़ंछू-उ० भाग जाना, ग़ाइब होना
बिच्छू-पु० वृश्चिक, अक़रब
बिज्जू-पु० एक जंगली जानवर जो क़ब्रोंसे मुर्दे निकाल लेता है
जू×स्त्री० नदी
तराज़ू-स्त्री० तुला, मीज़ान
बाज़ू×पु० भुजदण्ड
माज़ू+पु० एक दवा
जुस्तजू×स्त्री० तलाश
आरज़ू× „ आशा, उम्मीद, ख़ाहिश
लट्टू-पु०मशहूर खिलौना,आशिक़
टट्टू-पु० छोटा घोड़ा
पट्टू-पु० ऊनी थान विशेष
बजरबट्टू-पु० एक खिलौना
पेटू-पु० बड़े पेटवाला
मियांमिट्ठू-पु० तोता, अच्छा
कण्डू-स्त्री० खुजली
आड़ू-पु० मशहूर फल
उड़ू-स्त्री० सम्मार्जनी, बुहारी
साड़ू-पु० सालीका पति
तू-उ० द्वितीय पुरुष
सत्तू-पु० भुने हुए अन्नका आटा
उत्तू-पु० रेशमी या सूती वस्त्र पर जो विशेष रीतिसे निशान डाले जाते हैं
अरस्तू×पु०एक विद्वानका नाम
पालतू-उ० पला हुआ
फ़ालतू-उ० ज़ायद, अधिक, ज़रूरतसे ज़ियादा
कदू-पु० मशहूर फल-शाक
दूबदू×उ० सामने, मुक़ाबिलेपर
उर्दू×स्त्री० प्रसिद्ध भाषा
जादू×पु० स
हिन्दू×पु० स
लद्दू-पु० लदनेवाला

पल्लू-पु० किनारा
लल्लू-पु० नाम
कल्लू-पु० नाम
सू×स्त्री० तरफ़
आंसू-पु० स
गेसू×पु० अलक, ज़ुल्फ़
पिस्सू-पु० खटमलोंके भाई-जन्तु
वीरसू-स्त्री० वीरोंको जन्म देने वाली मां

हूबहू-उ० ज्यूं का त्यूं, बिल्कुल वैसा ही
बहू-स्त्री० स
हू×पु० परमेश्वरका नाम
आहू×पु० कुरङ्ग
काहू×पु० एक दवा
साहू×पु० साहूकार

शम्

आंकारान्त पुल्लिङ्ग एक बचनको बहु बचन बनानेसे एकारान्त प्रास बन सकते हैं जैसे घोड़ा, लड़का, बच्चा, कुत्ता आदिसे घोड़े, लड़के, बच्चे, कुत्ते इसी तरह उक्त नामोंका सम्बोधनान्त करनेसे ओकारान्त प्रास बन जाते हैं जैसे लड़को, बच्चो आदि, इनमें कहीं २ अन्तर भी होगा वो कविजन स्वयं सँभाल सकते हैं। इत्योऽम्

पूर्वाद्ध समाप्त

प्रासपुंज

उत्तरार्द्ध

व्यंजनान्त प्रास

ककारान्त

टङ्कक-पु० रजत मुद्रा, चाँदीका सिक्का रुपया।

लेखक-पु० लिखनेवाला

उचक-उ० स

लचक-स्त्री० स

चेचक-स्त्री० सीतलारोग, माता रोग

पेचक-स्त्री० तागोंकी गोली

रेचक-उ० दस्तावर, मुसहिल

याचक-पु० मांगनेवाला

पाचक-उ० हाज़िम, पचानेवाला

कीचक-पु० बाँस, विराटराजका सेनापति और साला

लोचक-पु० मांसका गोला, आँख की पुतली कज्जल

वञ्चक-पु० खल, दुष्ट। गीदड़

पञ्चक-पु० पञ्जा, पाँचकी गिनती

रजक-पु० धोबी

याजक-पु० यज्ञ करनेवाला

दन्तबीजक-पु० अनारका वृक्ष, दाड़िमतरु

अटक-स्त्री० रुकावट

लटक-स्त्री० स

खटक-स्त्री० ख़लिश, दुःख, संदेह

पटक-स्त्री० स

सटक-स्त्री० सीधी, पतली, हुक्के की नय जो गोलतय हो जाती है। जाना

झटक-स्त्री० सदमा, झड़काना
चटक-स्त्री० शोखी
मटक-स्त्री० स
कटक-पु० सेना, राजधानी
फाटक-पु० दरवाज़ा
नाटक-पु० दृश्य काव्य, नाटक Drama
भाटक-पु० भाड़ा, किराया, महसूल
घोटक-पु० घोड़ा, टट्टू
स्फोटक-पु० फोड़ा
तोटक-पु० पिङ्गलका वह छन्द जिसके हर चरणमें १२ अक्षर इस तरह हों ॥ऽ + ॥ऽ + ॥ऽ + ॥ऽ स + स + स + स कविता कटु है यदि प्रास नहीं
जलकण्टक-पु० सिंघाड़ा
यौवनकण्टक-पु० मुहासा
वण्टक-पु० बाँटनेवाला
लुण्टक-पु० लुटेरा, चोर
पाठक-पु० पढ़नेवाला, पढ़ानेवाला
बैठक-स्त्री० नशस्तगाह, बैठनेका कमरा
मुण्डक-पु० नाई, हज्जाम
गण्डक-पु० गेंडा
मेंडक-पु० मंडूक, भेक
सड़क-स्त्री० रास्ता, पक्का मार्ग
फड़क-स्त्री० फड़कना, तड़पना
भड़क-स्त्री० स
कड़क-स्त्री० स
धड़क-स्त्री० स
बेधड़क-उ० निडर
हड़क-स्त्री० स
मस्तक-पु० माथा, पेशानी, भाल
पुस्तक-स्त्री० किताब
दन्तक-पु० दाँत बनानेवाला, डेनटिस्ट Dentist
नर्तक-पु० नाचनेवाला
प्रवर्तक-पु० काममें लगानेवाला
मृतक-पु० मरा हुआ
वर्तक-स्त्री० बटेर पक्षी, इसका पु० बटेरा है

विषदन्तक-पु० साँप
विषान्तक-पु० ज़हरमोहरा
नवनीतक-पु० घी
गाथक-पु० किस्सा गो, गवैया
निरर्थक-उ० अर्थशून्य, मुहमल
उदक-पु० जल
भेदक-पु० फाड़नेवाल, अलग २ करनेवाला
मादक-उ० नशेवाला पदार्थ
मोदक-पु०खुश करनेवाला,लड्डू। पिङ्गलका वह छन्द जिसके हर चरणमें १२ अक्षर यूं हों SII+ SII+ SII+ SII भ+ भ+ भ+ भ मोदक होत सप्रास प्रमोदक
गङ्गोदक-पु० पिङ्गलका वह छंद जिसमें ८ रगण हों स्त्रग्विणीके दो चरणोंको एक मानने से बन जाता है देखो "स्त्रग्विणी" पृ० ६५
साधक-उ० साबित करनेवाला, मददगार
बाधक-उ० साधकके विरुद्ध, विघ्नकारिक
गन्धक-स्त्री० एक दवा
कनक-पु० सोना
जनक-पु० पिता
भयानक-उ० डरावना, ख़ौफ़नाक
लपक-स्त्री० स
झपक-स्त्री० स
टपक-उ० स
थपक-उ० स
व्यापक-उ० सब जगह रहनेवाला
अध्यापक-पु० पढ़ानेवाला
चम्पक-पु० चम्पा-पुष्प
लेपक-पु० लिपाई करनेवाला
क्षेपक-उ० मिलावट, फेंकनेवाला
दीपक-पु० चिराग़। एक राग
अम्बक-पु० आँख, नेत्र

चुम्बक-पु० अयस्कान्तमणि, मिकनातीस
नमक-पु० लवण
चमक-स्त्री० स
दमक स्त्री० स
गमक-स्त्री० सङ्गीतमें आवाज़का भेद
धमक-स्त्री० स
दीमक-स्त्री० वह जन्तु जो किताबों, कपड़ों और लकड़ीको खा जाता है
कुमक-स्त्री० मदद
ठुमक-स्त्री० स
अर्भक-पु० बालक
झामक-पु० झमा
भ्रामक-पु० घूमनेवाला। गीदड़
नायक-पु० श्रेष्ठ, सरदार
विनायक-पु० गणेशजी
शायक-पु० बाण, तीर
अदरक-पु० एक दवा
नरक-पु० स्वर्गके विरुद्ध, दुःख, दोज़ख
मुद्रक-पु० छापनेवाला
दारक-पु० पुत्र, पुत्री, सन्तान
परिचारक-पु० सेवक, नौकर
भट्टारक-पु० पूजनीय। राजा
भारक-पु० बोझ उठानेवाला
मारक-उ० मारनेवाला, क़ातिल
प्रचारक-पु० प्रचार करनेवाला
विदारक-पु० फाड़नेवाला
पलक स्त्री० आँखके बाल, पल
झलक-स्त्री० स
छलक-उ० स
ढलक-उ० स
अलक-स्त्री० ज़ुल्फ़, बाल
आमलक-पु० आँवला
तिलक-पु० टीका, चन्दन
कीलक-पु० मेख, कील
झल्लक-पु० मँजीरा
डल्लक-पु० टोकरा
पुलक-पु० रोमाञ्च
लमक-पु० जार, लम्पट, ऐयाश
हस्तामलक-पु० शब्दार्थ—हथेली पर आँवला,

भावार्थ-सर्वाङ्ग
नज़र आना
पालक-पु० पालनेवाला
बालक-पु० बच्चा
कालक-स्त्री० सियाही
लेपालक-पु० लेकर पाला हुआ
अट्टालक-पु० अट्टा, अटारी
गोलक-स्त्री० बिकरीके दाम डालते जानेकी सन्दूक़ची
ढोलक-स्त्री० ढोलकी
पावक-पु० अग्नि, आग
नावक×पु० तीर
सेवक-पु० सेवा करनेवाला, नौकर
रङ्गजीवक-पु० रँगरेज़
मशक-पु० मच्छर
दर्शक-पु० देखनेवाला
तोशक-स्त्री० बिछानेका एक कपड़ा
तक्षक-पु० बढ़ई । सर्पभेद
रक्षक-पु० रक्षा करनेवाला
भक्षक-पु० खानेवाला
विदूषक-पु० निन्दक, नाटकमें हँसानेवाला
परीक्षक-पु० परीक्षा लेनेवाला, जांचनेवाला, मुमतहिन
मुख निरीक्षक-पु० मुः—देखनेवाला, अलस
मूषक-पु० चूहा
कसक-स्त्री० चोट, मीठा दर्द
मसक-स्त्री० स
खसक-स्त्री० सरकना
सिसक-उ० दम तोड़ना
उपासक-पु० पूजा करनेवाला
चिकित्सक-पु० वैद्य, हकीम
नपुंसक-पु० हीजड़ा, नामर्द
महक-स्त्री० खुशबू, सुगन्धि
बहक-उ० स
लहक-उ० स
दहक-उ० स
दाहक-पु० जलानेवाला
बलाहक-पु० बादल, मेघ

झक-स्त्री० बकवास
तक-अ० हद सूचक, देख-क्रि०.
बकबक-स्त्री० बकवास
थक-उ० स
धक-स्त्री० डर, सदमा, धड़कन
धकधक-स्त्री० धड़कना
हक़×पु० ईश्वर। सच। सिला। बदला
मुं: फ़क़×पु० चहरा उतर जाना
रमक़×स्त्री० थोड़ी जान,अन्तिम श्वास
अदक़×पु० गूढ़, सूक्ष्म
क़लक़×पु० दुःख
सबक़×पु० पाठ
वरक़×पु० पृष्ठ, पत्र, पत्रा
तवक़×पु० परत, तय। लोक। पर्दा
शफ़क़×स्त्री सन्ध्याकालमें आकाशकी लाली
अबलक़×उ० श्वेतशाम, कबरा
अहमक़×पु० मूर्ख
मतलक़×उ० बिलकुल

ख़न्दक़×स्त्री० खाई
रौनक़×स्त्री० शोभा
शक×पु० शुब्ह सन्देह
यकायक×अ० अकस्मात्
ऐनक×स्त्री० चश्मा
दस्तक×स्त्री० ताली, दर्वाज़ा ठोकना, धक्का देना। कर, दण्ड
अबरक×पु० स
आतशक×स्त्री० उपदंश रोग.
पिनाक-पु० शिवजीका धनुष
मैनाक-पु० एक पहाड़
धाक-स्त्री० रौब
शाक-पु० भाजी, तरकारी
ख़ाक-स्त्री० धूल, फाग
बेबाक×उ० निडर, निर्भय
काक-पु० कौवा, ज़ाग़
छाक-स्त्री० भोजन, तृप्ति, चक
सूज़ाक×पु० मूत्रकृच्छ्र रोग
ताक-स्त्री० तलाश, टोह, टिकटिकी
ताक×पु० अंगूरकी बेल

ढाक-पु० पलाश
नाक-स्त्री० नासिका
ख़ूराक×स्त्री० आहार, भोजन, ग़िज़ा
चालाक-उ० होशयार, चलता-पुर्ज़ा
पाक-पु० क़वाम, पञ्जीरी, शुद्ध
बेबाक़×उ० कुछ बाकी न रहना
साक़×स्त्री० पिण्डली
शाक़×उ० नागवार, असह्य
ताक़×पु० आला। जो जुफ्त न हो अर्थात् दो पर पूरा न बँट सके जैसे ३, ५, ७। कामिल, पूरा वाकिफ़
मुश्ताक़×पु० अभिलाषी
तिरयाक़×पु० ज़हरमोहरा
सियाक़×पु० वही खातेका क़ायदा
इत्तफ़ाक़×पु० मिलाप, मेल। सलाह। दैवयोग
मज़ाक़×पु० हँसीदिल्लगी

निफ़ाक़×पु० फूट, लड़ाई,झगड़ा
फ़िराक़×पु० जुदाई, वियोग
रज़्ज़ाक़×पु० रोज़ी देनेवाला, ईश
मश्शाक़×पु० अभ्यासी
क़ज़्ज़ाक़×पु० चोर, डाकू
बुलाक़×पु० स्त्रियोंकी नाकका ज़ेवर
बाक×पु० दहशत, भय। गाय भैंसके थनोंका ऊपरी भाग, दुग्धाशय
चाक-पु० कुम्हारका चक्र। फटा हुआ
मिसवाक×स्त्री० दाँतन
हलाक-उ० मरना
पोशाक×स्त्री० लिबास, वस्त्र
इमसाक×पु० रुकावट, कंजूसी
डाक-स्त्री० स
आँक-पु० अङ्क
बाँक-पु० बहलीकी एक लकड़ी। गोटेमें एक प्रकार। पटाका एक हुनर जिसे बांकबिछुआ कहते हैं

टाँक-उ० सीनेकी आज्ञा
फाँक-उ० फङ्कीकी आज्ञा
झाँक-उ० झाँकनेकी आज्ञा
हाँक-उ० हांकनेकी आज्ञा
पिक-पु० कौकिल पक्षी
धिक्-अ० धिक्कार, लानत
रसिक-पु० रसज्ञ, मज़ा लेनेवाला
लौकिक-उ० लोकका
अलौकिक-उ० जो लौकिक न हो, उत्तम, अपूर्व
मालिक-पु० स्वामी
कौशिक-पु० विश्वामित्र। खज़ानची
मासिक-उ० माहवारी
वार्षिक-उ० सालाना
पाक्षिक-उ० पन्द्रह दिनवाला
साप्ताहिक-उ० हफ्तेवार
दैनिक-उ० रोज़ाना
मुमालिक×पु० मुल्कका बहुबचन
मुहलिक×उ० मारडालनेवाला
अधिक-उ० ज़ियादा
मन्तिक़×स्त्री० न्याय-दर्शन Logic
मशरिक़×पु० पूर्व दिशा
दिक़×स्त्री० क्षयरोग, दुखी, हैरान
ख़ालिक़×पु० बनानेवाला, सृष्टि कर्त्ता, ईश्वर
आशिक़×पु० आसक्त, प्रेमी
राज़िक़×पु० रिज़्क़ देने वाला
साबिक़×पु० भूत पूर्व
मुताबिक़×उ० अनुसार
सारिक़×पु० चोर
आकस्मिक-उ० अचानक
भौतिक-उ० भूतोंका विकार
आधुनिक-उ० अबका, आजकलका
आस्तिक-पु० इश्वरवादी
नास्तिक-पु० अनीश्वरवादी, काफ़िर
कणिक-पु० गेहूंका वारीक आटा, मैदा
वणिक्-पु० व्यापारी, वैश्य
कार्तिक-पु० कातक महीना
कारुणिक-पु० दयालु

कालपनिक-उ० बनावटी, फ़र्ज़ी
तार्किक-पु० तर्क बुद्धि वाला.
दार्शनिक-पु० दर्शन शास्त्रों वाला
शारीरिक-पु० शरीरसे सम्बन्धित
ठीक-उ० सही, सच, दुरुस्त
पीक-स्त्री० पान खाकर थूकना
लीक-स्त्री० गाड़ी बहलीके चलनेका कच्चा रास्ता
पुण्डरीक-पु० कमल
सटीक-उ० अर्थ सहित
नज़दीक×अ० पास
भीक-स्त्री० भिक्षा
खटीक-पु० खालसे चलनी आदि मँढने वाली जाति
शरीक×उ० साझी, शामिल
बारीक×उ० पतला, सूक्ष्म, गूढ़
तारीक×उ० अँधेरा, काली
अनीक-पु० लश्कर, सेना
रफ़ीक़-पु० दयालु, स्नेही
शफ़ीक़×पु० दयालु, स्नेही

रक़ीक़-उ० पतला, बहने वाला
दक़ीक़×उ० अतिगूढ़
फ़रीक़-पु० विपक्षी
ख़लीक़-पु० अच्छे स्वभाववाला
तौफ़ीक़-स्त्री० श्रद्धा, शक्ति
तहक़ीक़-उ० निश्चय, छानबीन
तफ़रीक़-स्त्री० भेद
तसदीक़-स्त्री० यथार्थ होनेकी साक्षी, सिद्ध
तुक-स्त्री० क़ाफ़िया, प्रास, तुकान्त
शुक-पु० तोता
चाबुक×पु० हंटर, कोड़ा
नाज़ुक×उ० कोमल
झुक-उ० झुकनेकी आज्ञा
तमस्सुक×पु० दस्तावेज़, कर्ज़े का कागज़
अमुक-उ० फ़लां, वह
अंशुक—पु० बारीक कपड़ा
उत्सुक—पु० उत्साह वाला
कंचुक—पु० ज़िरा बखतर
कामुक—पु० कामी, ऐयाश

कौतुक—पु० आश्चर्य, खेल तमाशा

कन्दुक—पु० गेंद। पिङ्गलका वह छन्द जिसके हर चरणमें १३ वर्ण इस प्रकार हों
।SS + ।SS + ।SS + ।SS + S
य + य + य + य + ग
रचो छन्द हिन्दी सदा प्रास वाला ही

उल्लूक—पु० उल्लू

भल्लूक—पु० रीछ

बन्दूक़—स्त्री० प्रसिद्ध अस्त्र अग्निबाण

सन्दूक़×पु० स

चूक—स्त्री० भूल, ख़ता, खट्टा

थूक—पु० स

माशूक़×पु० प्यारा, प्रेमपात्र

मण्डूक—पु० मेंडक

भूक—स्त्री० क्षुधा

मूक—पु० गूंगा

हुक़ूक़×पु० हक़का बहु वचन

मख़लूक़×स्त्री० सृष्टि

सुलूक×पु० भलाई, मदद

कूक—स्त्री० कोकिलादि पक्षियोंकी आवाज़

हूक—स्त्री० दर्द भरी आवाज़

एक—उ० एक की संख्या १

नेक×उ० अच्छे चलनवाला

टेक—स्त्री० आबरू। गानेमें स्थायी

विवेक—पु० समझ, ज्ञान

प्रत्येक-उ० हरएक

अभिषेक-पु० राजतिलक

अविवेक-पु० अज्ञान

रोक-स्त्री० स

टोक-उ० स

ठोक-पु० मारनेकी आज्ञा। सिरा

ओक-स्त्री० अंजलि। वमन

झोक-स्त्री० स

कोक-स्त्री० कुक्षा

त्रिलोक-पु० तीनों लोक

लोक-पु० स

शोक-पु० अफ़सोस, रंज

थोक-पु० जथा, समूह, इकट्ठा

डरपोक-पु० बुज़दिला, डरने वाला

फोक-पु० भूसी, फुज़ला

शौक़-पु० इच्छा, शग़ल, व्यसन से पूर्वकी दशा, रग़बत

तौक़-पु० गलेकी कंठी, गलेमें लोहेका हँसला

अङ्क-पु० हिन्दसा

कलङ्क-पु० पाप, बदनामी, बुराई धब्बा

डंक-पु० स

निश्शङ्क-पु० निडर

रङ्क-पु० धनहीन; ग़रीब

पर्य्यङ्क-पु० पलंग, चारपाई

आतङ्क-पु० रोग

पङ्क-पु० कीचड़

कंक-पु० बनवास समय युधिष्ठिरका बदला हुआ नाम

खकारान्त

चख-उ० चखनेकी आज्ञा

रख-उ० स

कमरख-स्त्री० एक फल

लख-उ० देख

नख-पु० नाख़ून

लाख-उ० संख्या विशेष १०००००

साख-स्त्री० इज़्ज़त, यक़ीन, विश्वास

राख-स्त्री० धूल, ख़ाक

चाख-उ० चख

सूराख़-पु० छेद, छिद्र

आख-पु० फावड़ा

शाख़×स्त्री० शाखा, टहनी, ब्रांच

गुस्ताख़×पु० ढीट, बे अदब

नखसिख-पु० सरापा

लिख-उ० लिखनेकी आज्ञा

सीख-उ० स

ईख-स्त्री० गन्नोंका खेत

चीख़-स्त्री० चिल्लानेकी आवाज़

तारीख़×स्त्री० तिथि

सुख-पु० स

दुख-पु० स

मुख-पु० मुंः

रुख़-पु० चेहरा,कपोल। इरादा, तवज्जह

अभिमुख-पु० सामने

रूख-पु० वृक्ष

सूख-उ० खुश्क

देख-उ० स

देखरेख-स्त्री० निगरानी

लेख-पु० मज़मून

मेख़-स्त्री० खूंटा

बेख़-स्त्री० जड़

जोख-उ० तोल

मोख-स्त्री बोरेका कौना

शंख,-पु० प्रसिद्ध है—नाकूस

संख-उ० संख्या शब्दोंमें उपान्त्य

पंख-पु० पक्ष, पर

गकरान्त

रग-स्त्री० नस, नाड़ी

मग-पु० रस्ता

जग-पु० संसार

खग-पु० पक्षी

ठग-पु० ठगने वाला

डग-स्त्री० एकक़दक फासिला, पैंड

नग-पु० नगीना

पग-पु० पाऊं

लग-अ० तक

तुरग-पु० घोड़ा

विहग-पु० पक्षी

सग×पु० कुत्ता

अलग-उ० स

अलग थलग-उ० स

लगभग-उ० क़रीब क़रीब, अनुमान

आग-स्त्री० अग्नि, आंच

काग-पु० काक, कव्वा

घाग-पु० चालाक, मीठा ठग

छाग-पु० बकरा

जाग-उ० स

झाग-पु० फेन

ताग-पु० तागा

दाग़×पु० धब्बा, निशान, कलंक

नाग-पु० सर्प, हाथी

पाग-स्त्री० पगड़ी

फाग-पु० होली, होलीका खेल तमाशा
बाग-स्त्री० लगाम
बाग़×पु० उद्यान
भाग-पु० हिस्सा। नसीब
प्रयाग-पु० इलाहाबाद
राग-पु० गाना, धोका, चाल। प्यार
अनुराग-पु० प्रेम
लाग-स्त्री० औषधिकी मिलावट, ओझलसे काम करना शौबदेबाज़ी
विभाग-पु० डिपार्टमेंट
त्याग-पु० छोड़ना
बिहाग-पु० एक रागका नाम
दिमाग़×पु० भेजा, बुद्धि
सुराग़×पु० खोज
चिराग़×पु० दीपक
साग-पु० शाक
खटराग-पु० बखेड़ा, झगड़ा
टांग-स्त्री० स
मांग-स्त्री० केशोंकी बनावट। चाह, मांगना

सांग-पु० स्वांग
रांग-पु० धातु विशेष
ऊटपटांग-उ० ऊल जुलूल
भूनीभांग-स्त्री० तुच्छ वस्तु—घरमें न होना—कंगाली
ढिग-अ० पास
दग़्-स्त्री० तरफ़, दिशा
बालिग़-उ० आयुका परिपक्क
फ़ारिग़-उ० निवृत, निबटना
मींग-स्त्री० मग़ज़
सींग-पु० शृङ्ग, शाख़
डींग-स्त्री० शेख़ी
रींग-उ० बहुत आहिस्ता चलना
धींग-पु० ज़बरदस्त
पींग-स्त्री० लम्बा झोटा
रेग-स्त्री० रेणुका
देग-स्त्री० बड़ा पतीला
तेग़×स्त्री० तलवार
दरेग़×पु० आना कानी
नेग-पु० सेवकोंका हक़
आवेग-पु० जोश
वेग-पु० ज़ोर, चाल

लोग-पु० स

योग-पु० स

रोग-पु० स

उद्योग-पु० महनत, यत्न

सोग×पु० रंज

भोग-पु० कर्मफल । खाना

वियोग-पु० जुदाई, हिज्र

संयोग-पु० मिलाप, वस्ल

अभियोग-पु० मुक़द्दमा

प्रयोग-पु० लगाना, इस्तैमाल

अङ्ग-पु० शरीर । हिस्सा

गङ्ग-पु० कविकुल—मार्तण्ड श्रीमान् पं० गंगाधर जी ब्रह्मभट्ट, तख़ल्लुस "गङ्ग"

गङ्ग-स्त्री० गंगा

चंग-पु० दफ़ बाजा

जङ्ग×स्त्री० युद्ध, लड़ाई

ढंग-पु० तरीक़ा, रीति

तंग-उ० ढीलेके विरुद्ध, घोड़ेकी पेटी पु०, मुफ़लिस, दुखी

दंग-उ० हैरान, चकित

नंग-पु० बदमआश

बंग-पु० बंगाल देश । रांग

भंग-स्त्री० विजया, नशीली बूटी

उमंग-स्त्री० उत्साह

रंग-पु० स

निषङ्ग-पु० तर्कश

संग-पु० साथ

कुसंग-पु० बुरी सोहबत

सत्संग-पु० अच्छी सोहबत

विहंग-पु० पक्षी

कुरङ्ग-पु० हरिण

मातंग-पु० हाथी । भील, शबर

भुजंग-पु० सर्प

तरंग-स्त्री० लहर, मौज

निहंग×पु० ग्राह, मगर

कुलंग-पु० लम्बी गर्दन और लम्बी टांगोंवाला जल पक्षी

अनङ्ग-पु० कामदेव, मदन

सुरंग-स्त्री० जमीनके अन्दर अन्दर रास्ता

लङ्ग-स्त्री० लंगड़ापन

पलङ्ग-पु० चारपाई

पिलंग×पु० चीता

मलंग-पु० मस्तराम

सारङ्ग-पु० हरिण, हाथी, भौंरा मोर, राजहंस, काम-देव, कमान, केश, सोना, भूषण, पद्म, शंख, चन्दन, कपूर, पुष्प, कोकिल, मेघ, सिंह, एक रागका नाम

औरंग×पु० तख्त

फ़रहंग×पु० कोश, डिक्शनरी Dictionary

पतंग-पु० पर्वाना जन्तु जो चिरागका आशिक म-शहूर है, कागज़का एक रूप जिसमें डोर बांध कर आकाशमें उड़ाते हैं

जलतरंग-स्त्री० प्यालोंमें पानी डाल कर बजानेका बाजा

-पु० पखावज

घकारान्त

अघ-पु० पाप

अनघ-पु० निष्पाप

बाघ-पु० व्याघ्र

निदाघ-पु० झड़झिस्सा

मेघ-पु० बादल

अमोघ-पु० जो रुक न सके

ओघ-पु० जलकावेग, रौ, समूह

सङ्घ-पु० सजातीय-समूह

चकारान्त

सच-पु० सत्य

कच-पु० केश

खचाखच-उ० घिचपिच, खूब भरा हुआ

गच-पु० चूना आदिसे ज़मीनको पुख्ता करनेका मसाला

जच-उ० निगाहमें तोलना

पच-उ० हज़्म

बच-उ० वचने की आज्ञा

मच-उ० स

रच-उ० स

कवच-पु० ज़िरा बकतर
लालच-पु० लोभ
खम्माच-पु०एक रागनीका नाम
नराच-पु० पिङ्गलका वह छन्द जिसमें १६ वर्ण इस क्रमसे हों
।ऽ।+ऽ।ऽ+।ऽ।+ऽ।ऽ+।ऽ।+ऽ
ज + र + ज + र + ज + ग
अनेक प्रास पास पास विद्यमान हैं यहां
आँच-स्त्री० आग
पाँच-उ० संख्या ५
साँच-पु० सच
जाँच-स्त्री० अन्दाज़ा
ढाँच-पु० डौल, क़ालिब, ख़ाका ठाटर
काँच-पु० प्रसिद्ध द्रव्य
कुलाँच-स्त्री० छलाँग
बीच-पु० मध्य, दरमियान
नीच-उ० अधम
सींच-उ० पालना, पानी छिड़क
कीच-स्त्री० पंक
मारीच-पु० एक राक्षस
सचमुच-अ० सत्य सत्य
कुच-पु० स्तन
पुचपुच-स्त्री० पुचकारनेकी आवाज़
वेच-उ० स
पेच-पु० स
हेच×पु० तुच्छ
सोच-पु० फ़िक्र, विचार
पोच-उ० अदृढ़, कमज़ोर
संकोच-पु० भिचना, तअम्मुल
मोच-स्त्री० पांऊँमें झटका लगनेसे तकलीफ़ हो जाना
लोच-पु० चिपक, मज़ा, रस
बिलोच-पु० मुसलमानोंकी जाति विशेष
उत्कोच-पु० रिशवत, घूंस
उल्लोच-पु० चांदनी
पञ्च-पु० पांच। बज़ुर्ग
प्रपञ्च-पु० फ़रेब, चालबाज़ी
मञ्च-पु० टाँड, खेतोंकी रक्षाके

लिये बहुत ऊंचा बनाया हुआ आसन

जकारान्त

अज-पु० जिसका जन्म न हो ईश्वर

कज×पु० ख़म, टेढ़

गज-पु० हाथी

गज़×पु० १६ गिरह, ३६ इंच लम्बाई

तज-पु० एक दवा, छोड़

भज-उ० भजनेकी आज्ञा

रज-स्त्री० ख़ाक

अण्डज-पु० जिसकी पैदाइश अंडेसे हो

स्वेदज-पु० जिसकी पैदाइश पसीनेसे हो

पंकज-पु० जिनकी पैदाइश कीचड़से हो, कमल

सजधज-स्त्री० सजावट

सतलज-स्त्री० एक नदी

अपाहज-पु० मोहताज, अंगहीन

उपज-स्त्री० पैदाइश, आमदनी

पखावज स्त्री० मृदङ्ग

सूरज-पु० स

अन्त्यज-पु० अतिशूद्र

गंज×पु० ख़ज़ाना

गंज-स्त्री० सरपे बाल न होनेका रोग

रंज×पु० शोक, दुःख

खञ्ज-पु० लँगड़ा

शतरंज×स्त्री० मशहूर खेल

नारंज-×पु० एक रंग

पंज×उ० पांच

आज-अ० वर्तमान दिवस

काज-पु० कार्य, काम। बटन लगानेका सूराख़

खाज-स्त्री० खुजली

गाज-स्त्री० एक कपड़ा, गरज

ताज-पु० मुकुट

नाज-पु० अन्न

नाज़-पु० नख़रा

बाज-पु० घोड़ा

बाज़×पु० एक शिकारी पक्षी,

फिर।—आना—
तरमीम×स्त्री० दुरुस्ती, संशोधन
रद्दोबदल
तालीम×स्त्री० शिक्षा
तक़वीम×स्त्री० जंत्री, पंचाङ्ग
तक़सीम×स्त्री० बटवारा,

अक़लीम×स्त्री० वलायत, देश
गुम-उ० लोप
कुङ्कुम-स्त्री० रोली, केसर
छुमछुम-स्त्री० घूंगरूकी आवाज़
तुम-उ० मध्यम पुरुषका बहु बचन सम्मानार्थ एक बचनमें भी
दुम×स्त्री० पूंछ
सुम×पु० घोड़ेके पाऊंका निचला भाग
कज़दुम×पु० बिच्छू
खु.म×पु० घड़ा,
मर्दुम×पु० मनुष्य
अनजुम×पु० सितारे, नक्षत्र
गन्दुम×पु० गेहूं
धूम-स्त्री० शोहरत, शोर
मालूम-उ० ज्ञेय, जाना
शूम×पु० कंजूस
रूम×पु० एक देश
घूम-स्त्री० चुक्कर, चक्कर, फिरना
चूम-उ० चुम्बन
हुजूम×पु० भीड़

झूम-उ० स
टूम-स्त्री० ज़ेवर, गहना
तूमतूम-उ० बिचूरना, रूआं रूआं अलग करना
मरहूम×पु० रहमत पाया हुआ, मराहुआ
महरूम×उ० वंचित
मज़लूम×पु० जिसपर जुल्म हुआ हो
मासूम×पु० निर्दोष
मफ्हूम×पु० भावार्थ
नुजूम×पु० ज्योतिष
रुसूम×स्त्री० रस्में
बूम×पु० उल्लू
ओ३म्-पु० प्रणव, ईश्वरका सर्वोत्तम नाम
रोम-पु० रोमांच
लोम-पु० „
स्तोम-पु० समूह, बड़ाई
होम-पु० हवन
डोम-पु० एक जाति
अग्निष्टोम-पु० यज्ञ विशेष
अनुलोम-पु० सिलसिलेवार

यकारान्त

हय-पु० घोड़ा

गय-पु० असुर, बानर

जय-स्त्री० फ़तह, यह पुल्लिंग भी स्त्री० ही बोला जाता है

क्षय-पु० रोगविशेष, तपेदिक़। घटना

पय-पु० दूध, पानी

नय-पु० लेजाना

हृदय-पु० स

भय-पु० डर

मय-पु० एक राक्षस जिसने पांडवों का मकान बनाया था। शराब

लय-उ० मिलजाना, समाजाना। गाने बजानेकी रफ़तार

महाशय-पु० बड़े आशयवाला, जनाब, सम्बोधन

आशय-पु० मतलब

विनय-स्त्री० अर्ज़

अभय-उ० निडर

अपव्यय-पु० फ़ुज़ूलखर्ची

आय-स्त्री० आमदनी।

काय-स्त्री० काया-यहनपुंसक लिंगहै पुल्लिंगके समान होना चाहिये परन्तु कायाके आधार पर स्त्रीलिं० बोलतेहैं

गाय-स्त्री० गो

खाय-उ० खानेका एक रूप

चाय-स्त्री० प्रसिद्ध पीनेकी चीज़ Tea

छाय-स्त्री० मट्ठा, तक्र

जाय-उ० जानेका रूप

अध्याय-स्त्री० बाब, सर्ग, परिच्छेद Chapter

न्याय-पु० इन्साफ़

उपाय-पु० इलाज, तदबीर

व्यवसाय-पु० धन्दा

धाय-स्त्री० दाई, दूध पिलाई

अथाय-उ० अगाध

सम्वाय-पु० अटूट सम्बन्ध

राय×स्त्री० अक़्ल, सम्मति

राय-पु० ब्राह्मणोंका एक भेद ब्रह्मभट्ट

हाय-स्त्री० दुःख जनक आवाज़
अकाय-पु० जिसके जिस्म नहो ईश्वरका एक नाम
अभिप्राय-पु० मतलब
कषाय-पु० कसैला रस, गेरुवा रंग
तिय-स्त्री० स्त्री
जिय-पु० जीव
पिय-पु० पति
हिय-पु० हृदय
सिय-स्त्री० सीती
माननीय-पु० सत्कारके योग्य
पूजनीय-पु० पूजने योग्य
अन्तरीय-पु० जज़ीरा
ज्ञेय-उ० ज़ानने योग्य
पेय-उ० पीने योग्य
धेय-उ० धारण करने योग्य
हेय-उ० छोड़ने योग्य
स्तेय-पु० चोरी
श्रेय-पु० कल्याण
सारमेय-पु० कुत्ता
अजेय-पु० जिसे जीत न सकें

रकारान्त

कर-पु० हाथ। महसूल, ख़िराज
आकर-पु० खानि, धातु निकलने का स्थान
निकर-पु० समूह
किंकर-पु० नौकर, सेवक
दिवाकर-पु० सूरज
शकर×स्त्री० खांड
शक्कर×स्त्री० ,,
टक्कर-स्त्री० स
चक्कर-पु० स
चाकर-पु० नौकर
लशकर-पु० फ़ौज, सेना
खर-पु० गधा
शिखर-स्त्री० चोटी
निखर-उ० उजलापन
गर×पु० करनेवाला जैसे जादूगर कारीगर कीमियागर। अगरका संक्षिप्त, आजकल मतरूक है
सागर-पु० समुद्र
गागर-स्त्री० घड़ा

नागर-पु० शहरी
जिगर-पु० यकृत, छातीके दक्षिण भागमें मांस पिंड
नगर-पु० शहर
लंगर-पु० कमर लंगोट कसनेका लम्बा पतला कपड़ा, पंजाबी—भोजनालय, जहाज़का ठहरना
तवंगर×पु० दौलतमन्द
झींगर-पु० एक जन्तु
घर-पु० मकान
चर-पु० चलने वाला
निशचर-पु० रात्रिमें विचरनेवाला, राक्षस
जलचर-पु० जलके जीव
थलचर-पु० स्थलके जीव
नभचर-पु० पक्षी
ढचर-पु० ढांचा
लचर-उ० पोच, तुच्छ
खच्चर-पु० घोड़ीमें गधेसे उत्पन्न जाति सङ्कर चौपाया
शनिश्चर-पु० धीरे धीरे चलने वाला नवग्रहमें एक ग्रह

अचर-पु० जड़ पदार्थ
जर-पु० बुढ़ापा
अजर-पु० जिसे कभी बुढ़ापा न आय
कुंजर-पु० हाथी
पिंजर-पु० हड्डियोंकी ठठरी
झज्जर-स्त्री० सुराही
गजर-पु० घण्टा बजनेमें बहुत सी ज़र्बें जो ४-८-१२ पर बजाते हैं गाँववाले अन्तमें 'दम' लगा कर प्रातः कालको कहते हैं
नज़र-स्त्री० दृष्टि
ख़ंजर-पु० छुरा
गजर-स्त्री० एक कन्द शाक
कट्टर-पु० पक्का
मटर-पु० एक अन्न
सटरपटर-स्त्री० स
खटरखटर-स्त्री० स
चटरपटर-स्त्री० स
डर-पु० भय
निडर-उ० निर्भय

पौडर×पु० चूर्ण Powder
तर×उ० नम, ज़ियादा
कतर-उ० स
छतर-पु० छत्र
कबूतर-पु० पक्षी विशेष, कपोत
तित्तरबित्तर-उ० बिखरा हुआ
बिस्तर-पु० स
दफ़तर-पु० आफ़िस Office
पत्थर-पु० स
दर×पु० दर्वाज़ा
अन्दर×अ० स
बन्दर-पु० कपि
क़लन्दर×पु० बन्दर नचानेवाला
मुछन्दर×पु० बड़ी मूँछोवाला
चुक़न्दर×एक शाक
सुन्दर-उ० ख़ूबसूरत
चादर-स्त्री० स
नौसादर-पु० एक खार
सिकन्दर-पु० एक बादशाहका नाम
समन्दर-पु० समुद्र, आगके सहारे रहने वाला एक कीड़ा

अनादर-पु० बेइज़्ज़ती
अधर-पु० होट, लब
इधर-अ० इस तरफ़
उधर-अ० उस तरफ़
किधर-अ० किस तरफ़
जिधर-अ० जिस तरफ़
जलधर-पु० मेघ, बादल
पयोधर-पु० मेघ। स्तन
विद्याधर-पु० विद्वान
भूधर-पु० पहाड़
सुधाधर-पु० चन्द्र
नर-पु० मनुष्य, हर जातिके जोड़ेमें पुरुष
किन्नर-पु० सुनते हैं कि एक विचित्र स्टष्टि है जिस का मुख मनुष्यका और शरीर घोड़ेका है। देव-ताओंका गवैया
बानर-पु० वनमें रहनेवाली पंक्त जाति
हुनर-पु० कला
पर-पु० पक्ष

छप्पर-पु० फूंसका सायबान
ऊपर-अ० स
सफ़र-पु० यात्रा
बर-उ० बग़ल। सीना। फल। ऊपर। अर्ज़, चौड़ाई
खबर×स्त्री० स
दिगम्बर-पु० नंगा
अम्बर-पु० कपड़ा, आकाश
बराबर-अ० सम
सितम्बर, अक्तूबर, नवम्बर, दिसम्बर } पु० अंग्रेज़ी महीने
आडम्बर-पु० झूटी शान
विश्वंभर-पु० संसारका पोषण करनेवाला
दूभर-उ० मुशकिल
समर-पु० लड़ाई, मयदाने जंग
कमर-स्त्री० कटि
अमर-पु० जो कभी न मरे
पामर-पु० नीच, मूर्ख
कामर-स्त्री० वह बँहगी जिसमें देवपूजार्थ तीर्थों से जल लाते हैं
चामर-पु० पिंगलका वह छन्द जिसके हरचरणमें १५ वर्ण इस क्रमसे हों कि गुरु, लघु, गुरु, लघु अन्ततक, अन्तमें यति
ऽ।ऽ + ।ऽ। + ऽ।ऽ + ।ऽ। + ऽ।ऽ
र + ज + र + ज + र
आस पास हैं अनेक प्रास, प्रास पुंजमें
भ्रमर-पु० भौंरा
तोमर-पु० १२ मात्राके चरण का छन्द अन्तमें ऽ। उ० रच छन्द नित्य सप्रास
कायर-पु० डरपोक, बुज़ दिल
वर-पु० श्रेष्ठ। पति
स्वयम्बर-पु० स्वयं पति पसन्द करनेकी क्रिया
रघुबर-पु० राम चन्द्र
चँवर-पु० स
जानवर-पु० पशु पक्षी

ज़ेवर-पु० गहना, आभूषण
घेवर-पु० एक मिठाई
शर-पु० बाण, तीर
अक्षर-पु० हर्फ़
सर-पु० तालाब, सिर-शिर ×
अवसर-पु० समय
असर×पु० प्रभाव
टसर-स्त्री० एक कपड़ा
अकसर×अ० प्रायः
अफ़सर×पु० सर्दार
क़ैसर×पु० बादशाह, जर्मन नरेशका लक़ब
चौसर-स्त्री० खेलनेकी बिसात
केसर-स्त्री० ज़ाफ़रान
हर-पु० महादेव, शिव
गौहर×पु० मोती
जौहर×पु० सत्व, सार
शौहर×पु० पति
बाहर-अ० स
आर×स्त्री० शर्म, संकोच
ओंकार-पु० ईश्वर, परमात्मा
इंकार×पु० अस्वीकार

अहङ्कार-पु० गुरूर
आकार-पु० सूरत, शक्ल, जिस्म
साकार-पु० आकार सहित
निराकार-पु० आकार रहित
मक्कार×पु० मक्र करने वाला, फ़रेबी
खकार-स्त्री० वलग़म युक्त थूक, 'ख' अक्षर पु०
डकार-स्त्री० स
कुम्भकार-पु० कुम्हार
ग्रन्थकार-पु० ग्रन्थ बनानेवाला
स्वर्णकार-पु० सुनार
अंगीकार-उ० कुबूल
अधिकार-पु० स्वामित्व, सत्व, हक़, क़ब्ज़ा
उपकार-पु० अहसान
अपकार-पु० बुराई, उपकारके विरुद्ध
अयस्कार-पु० लुहार
अलंकार-पु० ज़ेवर, उपमा उत्प्रेक्षादि साहित्यका अंग
शिकार-पु० आखेट

पुकार-स्त्री० स

पैकार-पु० थोकबन्द सौदा खरीदनेवाला

सरकार-स्त्री० यह शब्द पुरुषके लिये भी स्त्रीलिंग क्रिया-ओंमें बोला जाता है जैसे "सरकार आ गई"

खुश रहो तुमको अगर क़द्र पुरानोंकी नहीं।
ढूंढलेंगे अजी हम भी कोई सरकार नई ॥
(नासिख़)

दरकार-स्त्री० आवश्यकता, इच्छा, परवा

फुंकार-स्त्री० सांपकी आवाज़

ललकार-स्त्री० क्रोधमय आवाज़

फटकार-स्त्री० " "

मालाकार-पु० माली *

खार-पु० सज्जी रेय आदि शोर पदार्थ

* इसके उपरान्त, वस्तुके बाद "कार" शब्द लगानेसे जो निमित्त-कारण बनते हैं वो सब

निखार-पु० उजलापन, जोबन

बुख़ार×पु० ज्वर

आगार-पु० भंडार, समूह

बेगार×स्त्री० ज़िमींदार लोगजो मज़दूरोंसे काम लेते हैं और पूरी उजरत नहीं देते

रोज़गार×पु० व्यवसाय, धन्दा। ज़माना

गुनहगार×पु० पापी, अपराधी

सितमगार×पु० सितम करने वाला

यादगार×स्त्री० स्मारक चिह्न

अंगार-पु० आग

ज़ंगार-पु० एकरंग

तलबगार-पु० चाहनेवाला, मांगनेवाला

शृंगार-पु० सजावट, एकरस

उद्गार-पु० वमन, उलटी, क़य, Vomit मनमें भरा हुआ गुबार

कारागार-पु० जेलख़ाना Jail

हारसिंगार-पु० एकवृक्ष और
उसके फूल
बघार-पु दाल आदिमें छौंक
चार-पु० जासूस, संख्या ४
आचार-पु० चालचलन
व्यभिचार-पु० ज़िना
विचार-पु० ख़ियाल, इरादा
दुराचार-पु० बदचलनी
अनाचार-पु० बदचलनी
अचार-पु० स
अत्याचार-पु० ज़ुल्म
बौछार-स्त्री० मेंहके छींटे, भरन
लगातार किसी बातका
होना
जार-पु० व्यभिचारी, ज़ानी
हज़ार×उ० १०००, बुल बुल
आज़ार×पु० रोग
पैज़ार×स्त्री० जूती
इज़ार×स्त्री० पजामा
बाज़ार×पु० स
औज़ार×पु० स
गुलज़ार×पु० बाग़

कटार-स्त्री० कटारी
कुठार-पु० कुल्हाड़ा
कोठार पु० सामान रखने
का मकान
भण्डार-पु० ख़ज़ाना,
तार-पुं० तन्तु, टेलीग्राम
Telegram
सितार-पु० मशहूर बाजा
अत्तार-पु० दवाफ़रोश, इत्र-
फ़रोश
विस्तार-पु० फैलाव
उतार-पु० तोड़, नीचान
प्रस्तार-पु० फैलाव
अवतार-पु० उतरना, सनातन
धर्म मतानुसार अज
और अकाय ईश्वरका
किसी शरीरमें आना
लगातार-उ० सिलसिलेवार
चौकीदार-पु० पहरा देनेवाला
तहसीलदार-पु०एक ओहदा जो
रुपये की रक्षासे सम्ब-
न्धितहै

थानेदार-पु० कोतवाल
सरदार-पु० स
केदार-पु० ब्रह्मभट्ट जातिका वह विद्वान जिसने वृतरत्नाकर नामक ग्रन्थ रचाहै
उदार-पु० सखी, बड़े हौसिले-वाला
मिक़दार×स्त्री० परिमाण
ख़रीदार×पु० ग्राहक
सुधार-पु० इसलाह
उधार-पु० ऋण, क़र्ज़
धार-स्त्री० बाड़, नदीकामध्य। किसी पतली चीज़की तिल्ली बँधजाना
नार-स्त्री० नारीका संक्षिप्त
सुनार-पु० स्वर्णकार
अनार-पु० दाड़िम
ज्यौनार स्त्री० दावत, भोजन-करनेको पंक्तिका बैठना
दीनार×स्त्री० अशरफ़ी
अपार-उ० जिसकी हद न हो
व्यापार-पु० तिजारत

बारबार-उ० कईदफ़े, हरदफ़े
बार×पु० बोझ, फल
अख़बार×पु० समाचार पत्र
एतबार×पु० यक़ीन, विश्वास
कारोबार पु० स
दरबार-पु० कचहरी
घरबार-पु० स
भार-पु० बोझ
आभार-पु० पिंगलका वह छन्द जिसके प्रत्येक चरणमें इस तरह २४ वर्ण हों
ऽ ऽ ।+ऽ ऽ ।+ऽ ऽ ।+ऽ ऽ ।
ऽ ऽ ।+ऽ ऽ ।+ऽ ऽ ।+ऽ ऽ ।
आठ तगण, अन्त यति
उ० लालित्यका मूल साहित्यका प्राण बेताब है प्रास भी छन्द शृङ्गार, अन्तके दो वर्ण कम करनेसे "मन्दार माला" हो जाता है
देखो मन्दारमाला पृ० ७१
मार-पु० काम देव

चमार-पु० चर्मकार
कुम्हार-पु० कुम्भकार
खुमार×पु० नशा, तन्द्रा
कुमार-पु० बेटा । तोता
बीमार×पु० रोगी
यार×पु० मित्र
तय्यार×उ० स
स्यार-पु० गीदड़
होशयार×उ० बुद्धिमान
प्यार-पु० स
न्यार-पु० पशुवोंका चारा
हथियार-पु० शस्त्र
रार-स्त्री० राड़, तकरार
तकरार-स्त्री० स
इक़रार-पु० वादा, बचन देना, कुबूलकरना
बेक़रार-उ० बेचैन
इसरार-० आग्रह
लार-स्त्री० क़तार, पंक्ति
सालार×पु० सरदार
मलार-पु० एक रागका नाम
वार-पु० दिन, हमला, नदीका इस तरफ़का किनारा, ज़र्ब
सवार-पु० स
गंवार-पु० स
घीग्वार-पु० वलायती सनके रूपका एक वृक्ष
सँवार-स्त्री० सँभाल, मार जैसे तुझ पर ख़ुदाकी सँवार
ज्वार-स्त्री० एक अन्न
तलवार-स्त्री० स
कलवार-पु० एक जाति
शलवार-स्त्री० पेशावरी पजामा
परिवार-पु० कुटुम्ब
हमवार-उ० बराबर जो ऊंचा नीचा न हो
द्वार-पु० दर्वाज़ा
नागवार-उ० असह्य
सोगवार-उ० शोकातुर
दीवार-स्त्री० भीत
सार-पु० पिंगलका वह छन्द जिसके प्रत्येक पादमें २८ मात्रा हों १६-१२

यति, अन्तमें दो गुरु हों, उ०
वह कविता सविता सम चमके, जिसमें प्रास विराजे
कासार-पु० तालाब
संसार-पु० जगत्
असार-उ० सार रहित
विसार-उ० भूल
इक्षुसार-पु० गुड़, गन्नेका रस
हार-उ० गलेका भूषण पु० जीतके विरुद्ध स्त्री०
कहार-पु० धींवर
बहार-स्त्री० सुन्दरता, वसन्त ऋतु
विहार-पु० खेल, किलोल, भ्रमण
व्यवहार-पु० स
सहार-उ० स
निहार-उ० देखना
तिहार-उ० तुम्हारे
मनिहार-पु० चूड़ियां बेचनेवाला
संहार-पु० क़त्ल, नाश
लुहार-पु० स

जुहार-स्त्री० किसी किसी जातिमें प्रणाम और राम रामके स्थान पर बोली जाती है
आहार-पु० भोजन
उपहार-पु० इनआम, भेट
त्यौहार-पु० स
शिर-पु० सर
गिर-पु० गिरनेकी आज्ञा
चिर-अ० दीर्घ, देर
स्थिर-उ० क़ायम
मन्दिर-पु० मकान
रुधिर-पु० ख़ून, रक्त
फिर-अ० स
मुख़बिर-पु० ख़बर देने वाला
आख़िर×अ० अन्तमें, ख़त्म
हाज़िर×उ० उपस्थित, मौजूद
ख़ातिर×स्त्री० शुश्रूषा, आवभगत, तबीअत, मिज़ाज, ध्यान पक्ष करके
ज़ाहिर×उ० रोशन, प्रत्यक्ष, खुल जाना

शाइर×पु० कवि
नादिर×उ० उम्दा, अच्छा
काफ़िर×पु० नास्तिक
मुसाफ़िर×पु० पथिक
ताजिर×पु० सौदागर
मुहर्रिर×पु० क्लर्क Clerk
अचिर-पु० थोड़े समय रहने
वाला
कीर-पु० शुक, तोता
लकीर-स्त्री० रेखा, ख़त
फ़क़ीर×पु० भिक्षुक
हक़ीर×उ० तुच्छ, ज़लील
तौक़ीर×स्त्री० इज़्ज़त
खीर-स्त्री० दूध चावलसे बना
हुआ एक भोजन
तबख़ीर×स्त्री० अबख़रा, भाप,
उफान
अख़ीर×उ० अन्तिम
ताख़ीर×स्त्री० ढील, देर
दामनगीर×उ० दामन पकड़ने
वाला
दस्तगीर×पु० मददगार

जागीर×स्त्री० जायदाद, मिल्क
चीर-पु० कपड़ा, चीरनेकी
आज्ञा-उ०
ज़ंजीर×स्त्री० शृङ्खला
अंजीर-पु० गूलरके रूपका एक
फल
मंजीर-पु० नूपुर, झांझन
वज़ीर×पु० सचिव, मंत्री
कुटीर-स्त्री० झोंपड़ी, कुटी
कांडीर-पु० करेला शाक
तीर-पु० किनारा, × शर
शहतीर-पु० बड़ी मोटी कड़ी
गाडर
कस्तीर-पु० रांग
तक़दीर×स्त्री० भाग्य
धीर-स्त्री० धैर्य, धीरजवाला पु०
रणधीर-पु० लड़ाईमें धैर्य रखने-
वाला
नीर-पु० जल
पनीर-पु० दुग्ध विकार
पीर-स्त्री० पीड़ा। पीर×सोमवार
गुरु पु०

तद्बीर-स्त्री० यत्न
अ़बीर-पु० कुटा हुआ अबरक
कबीर-पु० एक महात्मा कविका नाम
गंभीर-पु० गहरा, जो छिछोरा न हो
अभीर-पु० पिंगलका वह छन्द जिसके हर चरणमें ११ मात्रा, अन्त जगण हो, उ०
कविता रचो सप्रास।
कश्मीर-पु० देश विशेष
अमीर-पु० धनाढ्य
समीर-पु० पवन
तामीर-स्त्री० इमारत बनाना
ख़मीर-पु० मैदा घोलकर सड़ाना, आटा गूँदकर सड़ाना, या और कोई चीज़ जो गर्मीसे फूलजाय, मिलावट, मिज़ाज, मिट्टी
हमीर-पु० एक राग का नाम
वीर-पु० बहादुर
तस्वीर×स्त्री० चित्र
हीर-पु० हीरा। सिंह। सर्प
अहीर-पु० एक ज़ाति
तक़्सीर×स्त्री० ख़ता, कुसूर, अपराध
तासीर×स्त्री० असर, प्रभाव
बवासीर-स्त्री० गुदाका एक रोग
अकसीर×स्त्री० अति लाभ दायक, कीमियाकी कामयाबी
तबाशीर×पु० बंसलोचन
शमशीर×स्त्री० तलवार
तहरीर×स्त्री० लेख
तक़रीर×स्त्री० व्याख्यान
शरीर-पु० जिस्म, ×बदमआशा चुलबुला
करीर×पु० कीकर, बबूल
उर-पु० हृदय
अंकुर-पु० बीजसे वृक्ष उत्पन्न होनेमें जो सबसे पहले अनीसी फूटती है
खुर-पु० पशुओंके पांऊँ

चतुर-उ० बुद्धिमान, होशयार
विदुर-पु० धृतराष्ट्र और पांडुका
भाई
मधुर-उ० मीठा
पुर-पु० नगर
नूपुर-पु० स्त्रियोंका पग भूषण
सुर-पु० देवता
असुर-पु० राक्षस
आतुर-पु० सताया हुआ,
व्याकुल, जल्दबाज़
लंगूर-पु० स
घूर-पु० कड़ी या प्रेमकी निगाह
से देखना
चूर-स्त्री० टूटन फूटन, चूर्णका
अपभ्रंश
मंज़ूर×उ० स्वीकार
तूर-पु० बारीक तिनके, तुष
दूर-उ० स
सिंदूर-पु० एक लाल पदार्थ
जिसका टीका लगाते हैं
औरतें मांगमें भरती है
क्रूर-पु० सख़्त मिज़ाज, दुष्ट

शूर-पु० वीर बहादुर
नासूर-पु० कुघाव
भरपूर-उ० खूब भरा हुआ
बूर-स्त्री० आटेकी छनस, भूसी,
सुबूस
मयूर-पु० मोर
बिल्लूर-पु० एक पारदर्शक पत्थर
जिसके चश्मे और झाड़
बनते हैं
ज़ुरूर-अ० अवश्य
शऊर-पु०सलीक़ा, तमीज़, ज्ञान
फ़ुतूर-पु० ख़लल, विघ्न, उपद्रव
कुसूर-पु० अपराध
नूर-पु० तेज
मज़दूर-पु० कुली
ग़ुरूर-पु० घमण्ड
अंगूर-पु० मशहूर मेवा। ज़ख़्म
भरते समय झिल्ली का
आना
कपूर-पु० काफ़ूर
काफ़ूर×पु० कपूर। भागना,
ग़ायब होना

मजबूर×उ० लाचार
मक़दूर×पु० शक्ति
मशहूर×उ० प्रसिद्ध
दस्तूर×पु० रिवाज, क़ायदा। वज़ीर
अमचूर-पु० खटाई,-जो आमका गूदा सुखालेते हैं
चकनाचूर-उ० रेज़ा रेजा, खंड-खंड,
बिसूर-उ० रोनेके आरंभमें होंट निकालना
मसूर-स्त्री० एक अन्न जिसकी दाल बनती है, अदस
कर्णपूर-पु० करन फूल
केयूर-पु० बाज़ूबन्द
घेर-पु० अहाता, घेरनेकी आज्ञा दौर
देर-स्त्री० स
टेर „ पुकार
सेर-पु० १६ छटांक. अघाया। तृप्त
सवेर-स्त्री० स
सुमेर-पु० एक पर्वत, मालामें वह दाना जिसमें तागे के दोनोंसिरे पिरोये जातेहैं, इमाम
अन्धेर-पु० स
बेर-पु० बदरी फल
कमेर-स्त्री० कमाई
बखेर स्त्री० बखेरना
मुंडेर-स्त्री० छतसेज़राऊंचा दीवार का भाग
शेर-पु० सिंह
फेर-पु० स
ढेर-पु० राशि
बटेर-स्त्री० एकपक्षी, वर्त्तक
कनेर-स्त्री० एक वृक्ष
अजमेर-उ० एकनगर
बीकानेर-पु० „ „
तैर×पु० पक्षीका बहुबचन। तैरना
ख़ैर×स्त्री० भलाई, शान्ति, अस्तु
ग़ैर×उ० बेगाना, अन्य
सैर×स्त्री० स

पैर-पु० पग

ओर-स्त्री० तरफ़

कोर-स्त्री० किनारा

गोर-स्त्री० क़ब्र

घोर-उ० भयानक, सख्त

चोर-पु० स

ओरछोर-पु० दोनोंसिरे

ज़ोर×पु० बल

डोर स्त्री० रस्सी। लगन

ढोर-पु० पशु

पतोर-स्त्री० घास पत्ती

पोरपोर-स्त्री० पोरुवा पोरुवा
गांठगांठ, हरजोड़

बोर-उ० डुबाना, गोता

भोर-स्त्री० प्रातःकाल

मोर-पु० मयूरपक्षी

चकोर-स्त्री० वह पक्षी जो चन्द्रमा
पर आशिक माना
जाताहै

चकोर-पु० पिंगल छन्द, यदि
मत्त मयन्दके अन्तिम गुरु
अक्षर को लघुकरदेंतो
चकोर हो जाताहै देखो
"मत्तमयन्द" पृ० १६८

हिलोर स्त्री० लहर

शोर-पु० ग़ुल, कोलाहल

किशोर-पु० नव युवक, १०से
१५ वर्षकी अवस्था

टकोर-स्त्री० आवाज़

बागडोर-स्त्री० लगाम

कठोर-उ० सख्त, कठिन

दौर×पु० चक्कर, घेर

ग़ौर×पु० विचार

गौर-उ० गोरा, सफ़ेद

तौर-पु० ढंग, आंखोंकी बीनाई

और-अ० स

लाहौर-पु० प्रसिद्ध नगर पंजाब
की राजधानी

लकारान्त

कल-स्त्री० गुज़राहुआदिन,
आनेवाला दिन।
मात्रा। क़रार, चैन,
मशीन। सुख। कलकल

जोड़जोड़,
सकल-उ० सर्व, सम्पूर्ण
विकल-उ० व्याकुल
निकल-उ० स
उत्कल-पु० देश जगन्नाथप्रान्तमें, बोझ उठानेवाला
पुष्कल-उ० बहुत
आजकल उ० इनदिनों,—करना-टालना
अटकल-स्त्री० अनुमान, अन्दाज़ा
खल-पु० दुष्ट
कनखल-पु० हरिद्वारके पास एक नगर
गल-पु० गला
जंगल-पु० स
मंगल-पु० शुभ, कल्याण
दंगल-पु० अखाड़ा
पिंगल-पु० छन्द-शास्त्र, इल्मे अरूज़
पागल-पु० दीवाना
छागल-स्त्री० पानी भरनेकी थैली

बग़ल-स्त्री० स
निगल-उ० अपमान युक्त खाने की आज्ञा
चल-उ० स
चंचल-उ० चुलबुला
कुचल-उ० स
अचल-पु० क़ायम, स्थिर
मचल-उ० स
अंचल-पु० स
छल-पु० दग़ा, धोका
उछल-उ० उछलना
मोरछल-पु० मोरके परोंकाचंवर
जल-पु० पानी
काजल-पु० स्याही सुर्मा कज्जल
सजल-उ० जल सहित
अजल×स्त्री० मौत
ग़ज़ल×स्त्री० उर्दू कवितामें एक भेद
करकाजल-पु० ओला
झल-स्त्री० जलन, लपटें
ओझल-स्त्री० आड़
बोझल-उ० बोझवाला, भारी

टल-उ० जा
अटल-उ० नहीं टलने वाला
ज़टल-स्त्री० ग़प्पें
मंडल-पु० ज़िला, दायरा, समूह
कमंडल-पु० साधुवोंका जल-पात्र
तल-पु० तला, नीचे
खड़तल-पु० बेलाग कहने वाला
पीतल-पु० मशहूर धातु
बेतल-पु० झटकेका उड़ाया हुआ माल, चोरीकामाल
बोतल-स्त्री० स
कोतल-पु० वह घोड़ा जिस पर ज़ीन कसा हो परन्तु कोई सवार न हो
स्थल-पु० मुक़ाम- ज़मीन, खुश्क जगह
दल-पु० झुंड, परत
सन्दल×पु० चन्दन
पैदल-पु० स
बादल-पु० मेघ, अब्र
बदल-पु० बदला, तोड़
नल-पु० एक राजाका नाम
अनल-पु० आग
पल-पु० घड़ी का साठवां भाज
चपल-उ० चञ्चल
कोंपल-स्त्री० कोमल पत्ते जो अभी निकले हों
पीपल-उ० मशहूर वृक्ष-पु० एकदवा-स्त्री०
फल-पु० नतीजा। सेव अमरूद आदि। काटनेवाला हथियार दस्ता छोड़ कर
सफल-पु० कामयाब
विफल-पु० नाकाम
रफ़ल-स्त्री० एक कपड़ा तन-ज़ेबसा
बल-पु० ज़ोर, शक्ति
कम्बल-पु० प्रसिद्ध ऊनी वस्त्र
दुर्बल-उ० कमज़ोर
निबल-उ० ,, घटिया
सबल-उ० बलवान
मल-पु० मैल
अमल-उ० मलसे रहित

कोमल–उ० मुलाइम, नर्म

विमल-उ० पाक, शुद्ध, सुथरा

कमल-पु० पुष्प विशेष

खटमल-पु० इन्हें कौन नहीं जानता

परमल-पु० खास रीतिसे भुना हुआ अन्न

निर्मल-उ० मल रहित

हमल×पु० गर्भ । मेष राशि

रमल×पु० ज्योतिषकी रीतिका पाँसा

यल×पु० पहलवान

चटियल×पु० साफ़ मयदानका विशेषण

सड़ियल-उ० सड़ा हुआ, गन्दा

अड़ियल-उ० अड़ जानेवाला

मरियल-उ० कमज़ोर मुर्दार सा

नरियल-पु० श्रीफल

कोयल-स्त्री० पिक

हरियल-पु० एक पक्षी

खरल-स्त्री० दवा पीसनेकी ओखली

गरल-पु० विष

सरल-उ० सीधा, साफ़

ख़लल×पु० विघ्न

क़लल-पु० जरायु, जेल, गर्भके ढकनेकी झिल्ली

चावल-पु० स

भुसावल-पु० एक नगर

केवल-अ० सिर्फ़

धवल-पु० श्वेत रंग, ज़बरदस्त

पंडरावल-पु० एक कस्बा

कृषीबल-पु० काश्तकार

असल×पु० शहद, मधु

कवल-पु० ग्रास, लुक़मा,

कुशल-पु० क्षेम, आनन्द (विशे० में० उ०)

मूसल-पु० स

हल-पु० खेत जोतनेका आला

कुतूहल-पु० अचम्भा, गड़बड़

कोलाहल-पु० हंगामा, शोर

आल-स्त्री० नमी

काल-पु० समय

निकाल-उ० स

तत्काल-अ० उसी वक्त
प्रातः काल-पु० सुबह, फ़जर
इन्तक़ाल-पु० मृत्यु, बदलना
खाल-स्त्री० चमड़ा
पखाल-स्त्री० खालके बड़े बड़े थैले जिनमें पानी भर कर बैल पर लादले जाते हैं
गाल-पु० स
शृगाल-पु० गीदड़
उगाल-पु मुंःसे उगला हुआ पान आदि
बंगाल-पु० देश विशेष
कंगाल-पु० रंक
चाल-स्त्री० रफ़तार। फ़रेब। चलन
भूचाल-पु० भूकम्प, ज़लज़ला
पांचाल-पु० देश विशेष
बोलचाल-स्त्री० स
छाल-स्त्री० पोस्त, वृक्षोंका छिलका

जाल-पु० स
जञ्जाल-पु० झमेला
मजाल-स्त्री० शक्ति, ताक़त
झाल-पु० टूटे वर्तन पर टांका लगाना। बड़ा टोकरा, स्त्री०। नदीमें ऊंचेसे नीचे स्थानमें पानी गिरनेकी जगह-स्त्री०
टाल-स्त्री० लकड़ियोंकी दूकान, टालना
ठाल-स्त्री० बेकारी
डाल-स्त्री० डाली, शाखा डाल नेकी आज्ञा
चिण्डाल-पु० भंगी, दुष्ट चांडाल
पिंडाल-पु० मंडप
ढाल-स्त्री० तलवार रोकनेका आला। उतरान—पु०
चालढाल-स्त्री० चाल चलन
निढाल-उ० रंजीदा, सुस्त
ताल-स्त्री० गाने बजानेका अंग
बेताल-पु० प्रेतादि कल्पित यौनि

करताल-स्त्री० लकड़ी या धातु के दो टुकड़ोंका बाजा जिन्हें एक हाथमें लेकर बजाते हैं

हड़ताल-स्त्री० एक पीली दवा। सबका मिलकर काम छोड़ देना Strike

नैनीताल-पु० नगर विशेष

थाल-पु० बड़ी थाली

दाल-स्त्री० स

कुदाल×स्त्री० फावड़ी

नाल-स्त्री० नली। जुआ खिलानेवालेका हिस्सा

मुनाल-स्त्री० हुक्केकी नयके मुंःपर जो धातुकी नली लगाते हैं

करनाल-पु० एक नगर

पाल-स्त्री० आमोंको परिपक्व करनेका फूंस

सुखपाल-पु० पालकी जुमा एक सवारी

भूपाल-पु० राजा

नैपाल-पु० देश विशेष

बाल-पु० केश, ज्वार बाजरेके गुच्छे जो पेड़में लगते हैं। छोटा

वबाल×पु० वबा, बला

इक़बाल×पु० तेज, रौब, नसीब

इस्तक़बाल×पु० अगवानी, पेशवाई, भविष्य

आलबाल-पु० पौदेके चारों तरफ़ गोल बरहा कुंड, थांवला

भाल-पु० मस्तक, पेशानी

सँभाल-स्त्री० सँभालना, रक्षा

देखभाल-स्त्री० ,, ,,

माल-पु० स

कमाल×पु० निपुणता

जमाल×पु० सौन्दर्य

रेगमाल×पु० वह काग़ज़ जिसपर कांचके ज़र्रेजमे रहते हैं, पालिशपेपर

रम्माल×पु० रमल फेंकनेवाला

पामाल×उ० पद दलित

रूमाल×पु० अंगोछा
इस्तेमाल×पु० बर्तना, प्रयोग
मालामाल×उ० धन सम्पन्न
धम्माल-स्त्री० मार
व्याल-पु० साँप । पवन
ख़ियाल×पु० विचार, ध्यान
घड़ियाल-० एक जलका जीव
राल-स्त्री० एक दवा । बहता
हुआ थूक
मराल-पु० हंस
कराल-उ० कठोर
सुसराल-स्त्री० स
अन्तराल-पु० मध्य, बीच
लाल-पु० बेटा । एक चिड़िया
एक रत्न । सुर्ख़-उ०
कलाल-पु० शराब बेचनेवाला
हलाल×पु० हरामके विरुद्ध
जायज़, मारना
गुलाल-पु० एक लाल चूर्ण जो
होलीमें मुंः से मलते हैं
मलाल×पु० रंज, ग़म
हिलाल×पु० दूजका चन्द्रमा

दल्लाल-पु० आढ़ती, सौदा करा
नेवाला
सवाल-पु० प्रश्न
कोतवाल-पु० दारोग़ा, कोटपाल
शाल-पु० दुशाला
विशाल-उ० बड़ा, विस्तीर्ण
साल-पु० वर्ष । सूराख़, एक
इमारती लकड़ी,
पौसाल-स्त्री० प्याऊ, सबील
मिसाल-स्त्री० उदाहरण, उपमा
टकसाल-स्त्री० सिक्का बन्नेकी
जगह mint
पनसाल-स्त्री० लेवल, जमीनकी
नीचाइ ऊँचाई जाँचना
हाल×पु० समाचार, दशा, अव
स्था × वर्तमान काल,
हिलना
बहाल-पु० फिर नौकरी परलग
जाना, खुश, तन्दुरुस्त
सुहाल-पु० मठरी
निहाल×पु० पौदा, बहुत बख़-
शिशसे दरिद्र दूर होना

मुशकिल×स्त्री० दुशवारी
दाख़िल×उ० घुसना, शामिल होना
मंज़िल×स्त्री० स
कुटिल-पु० टेढ़ा, लुच्चा
तिल-पु० जिस्म पर छोटाकाला दाग़, ख़ाल, एक प्रकार का द्रव्य जिसमें तेल निकलता है
बातिल×उ० झूटा
दिल×पु० मन
आदिल×पु० न्यायी
अनिल-पु० पवन
कपिल-पु० सांख्यकार मुनि
महफ़िल×स्त्री० स
ग़ाफ़िल×पु० अचेत
क़ाबिल×पु० योग्य
शामिल×उ० शरीक
बिस्मिल×पु० अधमुआ, आधा गलाकटा हुआ, आशिक
कामिल×उ० पूर्ण
आमिल×पु० अमल करनेवाला

दुर्मिल-पु० पिंगलका वह छन्द जिसके प्रत्येक चरणमें २४ वर्ण अर्थात् ८ सग ण हों
IIS + IIS + IIS + IIS
IIS + IIS + IIS + IIS
उ०
कविता कविकी अति रोचक हो यदि प्रास निवास करे पदमें।
इसके अन्तमें एक गुरु वर्ण बढ़ानेसे सुन्दरी छन्द बन जाता है
देखो सुन्दरी पृ० १०७
सलिल-पु० जल
हासिल×उ० प्राप्त
मुसहिल×उ० दस्तावर
काहिल×पु० सुस्त, अलस
जाहिल×पु० मूर्ख
कील-स्त्री० लोहेकी बारीक खूंटी
खील-स्त्री० लाजा, भुने हुएधान
चील-स्त्री० एक पक्षी, ज़ग़न

छील-उ० स

इंजील-स्त्री० ईसाइयोंकी धर्म पुस्तक

झील-स्त्री० खाड़ी, पानीका स्थान

ढील-स्त्री० सुस्ती, देर

क़न्दील×पु० काग़ज़ी फानूस

नील-पु० नीला रंग

अबाबील-स्त्री० वीरां-पसन्द जानवर

सबील×स्त्री० रास्ता, तरीक़ा, पानीकी प्याऊ

ज़ंबील×स्त्री० झोली

भील-पु० शबर

मील-पु० १७६० गज़ दूरी

रील-स्त्री० तागोंकी गिट्टक, तागे

करील-पु० कीकर, बबूल

अश्लील-उ० बीभत्स

ज़लील-उ० लज्जित, शर्मिन्दा नीच

जलील×पु० बज़ुर्ग, बड़ा

वकील-पु० प्लीडर, क़ानूनी हिमायती

अपील-स्त्री० फ़र्याद

शील-पु० स्वभाव, अच्छा चलन

सुशील-पु० अच्छे चाल चलन वाला

दलील×स्त्री० हेतु

बख़ील×पु० कंजूस

सक़ील×उ० भारी भोजन जो देरमें हज़्म हो

अलील×उ० बीमार

असील×पु० जो वर्ण सङ्कर न हो, शुद्ध क्षेत्र और वीर्य से उत्पन्न

मंदील×पु० एक प्रकारकी पगड़ी

तामील×स्त्री० आज्ञा पालन

तहसील×स्त्री० उघाना, प्राप्त करना, तहसीलदारका दफ़तर

तफ़सील×स्त्री० ब्यौरेवार

तातील×स्त्री० छुट्टी

तबदील×उ० बदलना

पतील-उ० पतला

डील-पु० जिस्म

कुल-पु० ख़ानदान, गुरोह,
जमाअत × तमाम
व्याकुल-उ० बेक़रार
आकुल-उ० ,,
नकुल-पु० पाण्डवोंमें एक । न्यौला, रासू
गुल×पु० फूल । जली हुई बत्ती, चिराग़का बुझना
ग़ुल×पु० शोर
खुल-उ० स
घुल-उ० स
ज़ुल-पु० धोका
मंजुल-उ० पवित्र, कोमल
अतुल-उ० जिसकी तोल न हो
मातुल-पु० मामा, मामूं
पुल-पु० स
तुमुल-पु० कुश्ती, युद्धार्थ मुठभेड़
काबुल-पु० देश विशेष
बुलबुल-स्त्री० वह पक्षी जिसे उर्दू कवि फूल पर आशिक मानते हैं

तअम्मुल-पु० ग़ौर, ठहरना
चुल-स्त्री० खुजली
अंगुल-स्त्री० उङ्गलीकी चौड़ाई बराबर जगह
कूल-पु० किनारा
अनुकूल-उ० मुआफ़िक़
दुकूल-पु० वस्त्र
प्रतिकूल-पु० नामुआफ़िक़
लांगूल-पु० पूंछ
चूल-स्त्री० जिस पर किवाड़ घूमती है । जोड़ । चारपाईमेंपायोंके सूराख़
फ़ुज़ूल-उ० व्यर्थ
झूल-स्त्री० झूलनेकी रस्सी । पशुवोंको उढ़ानेका कपड़ा
टूल-स्त्री० एक लाल कपड़ा । स्टूलका अपभ्रंश
चंडूल-पु० मनहूस पक्षी
तूल×पु० लम्बाई
स्थूल-पु० कसीफ़, मोटा
ऊलजुलूल-उ० बेहूदा बकवास
शूल-पु० कांटा

त्रिशूल-पु० तिधारा
कुबूल×उ० मंज़ूर
हूल-स्त्री० नोककी मार
ताम्बूल-पु० पान
वुसूल×उ० उघाना, लेना
उसूल×पु० जड़ें, सिद्धान्त
मक़बूल×उ० मान्य
माक़ूल×उ० अक़्लके मुताबिक, उचित
नकेल-स्त्री० नाककी रस्सी
खेल-पु० स
जेल-स्त्री० जरायु, कारागार
झेल-उ० सहन
उँडेल-उ० गिराना
तेल-पु० स
धकेल-उ० स
मेल-पु० मिलाप
झमेल-स्त्री० झगड़ा
पेल-उ० डँड और तिलोंसे सम्बन्ध रखने वाली क्रिया
बेल-स्त्री० वेलि, फल फूलका वह वृक्ष जो जमीन पर पड़ा रहता है या टट्टी छपर दीवारों पर चढ़ाया जाता है। कोर
रेल-स्त्री० स
हेल-स्त्री० गोबरका भरा हुआ टोकरा
फुलेल-पु० खुशबूदार तेल
दाग़बेल×स्त्री० सड़क बनाने या मकान चुन्नेके लिये ज़मीन पर निशान लगाना
कमेल-पु० ऊँट
मैल-पु० मल
बैल-पु० वृषभ, नरगाव
चुड़ैल-स्त्री० कुरूपा कराला स्त्री
दबैल-उ० दबा हुआ
खपरैल-स्त्री० Tile, खपरा
झकोल-उ० स
खोल-उ० स
गोल-उ० स
घोल-उ० स

छोल-पु० छिलके

मेलजोल-पु० मिलाप, आपसमें मिलना जुलना

झोल-पु० ब्याँत। सिलवट, रैंच। मुलम्मा

टटोल-स्त्री० तलाश

ठिठोल-स्त्री० मज़ाक़

डोल-पु० पानी खींचनेका पात्र

ढोल-पु० बड़ी ढोलक

तोल-स्त्री० वज़्न

कचकोल-पु० भिक्षा पात्र

रमझोल-पु० पगभूषण

बग़लोल-पु० कूढ़, मूढ़, अहमक़

उल्लोल-पु० तरङ्ग, लहर

कल्लोल-पु० ,, ,,

कोल-पु० सूकर, सूअर

क़ौल×पु० बचन

बौल×स्त्री० गेंद Ball

कौल-पु० वह मुट्ठी भर अन्न जो चक्कीके मुंह में डाला जाय

पिस्तौल×स्त्री० तमंचा Pistol

डीलडौल-पु० स

धौल-स्त्री० चपत

लाहौल×स्त्री० घृणा और धिक्कार सूचक शब्द

वकारान्त

जव-पु० जौ अन्न विशेष

लव-पुं० ज़रासा

शव-पु० मुर्दा, लाश

रव-पु० आवाज़, शोर

नव-उ० नया, ९

भव-पु० संसार

अवयव-पु० शरीरके टुकड़े, हिस्से, आज़ा

उत्सव-पु० खुशीका जल्सा

उद्भव-पु० पैदा होना

पल्लव-पु० पत्ते

कितव-पु० ज्वारी, धूर्त

बनाव-पु० सजावट, शृङ्गार

दांव-पु० मौक़ा, घात, खेलमें नम्बर, हारजीतका संकेत

राव-पु० एक पदवी, राजा

दिखाव-पु० दर्शन

हाव-पु० संयोग शृङ्गारमें जो चेष्टा होती है वह साहित्यानुसार हाव १२ प्रकारके होते हैं

भाव-पु० रसास्वाद अनुभव करनेकी क्रिया जो मुख्य तीन प्रकारकी है सात्विक, कायिक और मानसिक। निर्ख। मतलब

नाव-स्त्री० किश्ती

घाव-पु० ज़ख्म

चाव-पु० उमंग, शौक़

ताव-पु० जोश, तपाना, गुस्सा

बहाव-पु० स

बचाव-पु० स

लगाव-पु० स

भराव-पु० स

लदाव-पु० बग़ैर कड़ियोंके छत को पाटना

पड़ाव-पु० गाड़ियोंके ठहरनेकी जगह, सफ़रमें मुक़ाम

अलाव-पु० वह अग्निकुंड जो गांववाले कुछ कूड़ा करकट जमा करके जलाते और उसकेसहारे थोड़ी देर गुज़ारते हैं

पुलाव-पु० एक मुसलमानी खाना

अटकाव-पु० स

पाव-उ० चौथाई

नानपाव×पु० डबल रोटी

चलचलाव-पु० स

हिवाव-पु० हिम्मत, हौसिला, दिल

कटाव-पु० स

बढाव-पु० स

घटाव-पु० स

जमाव-पु० स

ठैराव-पु० स

बर्ताव-पु० स

रलरलाव-पु० स

चढ़ाव-पु० स

दबाव-पु० स

अभाव-पु० नेस्ती, न होना

इव-अ० मानिन्द्
शिव-पु० महादेव
सचिव-पु० वजीर, मंत्री
जीव-पु० आत्मा, जीवात्मा, रूह Soul
क्लीव-पु० नपुंसक, हीजड़ा
अतीव-अ० बहुतही

शकारान्त

कलश-पु० धातुका घड़ा
विवश-उ० लाचार
वश-पु० क़ाबू, बस
यश-पु० जस, कीर्ति
दश-उ० दस, १०
सरकश×पु० बाग़ी, नाफ़र्मान, फिरा हुआ
तरकश×पु० निषङ्ग
कर्कश-पु० कलहप्रिय
ग़श×पु० बेहोशी, मूर्छा
आश-स्त्री० आस
प्रकाश-पु० उजाला
अवकाश-पु० फ़ुर्सत, ख़ाली जगह
विनाश-पु० नाश
हताश-उ० नाउम्मीद, निराश
लाश×स्त्री० शव, मुर्दा-जिस्म
तालाश×स्त्री० ढूँढना, टोह, अन्वेषण
पाशपाश×उ० टुकड़े टुकड़े
तराश×स्त्री० काट
तराशख़राश-स्त्री० काट छाँट, बनाव सिगांर
फ़ाश-पु० खुल जाना, जैसे राज़ फाश हो गया भेद खुल गया
काश×अ० अभिलाषाका शब्द है, "इश्वर करे यूं हो"के स्थानमें बोलते हैं "काश यूं हो"
मआश×स्त्री० रोज़गार, धन्दा, आमदनीका ज़रीआ
क़िमाश×उ० जौहर, आदत, कुल, यह शब्द क़ुमाश

है परन्तु आम तौर पर
क़िमाश बोला जाता है
ऐयाश×उ० रजोगुणी, आनन्दी,
तमाश-बीन, बदकार,
रण्डीबाज़
बश्शाश×उ० खुश, प्रफुल्लित
ख़शख़ाश×स्त्री० ख़शख़श नाम
की दवा
परख़ाश×स्त्री० अनबन, द्वेष
बूदोबाश×स्त्री० रहायश, सुकू-
नत
शाबाश×अ० यह प्रशंसा और
आशीर्वादका शब्द है
धन्य हो, अस्लमें "शाद्-
बाश" था जिसका
अर्थ है "खुश रहो" अब
शाबाश रह गया है
दिलख़राश×उ० दिलको दुखाने
वाला, हृदय वेधक
क़लमतराश×पु० चाकू
ओबाश×पु० लुच्चा, गुंडा
ताश-पु० खेलनेके पत्ते।
तागोंका टिकट
माश×पु० उर्द, यह संस्कृतका
'माष' ही तो है
गुलाब पाश×पु० गुलाब छिड़-
कनेका पात्र
कोशिश×स्त्री० प्रयत्न
पालिश×स्त्री० Polish चमका
नेकी क्रिया और वस्तु
दानिश×स्त्री० अक़्ल, बुद्धि
ताबिश×स्त्री० चमक, धूप
नालिश×स्त्री फ़र्याद, दावा
मालिश×स्त्री० मलना, मलाई
बारनिश×स्त्री० चमक पैदा
करनेवाला रोग़न
साज़िश×स्त्री० बनावट, घात,
मेल
नवाज़िश×स्त्री० महरबानी
ख़ाहिश×स्त्री० इच्छा
आसाइश×स्त्री० आराम
आराइश×स्त्री० सजावट
आज़माइश×स्त्री० परीक्षा
फ़रमाइश×स्त्री० आज्ञा, किसी

चीज़के मंगाने या बनानेका हुक्म
बारिश×स्त्री० वर्षा
ख़ारिश×स्त्री० खुजली
जवारिश×स्त्री० पाककी सूरतमें औषधि
ख़लिश×स्त्री० खटक, चुभन, झगड़ा
कशिश×स्त्री० खींच, आकर्षण
पोशिश×स्त्री० पहनावा
तपिश×स्त्री० धूपकी तेज़ी, तड़प
जुंबिश×स्त्री० हिलना
सोज़िश×स्त्री० जलन
रंजिश×स्त्री० रंज
गुलाम गर्दिश×स्त्री० बरामदा, महलके चारों तरफ़का बरामदा जिसमें नौकर चाकर दासादि हाज़िर रहते हैं
किशमिश×स्त्री० मशहूर मेवा द्राक्षा

कुलिश-पु० वज्र
ईश-पु० ईश्वर, मालिक
महीश-पु० राजा
कपीश-×पु० सुग्रीव
कवीश-पु० कवियोंका राजा, मलिकुश्शोरा
जगदीश-पु० जगत्‌का मालिक, ईश्वर
तशवीश×स्त्री० चिन्ता
तफ़तीश×स्त्री० तहक़ीक़ात, छानबीन
कुश-पु० घास, तिनके
अंकुश-पु० स
धनेश-पु० धनका मालिक,कुवेर
गणेश-पु० गजानन-गणपति
महेश-पु० शिवजी
सुरेश-पु० इन्द्र
दानवेश-पु० राक्षसोंका राजा, रावण
क्लेश-पु० दुःख
केश-पु० बाल, अलक
लवलेश-पु० ज़रासा

लेश-पु० थोड़ा
नरेश-पु० राजा
खगेश-पु० गरुड़
प्रवेश-पु० दाख़िला
पेश×पु० ऊपर, आगे
बेश×पु० अधिक
ख़ेश×पु० अपना, सगा
दूरअन्देश×पु० दूर दर्शी
दरवेश×पु० फ़क़ीर
उपदेश-पु० नसीहत
अपदेश-पु० बहाना,भेस बदलना
आवेश-पु० अहंकार, गुस्सा, जोश
उद्देश-पु० मक़सद
कोश-पु० ख़ज़ाना, लुग़तकी किताब डिक्शनरी Dictionary
होश×पु० अक़्ल, औसान
ख़ामोश×उ० चुप
ख़रगोश×पु० ख़रहा, शश
जोश×पु० उबाल, आवेश
आग़ोश×स्त्री० बग़ल
फ़रामोश×स्त्री० भूलना
बेहोश×उ० मूर्छित, मदान्ध
रूपोश-उ० मुंः छुपानेवाला
फ़रोश×पु० यह किसी पदार्थके साथ लगाकरही बोला जाता है जैसे इत्र फ़रोश बूटफ़रोश, पार्चा फ़रोश, कुतुब फ़रोश, बेचनेवाला
सुबुकदोश-पु० उऋण, बोझ उतरजाना
अपक्रोश-पु० निन्दा
अंश-पु० हिस्सा, जुज़
वंश-पु० ख़ानदान
उपदंश-पु० सुज़ाक-आतशक। गज़क चाट जो मद्यपान के बाद अच्छी मालूम होती है
अपभ्रंश-पु० बिगड़ा हुआ शब्द

षकारान्त

कल्मष-पु० पाप, मैला, पापी

पक्ष-पु० पर, पन्द्रहदिन, तरफ़-दारी, शास्त्रार्थमें बयान
दक्ष-पु० कुशल, चतुर, निपुण
रक्ष-उ० रक्षण
लक्ष-पु० लाख
प्रत्यक्ष-पु० ज़ाहिर, प्रमाणोंमें से एक
भक्ष-उ० भक्षण
अक्ष-पु० खेलनेका पासा, धुरी
वक्ष-पु० हृदय
यक्ष-पु० देव यौनि भेद
अभिलाष-पु० आशा, ख़्वाहिश
माष-पु० उर्द
कल्माष-उ० पाप, मैला
बिष-पु० ज़हर
आमिष-पु० मांस
करीष-पु० सूखा गोबर
पुरीष-पु० विष्ठा, मल, गू
पुरुष-पु० नर
तुष-पु० धानका छिलका, भूसी
ऊष-पु० गन्ना
पीयूष,पु० अमृत, सुधा
मेष-पु० मेंढा
शेष-पु० बाक़ी
घोष-पु० पुकार
रोष-पु० ग़ुस्सा
सन्तोष-पु० सब्र
आत्मघोष-पु० कुत्ता । कव्वा
आशुतोष-पु० शीघ्र प्रसन्न होने-वाला
ओष-पु० जलन, दाह
मोक्ष-स्त्री० मुक्ति
परोक्ष-पु० ग़ायब

सकारान्त

कस-पु० सार, कसना
बस-पु० क़ाबू, वश
रस-पु० मज़ा । शृङ्गार आदि ६ खट्टा मीठा आदि ६
नस-स्त्री० रग
अलस-पु० आलसू, काहिल, सुस्त
भुरकस-पु० चूरा
तरस-पु० रहम, डर

बरस-पु० साल, वर्षा
ठस-पु० ग़बी, कुन्द ज़हन, सुस्त
डस-पु० साँपके काटनेकी अपूर्ण क्रिया, तराजूके पलड़ोंकी रस्सी
बनारस-पु० काशी
ढारस-स्त्री० तसल्ली
पारस-पु० वह पत्थर जो लोहेको सोना बनाता है
सारस-पु० हंसके आकारवाला पक्षी
जरस×पु० घंटा
क़फ़स×पु० पिंजरा
मगस×स्त्री० मक्खी
हवस×स्त्री० तृष्णा
नफ़स×पु० दम, सांस
अदस×स्त्री० मसूर
दस-उ० दश १०
अतलस×स्त्री० एक रेशमी कपड़ा
मुक़द्दस×उ० वज़ुर्ग, पवित्र
चरस-पु० एक नशा—सुलफ़ा, चमड़ेका बहुतही बड़ा डोल जिससे काश्तके वास्ते बैलों द्वारा पानी निकालते हैं
बुड़भस-स्त्री० बुढ़ापेमें संयोगकी इच्छा
फप्पस-पु० फूले हुए जिस्मका पुरुषार्थ हीन
आपस-उ० बाहम, परस्पर
असमंजस-पु० असंगत, जो युक्तियुक्त न हो, पसोपेश, द्विविधा; आगा पीछा, चेकुनम
विकास-पु० इर्तका, एवोल्यूशन सिलसिलेसे बढ़ना Evolution.
निकास-पु० स
कास-स्त्री० खांसी
ख़ास×उ० विशेष
ग्रास-पु० गस्सा, लुक़मा, निवाला
घास-स्त्री० स
उड़ंचास-उ० ४६

पचास-उ० ५०
खटास-स्त्री० खट्टापन
मिठास-स्त्री० मीठापन
सिंडास-पु० पखाना
भड़ास-स्त्री० हसरत, रुकी हुई इच्छा
अमलतास-पु० एक दस्तावर दवा
दास-पु० सेवक, गुलाम
उदास-उ० सुस्त, मांद
सूरदास-पु० सूरसागर और साहित्य लहरीके रचयिता ब्रह्मभट्ट जातिके महाकवि
सत्यानास-पु० नाश
अनन्नास-पु० एक फल
लिबास-पु० पोशाक, ड्रेस
आभास-पु० प्रतिबिम्ब, वह न हो परन्तु वैसामालूम हो
रमास-पु० एक वृक्ष
समास-पु० मेल, कई शब्दोंका मिलकर एक होना

अलमास×एक रत्न
बारहमास-उ० हमेशा
अधिमास-पु० लौंदका महीना
प्यास-स्त्री० तृषा
क़यास-पु० अनुमान, अन्दाज़ा
अनायास-उ० यकायक
अभ्यास-पु० मश्क़, रब्त
आयास-पु० तकलीफ़
उपन्यास-पु० नाविल, कहानी
ह्रास-पु० घटना, नाश
प्रास-पु० क़ाफ़िया, तुक
अनुप्रास-पु० एक अलंकार
महाप्रास-पु० रदीफ़, देखो इसी किताबका पृष्ठ ६
रास-पु० देव कथाके नामसे नाच गाना
मद्रास-पु० एक नगर
त्रास-पु० डर
चपरास-स्त्री० कपड़े या चमड़ेकी पेटी जिसमें धातुपत्रपर मालिकका नाम खुदा रहता है

बिलास-पु० आनन्द,खेल,क्रीड़ा, ऐश
उल्लास-पु० हर्ष। अध्याय
हुलास-पु० खुशी, सूँघने योग्य तम्बाकू
इजलास-पु० दर्बार, कचहरी
गिलास-पु० प्याला, जाम
कैलास-पु० शिवजीका निवास स्थान पर्वत
कड़वास-स्त्री० कड़वापन
निवास-पु० रहना
श्वास-पु० सांस
विश्वास-पु० यक़ीन
वास-पु० रहना
प्रवास-पु० परदेसमें रहना
हवास×पु० ज्ञानेन्द्रिय, औसान
उपवास-पु० न खाना, व्रत
सास-स्त्री० सुसरकी स्त्री
मसास-पु० स्त्री संगमके समय कामोत्तेजक क्रिया
अट्टहास-पु० क़हक़हा मारकर हँसना

इतिहास-पु० तारीख़ History
बांस-पु० स
फांस-स्त्री० स
सांस-उ० स
धांस-स्त्री० चूलको सख्त करने-के लिये पच्चर ठोकना। खांसी
मांस-पु० गोश्त
डांस-पु० मच्छर
कांस-पु० एक घास
इस-उ० स
किस-उ० स
घिस-उ० स
घिसघिस-स्त्री० झमेला
माचिस-स्त्री० दियासलाई, दीप-शलाका matches
जिस-उ० स
तिस-उ० स
पिस-उ० स
रिस-उ० गुस्सा
पुलिस-स्त्री० मशहूर महकमा
सर्विस-स्त्री० नोकरी Service

मिस-पु० बहाना
मुदर्रिस-पु० अध्यापक
मजलिस-स्त्री० सभा
ढिसमिस-उ० ख़त्म, ख़ारिज, Dismiss
रीस-स्त्री० हिर्स
सीस-पु० सर
अतीस-पु० एक दवा
पीस-उ० स
फीस×स्त्री० उजरत, बदला, महनताना Fee
१९से लेकर ४८ तक गिन्तीके शब्द-उ०
असीस-पु० आशीर्वाद; दुआ
कसीस-पु० एक दवा
ख़सीस-पु० कंजूस
रईस-पु० रियासतदार, अमीर
नफ़ीस-उ० उत्तम, स्वच्छ, अच्छा
ख़ुशनवीस-पु० अच्छा लेखक, जिसके अक्षर उत्तम हों
मक़नातीस-पु० चुम्बक, पत्थर
टीस-स्त्री० दर्द, चुभन, खटक। जिल्दबन्दीमें एक सिलाई
घुस-उ० स
भुस-पु० भूसा
उस-उ० स
खुसपुस-स्त्री० काना फूसी
फ़ानूस-पु० दीपक पर कपड़े या कांचका ढकना जो रोशनीका बाधक न हो और जन्तुओंको दीपक पर गिरनेसे बचाय
जुलूस×पु० सवारी,शानोशोकत और भीड़ भड़क्केके साथ किसीका निकलना
आबनूस×पु० एक काली लकड़ी, काला
रूस-पु० एक देश
पूस-पु० हिन्दी महीना, पौष
कारतूस-पु० बन्दूकमें भरनेकी चीज़ Cartridge
नाकूस×पु० शङ्ख
मनहूस-पु० बदनसीब, असेना

दक़ियानूस-पु० एक पुराना हकीम, इसी वजहसे पुराने-को दक़ियानूसी कहते हैं
जासूस-पु० गुप्तचर Spy
फ़ुलूस-पु० पैसा
खेस-पु० ख़ास बुनावटका चादरा
ठेस-स्त्री० ठोकर, झटका, सदमा, नुक़सान, खटक, चुभन
रेस-स्त्री० घुड़ दौड़ Race
देस-पु० देश, एक रागका नाम
भेस-पु० रूप
सँदेस-पु० पयाम, ख़बर
ड्रेस×पु० लिबास Dress
परदेस-उ० पराया मुल्क
ओस-स्त्री० शबनम
कोस-पु० क्रोश, लगभग $1\frac{1}{2}$ मील फ़ासिला
ठोस-पु० भरा हुआ जो थोता न हो
भरोस-पु० भरोसा
अफ़सोस-पु० शोक, पछतावा
मसोस-उ० स
परोस-उ० खानेके लिये सामने रखना
पड़ोस-पु० हमसाया, पासवाले
अवतंस-पु० मुकुट
कंस-पु० श्रीकृष्णका मामा
हंस-पु० एक पक्षी
विध्वंस-पु० नाश
शंस-पु० तारीफ
अंस-पु० काँधा

हकारान्त

कह, रह, सह, दह, बह, गह } उ० स

कलह-पु० झगड़ा, लड़ाई
विरह-पु० वियोग, हिज्र

शह×पु० राजा
आह×स्त्री० कराहनेकी आवाज़, सब्र
काह×स्त्री० घास
चाह×स्त्री० चाहत, × कुँआं
आह×पु० मर्तबा, शान
थाह-स्त्री० तह
पनाह×स्त्री० शरण
नाह-पु० पति, मालिक
सिपाह×स्त्री० फ़ौज, सेना
तबाह×उ० बरबाद
माह×पु० महीना, चन्द्र
विवाह-पु० स
निर्वाह-पु० निभाव, निबाह
उत्साह-पु० उमंग, खुशी
ख़ामख़ाह-अ० व्यर्थ, अपनेआप, अकारण
गाहबगाह-उ० कभी कभी
राह×स्त्री० रास्ता
शाह×पु० बादशाह, राजा
मल्लाह×पु० किश्तीबान—यह निकाह+सलाह+ फ़लाहका क़ाफ़िया है गवाह+शाह+कुलाहका नहीं दोनों 'हे' अलग हैं, देखो प्रासकेदोष पृ० २० में "इकफ़ा"
डाह-स्त्री० हसद, ईर्ष्या, जलन, शत्रुता
सोतियाडाह-पु० सौतनका जलन
गवाह×पु० साक्षी, शाहिद
वाह-स्त्री० प्रशंसाका शब्द है और तानेमें भी बोला जाता है
गुलनाह×पु० पाप, अपराध
निगाह×स्त्री० दृष्टि
सियाह×उ० काला
कुलाह×स्त्री० टोपी, मुकुट
अल्लाह×पु० ईश्वर, ख़ुदा
हमराह×पु० साथ
तन्ख़ाह-स्त्री० मासिक वेतन
अफ़वाह-स्त्री० शोहरत, उड़ती ख़बर

गुमराह-उ० भटकाहुआ, रास्ता , भूला हुआ
रोबाह-स्त्री० लौमड़ी
बदख़ाह-पु० अशुभ चिन्तक
अन्तर्दाह-पु० दिलका जलना, अन्दरूनी जलन
अवगाह-पु० स्नानालय, ग़ुसल ख़ाना
कटाह-पु० भैंसका बच्चा । कड़ाही । नरक
गेह-पु० घर, मकान
देह-स्त्री० शरीर, जिस्म, वास्तवमें पुल्लिंग है परन्तु स्त्री० ही बर्ता जाता है
स्नेह-पु० प्यार, प्रेम
नेह-पु० स्नेहका संक्षिप्त
मेह-पु० वर्षा
प्रमेह-पु० जिरियान रोग सेह उ०—जानवर जिसके बदन पर तकले जैसे कांटे होते हैं फ़ार्सी ख़ारपुश्त ; ख़ारपुश्त उस पंजेको भी कहते हैं जो लकड़ी सींग धातु का कमर खुजानेके लिये बना लेते हैं
ओह-स्त्री० आश्चर्य, बे परवाई आदि अनेक मनोविकार प्रकाश करनेमें बोलते हैं
कोह-पु० पहाड़
गोह-स्त्री० गोधा, चन्दनगोह
टोह-स्त्री०, तलाश
अन्दोह×पु० ग़म, रञ्ज
अम्बोह×पु० मजमा, बहुतसे आदमियोंका झुण्ड
मोह-पु० कामादि पंच विकारोंमें का एक,
गुरोह-पु० टोला, समूह
लोह-पु० लोहा
लिल्लोह-उ० बे लाग, साफ़
आरोह-पु० चढ़ना
अवरोह-पु० उतरना
द्रोह-पु० विग्रह, फूट, रंजिश लड़ाई

त्रान्त

अत्र-अ० इसमें, यहां

एकत्र-अ० एक जगह, इकट्ठा

छत्र-पु० राजा या देवताकी छत्री

यत्र-अ० जहां

तत्र-अ० वहां

पत्र-पु० समाचार पत्र, ख़त, चिट्ठी, वरक़

कलत्र-पु० अपनी स्त्री

पात्र-पु० बर्तन, योग्य

गात्र-पु० अंग, शरीर

मात्र-उ० समस्त, सिर्फ़, केवल

छात्र-पु० विद्यार्थी

जामात्र-पु० दामाद, जमाई

मित्र-पु० दोस्त

पवित्र-उ० पाक, शुद्ध

विचित्र-उ० अजीब

चरित्र-पु० जीवन वृत्तान्त

चित्र-पु० तस्वीर, फोटो

पुत्र-पु० बेटा

सूत्र-पु० धागा, नियम

मूत्र-पु० पेशाब

नेत्र-पु० आंख

क्षेत्र-पु० खेत, मैदान

गोत्र-पु० वंश की तफ़सील

श्रोत्र-पु० कान

मंत्र-पु० स

तंत्र-पु० हितोपदेशादि ग्रन्थोंका प्रकार

यंत्र-पु० कल, मशीन

हिन्दी पुस्तक एजेन्सी माला

अबतक निम्नलिखित १२ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं

नाम पुस्तक	लेखक	मूल्य
१ सप्तसरोज	"प्रेमचन्द"	॥)
२ महात्मा शेखसादी	"	।=)
३ धनकुबेरताता	म० द्वि० ग० बी० ए०	।)
४ विवेकवचनावली	श्रीयशोदानन्दजी अखौरी	≡)
५ ब्रजभाषा बनाम खड़ी बोली	"वि०" "प०"	=)
६ सेवासदन	"प्रेमचन्द"	२॥)
७ कर्मवीर गान्धीके महत्व-पूर्ण लेख और व्याख्यान	"गान्धी भक्त"	१।)
८ संस्कृत कवियोंकी अनोखी सूझ	पं० जनार्दनभट्ट एम० ए०	।=)
९ लोकरहस्य	एक हिन्दी रसिक	॥=)
१० खाद	श्रीमुख्तारसिंह वकील	१)
११ प्रेम-पूर्णिमा	"प्रेमचन्द"	२)
१२ आरोग्यसाधन	महात्मा गान्धी	।-)

सब प्रकारकी पुस्तकें मिलनेका पता—

हिन्दी पुस्तक एजेन्सी

१२६, हरिसन रोड, कलकत्ता

घोषणा पत्र

कवि वंशियोंका गौरव काव्य कलाहीसे रहा है—काव्यके लिये पिंगल विद्याका जानना अत्यावश्यक है इसी लिये पिंगल विद्याका प्रचार आरंभ कर दिया है मैं इस कार्यमें श्रीमान् पं० राम रक्खामलजी "रामकवि" चौडियाला ज़िला अम्बाला निवासीका अहसानमन्द हूं कि पिंगल-पाठ तैयार करनेमें उनसे पूरी पूरी मदद मिल रही है। वणिक् प्रेस कलकत्ताका भी कृतज्ञ हूं कि वह इस विद्या प्रचारके निमित्त छपाईके दाम कुछ नहीं लेता जिसकी कृपासे इस समय १३७ विद्यार्थी भारतवर्षके हर एक कौनेमें घर बैठे पिंगल सीख रहे हैं। पाठ छाप छाप कर डाक द्वारा भेजे जाते हैं। छपाई या डाक व्ययके निमित्त एक पाईभी किसीसे नहीं ली जाती। उदार पुरुष "विद्यादान उस पर टिकट दक्षिणा" से घबराकर यदि कुछ भेज देते हैं तो उनका संकोच दूरकरनेके लिये ग्रहण कर लिया जाता है।

जिन महाशयोंको पिंगल विद्यासे प्रेम हो वो चाहे किसी वर्ण वाले हों निम्न पते पर प्रार्थना पत्र भेजकर विद्यार्थियोंमें शामिल हो सकते हैं।

नारायण शतक

हमने नीतिके नवीन १०० दोहे निर्माण करके कार्ड साइज़ ६४ पृष्ठ पर छापे हैं। आधे दोहेमें नीतिका उपदेश, आधेमें उसका दृष्टान्त दिया है।

निम्न पते पर =)॥ के टिकट भेजनेसे मिलेगा।

नारायणप्रसाद "बेताब"
नं० ७, मार्कस स्कायर, कलकत्ता

स्थायी ग्राहक होनेके लाभ

१—एजेन्सीसे प्रकाशित कोई भी पुस्तक आप २५) सैकड़ा कमीशन काटकर पा सकते हैं।

२—अबतक प्रकाशित या आगे प्रकाशित होनेवाली पुस्तकोंका लेना न लेना आपकी इच्छा पर निर्भर है। नयी पुस्तक निकलने पर कार्ड द्वारा सूचना देकर १० दिनके बाद पुस्तक वी० पी० से भेजी जायगी। पुस्तक लेनेकी इच्छा न होनेपर सूचित कर देना चाहिए अन्यथा पुस्तक भेजनेके डाकव्ययकी हानि ग्राहकके जिम्मे होगी।

नियम

१—आठ आना प्रवेश फी भेज देने और इसके साथका फार्म भरकर भेज देनेसे आप हिन्दी पुस्तक एजेन्सीमालाके स्थायी ग्राहक बना लिये जायंगे। ॥) आना प्रवेश फी मनीआर्डरसे भेजें या पुस्तकोंके वी० पी० के साथ वसूल करनेकी आज्ञा दें।

पत्र व्यवहारका पता—

हिन्दी पुस्तक एजेन्सी
१२६, हरिसन रोड, कलकत्ता

प्रबन्धकर्त्ता,

हिन्दी पुस्तक एजेन्सी
१२६, हरिसन रोड, कलकत्ता

प्रिय महाशय,

मैं हिन्दी-पुस्तक-एजेन्सीमालाका स्थायी ग्राहक बनना चाहता हूं। कृपया मेरा नाम स्थायी ग्राहकोंकी श्रेणीमें लिखकर कृतार्थ करें। मैंने सूचीपत्रमें स्थायीग्राहक सम्बन्धी नियम पढ़ लिये हैं, मुझे सब स्वीकार हैं। ॥) प्रवेश फी भेज रहा हूं। एजेन्सी द्वारा अबतक प्रकाशित पुस्तकोंमें से निम्न लिखित पुस्तकें नियमानुसार कमीशन काटकर भेजनेकी कृपा करें।

भवदीय—

नाम ....

पता ....

तारीख ....